समय-समय पर उनकी कार्यकुशलता के आधार पर प्रोन्नति देने की घोषणा की गई थी और पचास रुपया प्रति प्रोन्नति पश्चात् लाभ का आश्वासन दिया गया था। परन्तु हुआ कुछ भी नहीं। जहां आकस्मिक एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की सेवा के 40 दिन पूरे होने पर स्थायीकरण की व्यवस्था है। इनको साल दो साल कार्य करने के पश्चात् भी इस सुविधा से वंचित कर हजारों की छंटनी कर दी गई है। इस संदर्भ में विभागीय एवं गैर विभागीय नियुक्तियों में उम्र सीमा को शिथिल रखते हुए छंटनी से पूर्व स्थायी नियोजन, कार्यरत समेकित वेतन भोगियों को न्यूनतम वेतन एवं अन्य सुविधाएं, छंटनीग्रस्त व्यक्तियों का नियोजन तथा छंटनीकाल से नियोजन तक विशेष भत्ता एवं स्वास्थ्य, शारीरिक क्षमता और नेत्र ज्योति का ध्यान रखते हुए न्यूनतम कर्म सीमा की समाप्ति की इनकी चार सूत्री मांगें सरकार से हैं। मैं सरकार से इन कर्मचारियों की जायज मांगों को मानकर इनकी समस्या सुलझाने का अनुरोध करता हूं। (इति)

(viii) Need for austerity in Government expenditure.

SHRI KAMAL NATH (Chhindwara): There is great urgency to cut down Government expenditure at every level including ostentatious spending by the public undertakings and our missions abroad. Very few people seem to be aware of the cost of Government of India, which has been rising at geometric progression. Between 1952 and 1978, one fourth of India's net national income was spent on Government. And, of every rupee earned during that period, nearly 17 paise were spent on just paying salary to the Government employees. Even today, every fifth telephone in the country is installed in some Government building and 60 per cent of passenger cars are owned by Government.

The importance of austerity, therefore, cannot be overstated. The public undertakings are the worst offenders in this respect. It is necessary that foreign trips should be curtailed and wasteful expenditure on buildings be stopped. The worst tendency in Government and in Public sector undertakings is to recruit more people than are optimum. To employ people than necessary is not a mark of health but a kind of concealed unemployment or under-employment. Expenses incurred by Trade and Diplomatic Missions abroad also require trimming. There are a number of Tea Board Offices and Tourist Offices abroad doing nothing.

All Government expenses must be 'muscle' and not 'fat'! Trimming of Government expenses at all levels will save about 500 crores. The Government must appoint a Commission with a time-bound programme to recommend ways of cutting down expenses.

14.33 hrs.

MOTION FOR ADJOURNMENT

Deteriorating situation in Punjab arising out of extremists' activities and failure of Government to settle the issues.

श्री बी० डी० सिंह (फूलपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं "कि सभा अब स्थगित हो।"

मान्यवर, अकाली आन्दोलन को प्रारम्भ हुए लगभग एक वर्ष हो रहा है। पंजाब में आज जो समस्याएं उत्पन्न हुई हैं, उनके सम्बन्ध में हमारी पार्टी के नेता माननीय चौधरी चरण सिंह अपने विचार सदन के सामने रखेंगे। मैं अनुरोध करता हूं कि आप उनको यह अवसर प्रदान करें।

श्री चरण सिंह (बागपत) : अध्यक्ष महोदय,...

अध्यक्ष महोदय : मैं एक निवेदन कर लूं—जो-जो नेता इस विवाद में आज भाग ले रहे हैं मैं उनसे इतनी ही प्रार्थना की कि वे समय का अपने हिसाब से ध्यान रखते हुए चलें।

श्री कृष्ण चन्द हाल्दर (दुर्गापुर) : कितना समय दिया गया है ?

अध्यक्ष महोदय : जितना समय बाकी है, सारा आपका है।

श्री चरण सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं पंजाब की स्थिति पर अपने विचार पहले भी प्रकट कर चुका हूं, इसलिए मैं अधिक समय नहीं लूंगा, जितना जरूरी है उतना ही बोलूंगा।

अध्यक्ष महोदय : मैं ऐसा चाहता हूं कि कोई समय निर्धारित कर लें। इस समय 2 बज कर 34 मिनट हुए हैं, क्या सात बजे या आठ बजे तक रखें ?

श्री मनीराम बागड़ी : 9 बजे तक रखें।

अध्यक्ष महोदय : 8 बजे तक रख लेते हैं। आठ बजे मोशन पुट हो जाएगा।

श्री चरण सिंह (बागपत) : अध्यक्ष महोदय, हमारी बदकिस्मती यह है कि रूलिंग पार्टी या शासक दल जो समस्या स्वयं पैदा करता है, उस को दूसरे पर डालने की कोशिश करता है। मसलन, असम की समस्या को ही आप ले लीजिए। जब से देश स्वतंत्र हुआ है, तब से बंगलादेश के लोगों का असम में घुसने का सिलसिला बराबर चल रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार सन् 1961 तक बंगलादेश से दो मिलियन, 20 लाख आदमी असम में घुस चुके थे। मुझे अफसोस है कि माननीय प्रधान मंत्री इस समय यहां नहीं हैं जबकि इतना महत्वपूर्ण यह विषय है। उनको यहां आने का सौजन्य दिखाना चाहिए था। खैर, मुझे इसलिए यह कहने की जरूरत पड़ी क्योंकि जब मेरी उनसे इस सिलसिले में बातचीत चल रही थी, तो उन्होंने यह कहा था कि असम का मसला तो जनता पार्टी के जमाने में पैदा हुआ और जनता पार्टी ने इसे तब हल क्यों नहीं किया। यह बात जनता पार्टी के लिए नहीं बल्कि मेरे लिए उन्होंने कही थी कि जब मैं थोड़े दिनों के लिए प्राइम मिनिस्टर था, तो फिर आपने क्यों नहीं इसको हल किया। अब सन् 1947 की यह समस्या थी और मेरे सामने यह अक्तूबर 1979 में आती है और उसमें सवाल यह था कि कौन सिटीजन है और कौन फोरेनर है। उसके लिए एक छोटा-सा कानून बना था या शासकीय आदेश यह था कि जो आदमी दूसरे को फोरेनर बतलाता है, वह मेजिस्ट्रेट के सामने एप्लीकेशन फाइल करे और फोरेनर प्रूव करने का भार उस पर होगा। अब इस काम को करने के लिए बहुत से मेजिस्ट्रेट चाहिए थे और बहुत से लोग इस बारे में शिकायत करने वाले चाहिए थे और हमारे पास उस समय इतना समय नहीं था। हमको जनवरी से पहले इलैक्शन करवाने थे और वहां पर 14 पार्लियामेंट की सीटें थीं। उनमें से 2 ऐसी सीटें थीं, जिनमें यह प्रश्न नहीं उठता था। इसलिए हमने 2 में इलैक्शन करवा कर 12 को मुल्तवी करा दिया क्योंकि हमारे पास केवल 2-3 महीने ही डिस्पोजल पर थे लेकिन कहा यह जाता है कि यह मसला जनता पार्टी के जमाने में पैदा हुआ और जब हमारे पास पावर थी और इलैक्शन हुआ था तो इसको मुल्तवी क्यों करा दिया। वाकया यह है, मैं आपके जरिए माननीय होम मिनिस्टर को बतलाना चाहता हूं, इस समस्या से जिन महकमों का सम्बन्ध है मसलन एक्स्टरनल मिनिस्ट्री का जो महकमा है, उससे वे मालूम करवा लें और यह बात उनके आफिशियल रिकार्डस में होगी और वह क्या है। मैं फिर दोहराता हूं कि सन् 1947 से ले कर सन् 1961 तक, 14 साल के अन्दर बंगलादेश से 20 लाख से ज्यादा आदमी असम में आ चुके थे।

इसी तरह से माननीय प्रधान मंत्री जी बराबर अब कहती फिरती हैं कि डिवीजिव फोर्सेज बढ़ती जा रही है और विरोधी पक्ष जो है, अभी उन्होंने अपनी पार्टी की मीटिंग में 3 दिन हुए कहा था, वह बजाए इसके कि मसले के सुलझाने में मदद करे, वह स्थिति को खराब कर रहा है और बढ़ा रहा है। मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि जानबूझकर गलतफहमी पैदा करना प्रधान मंत्री जी को कहां शोभा देता है। माननीय होम मिनिस्टर साहब यहां पर बैठे हुए हैं, वे हमको बाद में बतलाएंगे कि किस तरीके से

अपोजीशन पार्टीज इसको एग्रावेट कर रही हैं और यह प्राब्लम कैसे पैदा हुई और किसने पैदा की और कब पैदा हुई। हमारी बहनजी इसमें बहुत होशियार हैं और हममें से कोई भी इस मामले में उनका मुकाबला नहीं कर सकता कि खुद की जिम्मेवारी को दूसरे पर डाला जाए। बावजूद इसके कि 35 वर्ष इस देश को आजाद हुए हो गए। 66 परसेन्ट आदमी अभी भी इललिटरेट हैं और वे कुछ नहीं जानते हैं। जो मास मीडिया से सुना और प्रधानमंत्री जो एक बात कह रही हैं, वह जरूर सही होगी, ऐसा वे सोचते हैं। तो इस तरह का प्रोपेगेन्डा चलता है।···(**व्यवधान**)··· मैं उम्मीद करता हूं कि आप मेरी बात को ध्यान से सुनेंगे और जब आपका मौका आए, तब आप बोलें। बीच में इस तरह से करने से कोई फायदा नहीं है। आप कहें, तो मैं बैठ जाता हूं।

श्री गिरधारीलाल व्यास (भीलवाड़ा) : आप देश की जनता के हित में बोल रहे हैं?

अध्यक्ष महोदय : आप शान्ति से बैठिए और आराम से सुनिए। जब आपका मौका आएगा, तब आप अपनी बात कहिए। बीच में टोका-टाकी अच्छी नहीं है।

आप बुजुर्ग आदमी हैं, आप क्या कर रहे हैं?

(**व्यवधान**)

अध्यक्ष महोदय : आर्डर, आर्डर प्लीज।

श्री चरण सिंह : मैं यह अर्ज कर रहा था कि माननीया प्रधान मंत्री जी बरावर कह रही हैं कि डिवाईसिव फोर्सिज बढ़ रही हैं और हमें इन डिवाईसिव फोर्सिज का मुकाबला करना है। यह कहने का उनका मंशा यह है कि ये डिवाईसिव फोर्सिज अपोजिशन पार्टीज ने बढ़ाई हैं।

यह उन्होंने कब से कहना शुरू किया? यह उन्होंने तब से कहना शुरू किया जबकि पंजाब के सिलसिले में उन्होंने अपोजिशन पार्टीज के सभी लोगों को बुलाया था। मैंने उस वक्त उनसे खुल कर बातें की थीं। मैंने उनसे कहा था कि इन डिवाईसिव फोर्सेज के पीछे आपकी गल्ती रही है, आपकी गवर्नमेंट की गल्ती रही है, आप और आपकी पार्टी बराबर गवर्नमेंट में रही हैं, सिवाय दो-तीन सालों को छोड़कर। ये डिवाईसिव फोर्सिज किसने बढ़ाई हैं? माननीय जवाहरलाल जी ने यह बराबर कहा कि ये कास्ट, रिलीजन, यानी धर्म और जाति और भाषा भी एक हिन्दुस्तानी को दूसरे हिन्दुस्तानी के नजदीक लाने के बजाए एक दूसरे से अलग कर रहे हैं। ये कम्युनलिज्म, कास्टिज्म, लिंगुएइज्म किसने बढ़ाए हैं?

कांस्टीच्युएंट असेम्बली में 30 मई, 1948 को, महात्मा जी के मर्डर के बाद एक रिजोल्युशन पास हुआ था। उसे श्री अनन्तशयनम आयंगर ने जो कि हमारी लोकसभा के इंडीपेंडेंस के बाद स्पीकर रहे हैं, पेश किया था। माननीय जवाहरलाल जी ने, उस समय के प्रधान मंत्री ने उसका बाकायदा समर्थन किया था। मैं आपकी इजाजत से वह रिजोल्यूशन पढ़ कर सुना देता हूं जो कि पास हुआ था—

> "Whereas it is essential for the proper functioning of democracy and the growth of national unity and solidarity that communalism should be eliminated from Indian life, this Assembly is of the opinion that no communal organization which, by its constitution or by exercise of discretionary powers vested in any of the organs, admits or excludes from its membership persons on grounds of religion, race and caste or any of them, should be permitted to engage in any activities other than those essential for the religious, cultural, social and educational needs of the community, and that all steps, legislative and administrative, necessary to prevent such activities should be taken."

इसके बारे में कानून बनना चाहिए था, शासकीय आदेश जारी होने चाहिए थे कि कोई भी

कम्युनल आरगेनाइजेशन, जिसकी मेम्बरशिप एक धर्म के मानने वालों या किसी एक बिरादरी के मेम्बरान तक महदूद हो अपने रिलीजन के लिए, सोशल रिफार्म के लिए, सांस्कृतिक कामों के लिए, अपनी कम्युनिटी की शैक्षणिक उन्नति के लिए तो काम कर सकती है लेकिन उसको पोलिटिकल क्षेत्र में काम करने के लिए रोक लगानी चाहिए, कानूनी रूप से निषिद्ध किया जाना चाहिए था। इस प्रकार के शासकीय आदेश जारी कर के किया जाना चाहिए था। यह रिजोल्युशन कांस्टीच्युएंट असेम्बली द्वारा महात्मा जी के मरने के दो महीने बाद पास किया गया था।

अब मैं आपके जरिए से माननीय होम मिनिस्टर से पूछना चाहूंगा, मैंने इंदिरा जी से भी पूछा था, उस समय उनके पास इसका कोई जवाब नहीं था, शायद इन दिनों में उन्होंने इसका कोई जवाब ढूंढ़ लिया हो, होम मिनिस्टर उनसे भी पूछ कर बता दें कि इस पर अब तक अमल क्यों नहीं हुआ ? इसमें किसी मजहब विशेष से ताल्लुक नहीं है। न इसमें सिख, ईसाई, या मुसलमान का जिक्र करने की ज़रूरत थी। इसमें एक जनरल ला बनाने की बात थी जो कि नहीं बनाया गया। इसके उलटे साऊथ में जो पार्टी देश के बंटवारे के लिए जिम्मेदार थी, उस वक्त हमारे लीडर्स ने देश का बटवारा इसलिए माना था कि इससे देश में शांति हो जाएगी, कम्युनलिज्म कम हो जाएगा लेकिन उसके बावजूद भी 1947 के पहले जो हवा थी, वह आज तक ठीक नहीं हुई है, उसके बावजूद वह पार्टी जिसके साऊथ में मोहम्मद कोया साहब लीडर थे, वह मुस्लिम कम्युनिटी की पार्टी उनकी लीडरशिप मे बराबर फंक्शन करती रही।

मेरे पास रेफरेंस नहीं है, लेकिन यहां पार्लियामेंट में कई बार सवाल उठा कि मुस्लिम लीग साउथ में कोलिशन कर रही है, उसको क्यों नहीं रोका। पंडित जी ने जवाब दिया कि यह पहले वाली मुस्लिम लीग नहीं है। फिर मैंने इंदिरा जी से पूछा जो 1959 में प्रेसीडेंट ए० आई०सी०सी० थीं कि कांग्रेस और मुस्लिम लीग की गवर्नमेंट बनती है जबकि मुझे यह मालूम हुआ है कि चंडीगढ़ में ए०आई०सी०सी० की बैठक में यह राय जाहिर की थी कि किसी तरह से कोलिशन गवर्नमेंट नहीं बननी चाहिए। लेकिन हमारे मौजूदा प्रधानमंत्री और उस वक्त के प्रेसीडेंट आल इंडिया कांग्रेस कमेटी की राय दूसरी थी और यह कोलिशन गवर्नमेंट बनी। कौन जिम्मेदार है कम्युनलिज्म बढ़ाने के लिए अगर कांग्रेस जिम्मेदार नहीं है तो ?

सन् 1967 या 68 में रबात कांफ्रेंस में मुस्लिम देशों की कांफ्रेंस में शामिल होने के लिए हमने अपना मिनिस्टर भेजा। पाकिस्तान के नुमाइन्दे ने आपत्ति उठाई कि हिन्दुस्तान मुस्लिम देश नहीं है। आपको क्या हक है यहां आने का ? वहां से निकाले गए।

श्री जी० एम० बनातवाला (पोन्नानी) : आपने जब प्राइम मिनिस्टर शिप का दावा किया था और प्रेसीडेंट आफ इंडिया को जो दस्तावेज पेश किया था उसमें आपने मुस्लिम लीग से, मुझसे दस्तखत हासिल किए थे···(**व्यवधान**)···आज आप ऐवान को फैक्ट्स के सिलसिले में गुमराह करने जा रहे हैं। (**व्यवधान**)

संसदीय कार्य, खेल तथा निर्माण और आवास मंत्री (श्री बूटा सिंह) : कांस्टीट्वेंट असेंबली का रेजोल्यूशन उस दिन आपके सामने पड़ा था जब आप प्राइम मिनिस्टर थे। आप ही लागू कर देते।

श्री चरण सिंह : कोलिशन गवर्नमेंट बनी या नहीं बनी ? कांग्रेस के साथ नहीं बननी चाहिए थी।

श्री जी० एम० बनातवाला : आप प्राइम मिनिस्टर क्यों बने ? हमसे दस्तखत क्यों लिए ? (**व्यवधान**)

मैं उस वक्त बंबई में था। खासतौर पर मुझे बुलाया गया कि मैं दस्तखत करूं ताकि ये प्राइम मिनिस्टर बनें। आज इनकी हिम्मत कैसे हो रही है नेशन को गुमराह करने की। (**व्यवधान**)

شری جی ایم بنات والا : آپ پرائم منسٹر کیوں بنے ؟ ہم سے دستخط کیوں کرائے ؟ (انٹرپشن)

میں اس وقت بمبئی میں تھا۔ خاص طور پر مجھے بلایا گیا کہ میں دستخط کروں تاکہ یہ پردھان منتری بنیں آج ان کی ہمت کیسے ہو رہی ہے نیشن کو گمراہ کرنے کی ... (انٹرپشن)

श्री चरण सिंह : नाराज न हों। नाराज हम भी होना जानते हैं।

श्री बूटा सिंह : चौधरी साहब, हम तो सिर्फ इतना कह रहे हैं कि आपने कोलिशन किया। (**व्यवधान**)

श्री चरण सिंह : आप क्यों बोल रहे हैं। आप भी उसी लाइन पर चलना चाहते हैं ? (**व्यवधान**)

श्री मनीराम बागड़ी (हिसार) : मुस्लिम लीग देश की गद्दार थी जिसने देश का बंटवारा करवाया।

श्री चरण सिंह : मेरी पार्टी में भी 7 मुस्लिम मेम्बर हैं। सवाल हिन्दू या मुसलमान का नहीं है, सवाल कम्युनलिज्म का है। पार्टीशन कम्युनल बेसिस पर हुआ या नहीं हुआ, टू नेशन थ्यूरी पर हुआ या नहीं हुआ ? (**व्यवधान**)

साम्प्रदायिक पार्टी वह है जो बिरादरी विशेष या धर्म विशेष के आधार पर बनी हो और राजनीति में काम करती हो। अगर आपने कोई वोट श्री राजनारायण के कहने से दे दिए तो शुक्रिया।

(**व्यवधान**)

शोर मचाने से काम नहीं चलेगा। आपके साथ हमारी कोई कोलिशन गवर्नमेंट नहीं बनी।

कंस्टिट्युएंट असेम्बली में जो रेजोल्यूशन पास हुआ था वह क्या गलत था ? उसको पेश किया था अयंगार साहब ने और उसको स्पोर्ट किया था पंडित जवाहर लाल नेहरू ने···

श्री राम प्यारे पनिका (राबर्ट्सगंज) : आर. एस. एस. के बारे में बोलिये।

श्री चरण सिंह : आर. एस. एस. का क्या सवाल है। मुझे जो बोलना है बोलूंगा।—अगर आप मुझे नहीं बोलने देंगे तो आप में से एक भी नहीं बोल सकेगा। यह क्या तरीका है। क्या यह जरूरी है कि आपके कहे मुताबिक मैं बोलूं ?

श्री मनीराम बागड़ी : इनमें से कोई नहीं बोल सकेगा।

अध्यक्ष महोदय : जब वक्त आए आप में से भी जो कुछ बोलना चाहे, बोल सकता है। अब उनको बोलने दीजिए।

श्री चरण सिंह : अध्यक्ष महोदय, साम्प्रदायिकता के सिलसिले में जो कदम उठाने चाहिए थे नहीं उठाए गए। मैं जानना चाहता हूं कि कंस्टिट्युएंट असेम्बली में जो रेजोल्यूशन पास हुआ था, जो रेजोल्यूशन उसने अपनी लेजिस्लेटिव कैपेसिटी में पास किया था और प्राइम मिनिस्टर ने उसके हक में स्पीच दी थी उस पर अमल क्यों नहीं हुआ ? अगर उसपर अमल किया जाता तो आज देश जिस मोड़ पर आकर खड़ा हो गया है, खड़ा नहीं हुआ होता।

जहां तक कास्ट की बात है हिन्दू सोसायटी ढाई हजार कास्ट्स में बंटी हुई है। ऊंच नीच का सवाल भी है। इसी की वजह से वह स्ट्रांग नेशन नहीं बन सकी है। स्ट्रांग कम्युनिटी भी नहीं बन सकती है। यह मुझसे छोटा है क्योंकि इसकी यह कास्ट है, यह जो भावना कास्ट सिस्टम की वजह से पैदा हुई है, उसकी वजह से देश को गुलाम भी होना पड़ा है। जीवित रहना है तो इसको हमें मिटाना होगा। यह डिविसिव फोर्स है इसमें कोई दो रायें नहीं हो सकती हैं। इसको मिटाने के लिए हमने

कुछ नहीं किया। जहां तक मेरा ताल्लुक है, मैं परसनल बात नहीं कहना चाहता हूं कि मैं किस तरह से इस पर अमल करता हूं। लेकिन एक बात मैं जरूर कहना चाहता हूं कि 22 मई 1957 को मैंने पंडित जवाहर लाल नेहरू को एक बहुत लम्बा खत लिखा था। कास्ट सिस्टम की वजह से ही हमारे देश का विभाजन भी हुआ और सैंकड़ों बरस हमें गुलामी देखनी पड़ी। कास्ट सिस्टम के लिए कोई लेजिस्लेटिव सैंक्सन नहीं है। हमारी सोसाइटी धीरे-धीरे इसकी वजह से तक्सीम होती गई। महात्मा बुद्ध के जमाने से बराबर कोशिशें होती रही हैं कि कास्ट सिस्टम को मिटाया जाए। लेकिन ये मिटी नहीं। कास्ट कब रेलेवेंट होती है। दोस्ती में, पेशे में, व्यूज में कास्ट रेलेवेंट नहीं होती है। पेशे में, मिलने जुलने में, दोस्ताने में, साथ मिलकर काम करने में कास्ट रेलेवेंट नहीं होती है। बच्चों की मैरेज के वक्त यह रेलेवेंट हो सकती है। यह रेलेवेंट तब होती है, बिरादरी रेलेवेंट तब होती है जब लड़के लड़की की शादी होती है और कहा जाता है कि हम अपनी बिरादरी में करेंगे, लड़की वालों को लड़का और लड़के वालों को लड़की पसन्द है तो वे कह सकते हैं कि हम अपनी कास्ट में करेंगे। मैंने जो लम्बा खत पंडित जो को लिखा था उसमें मैंने मश्विरा दिया था कि आप अंतरजातीय विवाह प्रदेशों में बड़ी नौकरियों के लिए अनिवार्य कर दें। जितनी हमारी सर्विसिस हैं उनमें केवल पांच प्रतिशत गजेटिड आफिसर्स हैं। आल इन्डिया सर्विसिज के उम्मीदवारों के लिए इन्टर लिंग्विस्टिक विवाह लाजिमी कर दें। (**इंटरप्शंस**) जितने हमारे समाज सुधारक हुए हैं सबने जातपात की प्रथा के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। हमारे लड़के लड़कियां स्कूल कालेजों में जब तक पढ़ते हैं वह बिरादरी की भावना से ऊपर होते हैं, वे इन टर्म्ज में नहीं सोचते हैं, उनमें इस तरह का खयाल नहीं होता है।

15.00 hrs

लेकिन जब शादी का वक्त होता है तब बिरादरी प्रासंगिक हो जाती है। तो जातपात हमारी जिन्दगी में रेलीवेंट है विवाह के संबंध में। जब तक वहां कुल्हाड़ा नहीं चलेगा जातपात की प्रथा नहीं मिटेगी। मैंने पंडित जी को एक लंबा खत लिखा लेकिन उससे पंडित जी राजी नहीं हुए। मैं यहां विस्तार में नहीं जाना चाहता, लेकिन उन्होंने यह युक्ति दी कि विवाह अपनी पसंद का सवाल है और उसको रेगूलेट करने के लिए कानून नहीं बनना चाहिए। मैं पूछता हूं कौन सा देश या कर्म है जहां विवाह को रेगूलेट करने के लिए कानून नहीं बना हुआ है? हमारे यहां हिन्दू कानून में तो पीढ़ियों तक का बन्धन है। अगर देश को मजबूत करना चाहते हैं तो जातपात को समाप्त करना पड़ेगा। लेकिन नहीं राजी हुए पंडित जी। उलटे हमारे यहां के नेताओं ने अपनी बिरादरियों की सभा में जाना शुरू कर दिया और मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि पंडित जी कश्मीरी पंडितों की कानफ्रेंन्सों में जाते थे। इस बात का मैंने अपनी किताब में तारीख आदि तक का हवाला दे रखा है।

श्री भीकूराम जैन (चांदनी चौक): अध्यक्ष जी, पंजाब का मसला है और अभी तक चौधरी साहब ने पंजाब को रेफर नहीं किया।

MR. SPEAKER : Mr. Jain, why are you getting upset about things unnecessarily ?

SHRI BHIKU RAM JAIN : There is no reference to Punjab.

MR. SPEAKER : The opposition is referring to the divisive forces in the country.

SHRI BHIKU RAM JAIN : We are discussing Punjab.

MR. SPEAKER : It is leading to that. Something will be mentioned about that. I think so. This is related to that. Do not be impatient.

श्री चरण सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके जरिये जैन साहब को बताना चाहता हूं कि माननीया प्रधान मंत्री बराबर कह रही हैं कि विघटनकारियों···

(व्यवधान)

MR. SPEAKER : It is very bad. It is very improper on the part of hon. Members to interrupt like this. But when others interrupt them, they cry out. What is this ?

श्री चरण सिंह : असम का, पंजाब का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री बराबर कहती हैं कि डिवीजिव फोर्सेज बढ़ रहे हैं और विरोधी दल विघटनकारी शक्तियों को बराबर बढ़ा रही हैं। डिवीजिव फोर्सेज को बढ़ाने के बारे में मैं पंडित जी की बात बता चुका हूं और बता रहा हूं कि इन शक्तियों को रूलिंग पार्टी ने बढ़ाया है। जिम्मेदारी आपकी है, नकल दूसरी पार्टियों ने भी की है। लेकिन रास्ता आपने दिखाया है। दूसरों ने नकल की है।

(व्यवधान)

अगर आप नहीं बोलने देते तो मैं गारन्टी करता हूं कि मेरे दोस्त आपको नहीं बोलने देंगे। मैं बैठ जाता हूं।...

(व्यवधान)

माननीय सेठी साहब बैठे हुए हैं जिनका यह महकमा है, मैं उनसे अपील करता हूं कि वह अपने मेंबरान को रोकें। अगर नहीं रोकते हैं तो मैं तो बैठ जाता है, लेकिन फिर आप भी नहीं बोल सकेंगे। क्या मतलब हुआ आप मुझे बोलने नहीं दे रहे हैं ? अपने साथियों को कहिए। क्या यह वाकया नहीं है कि इन्दिरा देवी जी ने अनेक बार यह कहा कि डिवीजिव फोर्सेज सर उठा रहे हैं ? क्या उनका सर उठने के लिए विरोधी पक्ष जिम्मेदार है ? मैं कहना चाहता हूं कि अपोजीशन जिम्मेदार नहीं है, जिम्मेदारी एक तरह से हर पार्टी की है, लेकिन रूलिंग पार्टी ने यह रास्ता दिखाया है। हमको वोट चाहिए हर कीमत पर चाहे धर्म को अपील करके, चाहे सम्प्रदाय और चाहे बिरादरी को अपील करनी पड़े, चाहे बिरादरी के अन्दर गोत्र को अपील करनी पड़े। तो जिम्मेदारी शासकदल की है और मिसाल दे रहा हूं कि पंडितजी ने भी यह गलतियां की हैं।

उसका नतीजा दूसरों पर क्या हुआ ? स्वभावतः दूसरे लोगों ने नकल की। मैं एक सज्जन का नाम नहीं लेना चाहता, अच्छे आदमी हैं, पड़ोस के एम०पी० हैं, जिन्होंने अपनी बिरादरी की एक कांफ्रेंस में शरकत की। यह भी नहीं कि आल इंडिया कास्ट कांफ्रेंस हो। उन्होंने अपने सूबे के एक जिले की, एक तहसील की अपनी बिरादरी कांफ्रेंस की अध्यक्षता की। आखिर, हम कहां जा रहे हैं, बांटेंगे लोगों को, घृणा फैलायेंगे जो कि सर्विसेज में हो रहा है ? मैं कहना नहीं चाहता कि किस सीमा तक बिरादरीवाद से काम लिया जा रहा है। तो क्या हम इस प्रकार अपने राष्ट्र को मजबूत बनायेंगे ?

(व्यवधान)

बेशक, आप शोर मचाकर मेरे लिए नामुमकिन कर सकते हैं कि मैं न बोलूं, लेकिन आखिर समस्याओं का हल कौन सोचेगा, कौन करेगा ?

अब सवाल भाषा का आता है। कांस्टीटुएंट असेम्बली में पास हुआ कि हिन्दी होनी चाहिए। ठीक है, हमारे तमिलनाडु के लोगों को उसमें कठिनाई थी, उन्होंने एतराज किया, लेकिन एतराज तो होते ही हैं।

SHRI K. MAYATHEVAR (Dindigul) : The whole of South, not only in Tamil Nadu.

श्री चरण सिंह : तमिलनाडु का एतराज था, औरों का नहीं। तमिलनाडु का एतराज तो कुछ समझ में आता है, क्योंकि उनकी भाषा में संस्कृत-निष्ठ शब्द नहीं थे, लेकिन तेलुगु, कन्नड़, मलयालम में तो 40 से 70 प्रतिशत शब्द सीधे संस्कृत के थे। उसमें इतनी कठिनाई नहीं थी। तमिलनाडु की कठिनाई को हम मानते है लेकिन सवाल यह है कि अगर एक राष्ट्र बनाना है तो एक ही भाषा होगी। आप तमिल को मान लीजिए, जैसे कि मेरे एक मित्र ने कहा, तो फिर तेलुगु को भी मानिए। तो विघटन की तरफ जब

आदमी चलता है, एक टैंडेंसी को एक तरफ मान लेता है तो धीरे-धीरे उस तरफ बढ़ता जाता है। दो ही भाषाएं नहीं, फिर 12 होंगी, उससे ज्यादा होंगी।

दुनिया में एक ही मुल्क है जो बाई-लिंगुअल है और वह कनाडा है। फ्रांसीसी और इंग्लिश भाषा दोनों राष्ट्र भाषाएं हैं।

(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : चलो दो नहीं तीन होंगी।

श्री चरण सिंह : मैं समझता था कि सभी पढ़े-लिखे लोग बैठे होंगे, शरीफ लोग।

प्रो० मधु दंडवते : नहीं साहब, आप इल्जाम लगा रहे हैं उन पर।

श्री चरण सिंह : माफ कीजिए, लेकिन यह कोई तरीका नहीं हुआ। इस तरह से आप देश की समस्या हल नहीं कर सकते। मेरी राय जाहिर करने से आप मुझे रोक नहीं सकते। अगर आप यह करेंगे तो इस सदन को चलाना ना-मुमकिन हो जाएगा।

मैं यह अर्ज कर रहा था कि केनेडा एक अपवाद है परन्तु उनकी दोनों भाषाओं की लिपी एक है। मैं फ्रेंच नहीं जानता, इंगलिश थोड़ी सी जानता हूं। लेकिन मेरा ख्याल है कि फ्रांसीसी भाषा और इंगलिश भाषा की लिपि एक है।

अध्यक्ष महोदय : छोटा कीजिए।

श्री चरण सिंह : मैं छोटा ही करूंगा, मगर इतना वक्त तो उसमें से काट दीजिए जितना मेरे मित्रों ने व्यवधान करके बरबाद किया है।

अध्यक्ष महोदय : वह मैंने काट दिया।

श्री चरण सिंह : मैं अर्ज करना चाहता हूं कि अभी एक डैलीगेशन चीन में गया और वहां सब ने अंग्रेजी बोली। चीनियों ने पूछा कि आपकी कोई राष्ट्र भाषा है या नहीं ? किसी के पास कोई जवाब नहीं था।

मुझे मालूम नहीं कि आपमें से कौन गया था। इतना बड़ा राष्ट्र है, बिना एक भाषा के बन्धन के कैसे शक्तिशाली बनेगा ? नहीं बन सकेगा।

संविधान की धाराओं के खिलाफ एक भाषा सम्बन्धी कानून 1967 में मंजूर होता है कि इंगलिश को एसोसिएटेड लैंगुएज मान लिया जाए। और लिख दिया जाता है कि जो लोग एतराज करते हैं, जब तक वह राजी नहीं होंगे। कोई समय की सीमा इसके लिए रखी गई। आसानी से मसला हल हो सकता था। नहीं हो सकता था तो संस्कृत को राष्ट्र भाषा मान लिया जाता। मैं तो इसके लिए भी तैयार हूं कि आनेवाली सारी पीढ़ियों को जैनरेशन को तमिल सिखा दीजिए अगर तमिल से मसला हल होता है तो। लेकिन डिवीजव फोर्सिज़ बढ़ते जा रहे हैं, बढ़ते जा रहे हैं।

इसमें भी गलती हमारे नेतृत्व की रही है। मैंने पहले अर्ज किया था कि 66 में जो आवाज उठी कि हरियाणा और पंजाब की तकसीम होनी चाहिए, उधर एक एडवोकेट थे रोहतक के जो कहते थे कि कांग्रेस की नीति के अनुसार दिल्ली एक प्रदेश बनना चाहिए। कांग्रेस संगठन के अन्दर एक दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अलग थी। मैं जब लखनऊ चुनकर गया 1937 में असेम्बली में गया तो दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मेरा नाम मंजूर किया था। कोई ताल्लुक मेरा लखनऊ से नहीं था। उन वकील साहब ने लिखा कि पंजाब और हरियाणा बहुत छोटी-छोटी स्टेट बन रही हैं।

हरियाणा पंजाब से भी छोटा है और कांग्रेस के लीडर्स का पहले से ही निर्णय है एक दिल्ली प्रदेश बनाने का। यह डिवीजन की बात मेरी जहनियत में नहीं आती। मैंने जो उनको उत्तर भेजा उसकी एक कापी इंदिरा जी को भी भेज दी थी। उसमें मैंने लिखा था कि पंजाब और हरियाणा की तकसीम जिस आधार पर हो रही है आने वाले

वक्त में मैं देखता हूं कि उससे समस्याएं पैदा होंगी। वह खत मेरे पास रखा है लेकिन वक्त की कमी की वजह से मैं उसको पढ़ नहीं रहा हूं। गलती हुई उस वक्त तकसीम करने में। चलिए, हो गई। लेकिन जो लोग कह रहे हैं कि आनन्दपुर साहब के प्रस्ताव में सिख नेशन का जिक्र है, ऐसा नहीं है, सन 68 में ही, इससे पहले हो चुका था। क्योंकि उसके बाद में तो जब एक रास्ता खुल गया तो खुल गया। और यह कौन सा तरीका है कि हमारे स्वर्गीय संत फतेहसिंह जी ने कहा कि हम जल मरेंगे या आत्मदाह कर लेंगे या अनशन करेंगे जब तक हमारी बात नहीं मानी जाती ? यह कोई तरीका मसलों को हल करने का नहीं है। इसके सामने अगर आप समर्थन करते हैं तो उसकी कोई सीमा नहीं है।

तकसीम हुई, और फिर मतालबा खालिस्तान का हो गया। 66 में तकसीम होती है और 68 में खालिस्तान की डिमांड होती है। मेरे पास वह रेजोल्युशन रखा है। जो पेपर्स में रिपोर्ट निकली थी, मैं अपने पुराने पेपर्स आजकल देख रहा हूं, उस में वह रिपोर्ट है,पूरा पेज है, उस में नाम भी लिखा है लीडर्स का। तो सन् 68में यह बात उठाई गई। आनन्दपुर साहब में उसके बाद आवाज उठी है। उस में सिख कौम की बात कही गई है और आगे 'कौम'' की परिभाषा की गई है। यह कहा गया है कि उस क्षेत्र में सिख कौम की पोजीशन होगी और जो माननीय तोहरा साहब हैं जो शिरोमणि अकाली दल के प्रेसीडेंट हैं उन्होंने आनन्दपुर साहब रेजोल्यूशन की ताईद में जो स्पीच दी थी जो कल के टाईम्स आफ इंडिया में निकली है जिसमें चार लेखों की एक सेरीज निकली है जो आज काललूड हुई है उस स्पीच को आप पढ़ लीजिए। उसमें कहा है कि भारत वर्ष एक फैडरल कौम होगा और हर यूनिट को दूसरे देश से सन्धि करने का, ट्रीटी करने का हक होगा। कहीं दुनिया में ऐसा फेडरेशन नहीं है। बस, यह नहीं कहा है कि 25 नेशन होगी बजाय एक नेशन के। इतनी गर्म और तर्कहीन स्पीच है, मैं माफी चाहता हूं क्योंकि यहां तोहरा साहब नहीं हैं, लेकिन मैं उनके मुंह पर भी कह सकता हूं, इतनी वाइल्ड और गैर-जिम्मेदारी की स्पीच है कि कोई लीडर दे ही नहीं सकता। यह होता गया, होता चला गया।

अब सन् 70 में एक कमीशन बैठा, शाह कमीशन पंजाब और हरियाणा के मामले को तय करने के लिए। उसकी एक रिपोर्ट आती है, वह नहीं मानी जाती। तो फिर कमीशन क्यों बैठाते हैं? सुप्रीम कोर्ट के जज थे। सारे ही जज हमारे अच्छे होते हैं, तभी जाकर वह सुप्रीम कोर्ट के जज बनते हैं। लेकिन शाह साहब एक बड़े यशस्वी और योग्यता के व्यक्ति माने जाते थे। उन्होंने जो फैसला किया उस फैसले को नहीं माना गया—क्यों—क्योंकि हमारे अकाली दल के दोस्तों का, सिखों का दबाव था। क्योंकि उनका एक शक्तिशाली संगठन था। यह अकाली दल शुरू में एक गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के रूप में आया था।

खरड़ तहसील जो हिन्दी भाषा-भाषी क्षेत्र थी, अगर भाषा के आधार पर तकसीम हुई थी तो क्यों नहीं हरियाणे को दे दिया गया ? चण्डीगढ़ को भी उन्होंने कहा था कि हरियाणे को मिलना चाहिए। फाजिल्का और अबोहर की बात छोड़ दीजिए। वह खरड़ तहसील और आसपास के जो और गांव हैं वह सब पंजाब को दे दिए गए उसी वक्त। और चण्डीगढ़ के लिए यह तय हुआ कि कुछ दिनों के बाद हरियाणे वाले अपनी राजधानी बनाएंगे, गवर्नमेंट आफ इंडिया उसके लिए रुपया देगी, उसके बाद क्या होगा कि वह पंजाब को दे दिया जाएगा। क्यों ? कमीशन फिर क्यों बैठाया ?

आप जो निर्णय लेंगे, या हम लोग यहां जो निर्णय करेंगे, मिनिस्टर, प्राइम मिनिस्टर या चीफ मिनिस्टर जो निर्णय लेंगे उसमें हमारे सामने बजाय सच्चाई या जनहित, राजनीति आ जाएगी। आम तौर पर ऐसा नहीं होना चाहिए, जितना कम हो उतना अच्छा है। लेकिन कमीशन में एक जज ने अपनी ईमानदारी, अकल और काबलियत के साथ

सब बातों की देखकर एक फैसला दे दिया। उस फैसले को आप नहीं मानते हैं तो कमीशन बैठाने का फायदा क्या है? आज चंडीगढ़ के लिए यह डिमांड है कि चंडीगढ़ सारा पंजाब को जाना चाहिए। क्यों जाना चाहिए? अगर मैं यह कहूं कि शाह कमीशन की रिपोर्ट पर अमल होना चाहिए और चंडीगढ़ हरियाणे के पास रहना चाहिए और खरड़ तहसील भी हरियाणे को दी जानी चाहिए तो मैं जानना चाहूंगा कि कौन सी गलती करता हूं या हरियाणा वाले यह डिमांड करें तो कौन सी गलती करेंगे?

शाह कमीशन उनके रिश्तेदार नहीं थे। शाह गुजरात के रहने वाले थे। वे जज थे, वह एक निष्पक्ष व्यक्ति थे। उनका किसी के साथ कोई मोह नहीं था। फिर उनकी बात क्यों नहीं मानी गई? उसको तो माना नहीं और एक समस्या खुद पैदा कर ली और अब दोष दे रहे हैं विरोधी पक्ष को। किस तरह से हमको दोष दे रहे हैं? जिस तरह से खुद मामला उठाया है उसको अब हल नहीं करना चाहते हैं। मसलन भिंडरावाले के लिए हमने लिखकर भी भेजा, पिछली बार भी जिक्र किया था और बहनजी के मुंह पर भी मैंने कह दिया था कि भिंडरावाले के खिलाफ एक वारन्ट है और वे गुरुद्वारे में चले जाते हैं। पुलिस वाले जाकर उनसे हाथ जोड़कर पूछते हैं कि हुजूर कब पेश होंगे? ऐसे चलेगी कोई गवर्नमेन्ट? वे अपनी पसन्द की जगह पर और अपनी पसन्द के समय पर एक जगह, शायद मेहता चौक में प्रवेश हो गए जहां पर दो लाख आदमी इकट्ठा होते हैं। भिंडरावाले बड़े अच्छे आदमी होंगे, मैंने कभी उनके दर्शन नहीं किए, कभी बात नहीं की लेकिन उस रोज उनका कद जो था वह दो फीट और ऊंचा हो गया। उन पर वारन्ट था, सही या गलत, वे अपने को जिस तरह से पेश करते हैं उसको गवर्नमेन्ट भी मान लेती है। मैंने इन्दिराजी से कहा क्या यह आपकी बिना रजामन्दी हो गया? कुछ दिन पहले भिन्डरा-वाले कांग्रेस वर्कर थे, पिछले एलेक्शन में उन्होंने कांग्रेस का काम किया था। वे यहां दिल्ली में भी आते हैं और बम्बई में भी घूमे लाइसेंस्ड या अनाइसेंस्ड हथियार लेकर। यहां पर दिल्लीं में अनलाइसेंस्ड आर्म लेकर आते हैं और एक से ज्यादा बसें लेकर आते हैं। एक बस तो आई ही थी, शायद दो-तीन भी हों। चीफ मिनिस्टर, श्री दरबारा सिंह श्री जैल सिंह को लिखते हैं जिसकी कापी शायद प्राइम मिनिस्टर को भी भेजी होगी कि दे अनलाइसेंस्ड आर्म लेकर दिल्ली आ रहे हैं लेकिन कोई ऐक्शन नहीं लिया गया। मैंने इन्दिरा जी से कहा कि यह नामुमकिन है कि आपको इस बात का पता न हो जिसके इतने पोलिटिकल इंप्लीकेशन्स हो सकते हैं। यह सब आपकी आंखों के नीचे हो रहा है, उनका स्वागत किया जा रहा है, देहली की सैर करके लौट जाते हैं। यह कैसी शान्ति-व्यवस्था है? इसमें हमारी जिम्मेदारी कहां आती है?

अब रही बात गुरुद्वारों की कि वहां से कोई गिरफ्तार नहीं किया जायेगा? क्यों नहीं किया जायेगा? क्या दुनिया में कोई भी ऐसी मिसाल है? गुरुद्वारों की पवित्रता तो तब नष्ट होती है जबकि एक अपराधी को वहां पर आश्रय दिया जाता है न कि जब पुलिस जोकि आपकी बनाई हुई है वह वहां पर किसी को गिरफ्तार करने के लिए जायेगी। लेकिन इसको भी इन्दिराजी मान लेती हैं कि गुरुद्वारा अपवित्र हो जायेगा? क्यों? मैं सेठीजी से जानना चाहूंगा और वे अगर अभी जवाब दे दें तो मैं बैठ जाऊंगा। लेकिन मुझे मालूम है कि इसमें उनका कुसूर नहीं है। उन्होंने तो कहा था कि अगर गुरुद्वारे में छिपे हुए लोग सात दिन में आत्मसमर्पण नहीं करेंगे तो हम पुलिस को लेकर वहां जायेंगे। अगले रोज लोंगोवाल बयान देते हैं कि लाखों सिक्ख इकट्ठे हो जायेंगे और गुरुद्वारों में कोई पुलिस घुस नहीं पायेगी। फिर भिंडरावाले सिख सैनिकों से अपील करते हैं, सिख अफसरों और जवानों से कि आपको हमारी मदद करनी चाहिए, अपनी कौम की मदद करनी चाहिए। अकालियों की ओर से प्रोटेस्ट किया जाता है और उसके बाद

सरकार अपने आदेश को स्वयं रद्द कर देती है। क्या दुनिया में कोई गवर्नमेन्ट नाम की कोई भी संस्था है जो शान्ति-व्यवस्था के मामले में एक फैसला करे और दूसरी पार्टी धमकी दे तो वह पीछे हट जाए? दुनिया में ऐसी कोई मिसाल आपको नहीं मिलेगी। आप मुझे माफ करेंगे, आप देश का शासन चलाने की योग्यता नहीं रखते। अगले रोज जब मैंने लोंगोवाल का बयान पढ़ा तो उस वक्त मैं आपको फोन करने वाला था लेकिन फिर मैंने सोचा फोन करना मुनासिब नहीं होगा। मैं खुद आपके पास आने वाला था लेकिन वह बात जाहिर होती, खुफिया नहीं रहती और दूसरे यह कि मुझे क्या हक है आपको मश्विरा देने का? क्या आल्टिमेटम का लफ्ज इस्तेमाल किया जाता है तभी वह आल्टिमेटम होता है? इन्दिराजी कहती हैं वह आल्टिमेटम नहीं था। क्यों नहीं था अल्टिमेटम? जब एक हफ्ते का समय निश्चित किया जाता है कि इसके अन्दर अमुक नहीं किया जायेगा तो हम स्वयं करेंगे। लफ्ज अल्टिमेटम तो जब दो देशों में युद्ध होता है तभी इस्तेमाल किया जाता है और यह भी हमेशा नहीं।

अल्टीमेटम का आशय है कि हमारी जमीन खाली कर दो, वरना दवाव से हम ले लेंगे। मैं यह नहीं मानता हूं कि यह आर्डर आपने कैंसिल किया है। बहैसियत मैम्बर कैबिनेट के आप खामोश रहने की कृपा कीजिएगा, लेकिन वह आर्डर मैंने बहन जी से कहा था कि उन्होंने कैंसिल किया है। एक दूसरा अल्टीमेटम अकालियों ने दे दिया कि 17 तारीख तक हमारी बात नहीं मानी जाएगी, तो हम रेल रोकेंगे और सड़कें भी रोकेंगे। आपने उनका अल्टीमेटम मान लिया और कहा कि हम उस रोज मोटर चलने नहीं देंगे और रेल भी नहीं चलने देंगे। जब आप अल्टीमेटम देते हैं तो उनके लीडर्स आपको धमकी देते हैं और आप दुम दबाकर भाग जाते हैं। मैं यह जानना चाहता हूं कि यह गवर्नमेंट है या मजाक है?

जहां तक सवाल स्वर्ण मन्दिर अथवा गोल्डन टैम्पिल की सीमा का है, वह बहुत बढ़ गई है। जैसा कि मुझे मालूम हुआ है, गुरुनानक निवास पहले उस सीमा में नहीं था। यह बात मान भी ली जाए, जोकि उचित नहीं है, कि मन्दिर में, गुरुद्वारों में और गिरजाघर में मुल-जिमों को पकड़ने के लिए भी पुलिस नहीं आएगी तो दोनों के आदमी चले जाएं, पुलिस के आदमी हों और आपके भी आदमी हों, लेकिन इसके लिए भी अकाली दल तैयार नहीं है। श्री बलवन्त सिंह सन्धु जो खालिस्तान कागज पर बना हुआ है, उसके प्रैजिडेंट हैं, वह वहां से गायब हो गये। कहने का मतलब यह है कि चाहे गुरुद्वारे की बात हो या पुलिस की बात हो, साफ जाहिर है कि आप इस चीज को जिन्दा रखना चाहते हैं। एक बयान मैंने पहले भी दिया था, जब हिन्दुओं के साथ अन्याय हो रहा था, जबरदस्ती उनको मुसलमान बनाया जा रहा था या और ज्यादती की जा रही थी, उस वक्त काश्मीर से हिन्दू आए थे गुरुतेग बहादुर के पास कि आप हमारी मदद कीजिए। हमारा जबरदस्ती धर्म परिवर्तन किया जा रहा है। उनकी शाहदत की दुनिया में बे-मिसाल है। उस जमाने में हर हिन्दू परिवार यह अपना फर्ज समझता था और अपने जवान बेटे को कहता था कि जाओ गुरु के शिष्य बन जाओ। आज वह कहते हैं कि हमारा मजहब दूसरा है। किस तरह से आज उनका मजहब दूसरा है। गुरुग्रन्थ में कहीं यह लव्ज आया है कि हम हिन्दू नहीं हैं। गुरुग्रन्थ में कबीर जैसे बहुत से सन्तों की वाणियां हैं, श्री रामचन्द्र और श्रीकृष्ण के नामों का अनेक बार जिक्र आया है। गुरुगोविन्द सिंह जी ने यह कहीं नहीं कहा है कि हम हिन्दू नहीं हैं। दुर्गा भवानी की स्तुति में उन्होंने बहुत सी रचनायें की हैं, जिनको हम लोग गाया करते थे। अपने राजनैतिक हित की वजह से मैंने कोई बात नहीं की। आज कहते हैं कि नहीं स्वार्थ नहीं है। मैंने यह गुस्ताखी की है कि हिन्दू और सिख दोनों की हड्डी और मांस एक हो। हम हिन्दू और सिख एक हैं। यह करेंगे, वह करेंगे, अब करें जो कुछ करना है। समस्या यह है कि यह समस्या कौन हल करेगा।

अध्यक्ष महोदय : वाइंड-अप कीजिए ।

श्री चरण सिंह : मैं जानता हूं कि मैंने थोड़ा ज्यादा वक्त ले लिया है । दस मिनिट जो इन्होंने खराब किए हैं, वह घटा दीजिए ।

अध्यक्ष महोदय : मैंने गिन लिए हैं, मैं गिन कर बैठा हूं । जल्दी कीजिए ।

श्री चरण सिंह : मैं अर्ज यह कर रहा था—

श्री रघुनन्दनलाल भाटिया (अमृतसर) : बनियों वाली बात कर दी ।

श्री चरण सिंह : बनियों वाली बात नहीं । जाटों को बनिए छोटे समझते हैं । ये सब सिख हो गए हैं और तुम्हारी जान को आ गए हैं ।

(व्यवधान)

मैंने अपनी किताब में 1891 की सैंसस रिपोर्ट का हवाला दिया है । सन् 1891 में पंजाब में 40 परसेंट मुसलमान थे और 1931 में 40 साल के बाद मुसलमान भाइयों की तादाद 52 परसेंट हो गई । इसलिए पाकिस्तान बनता है । सैन्सस कमिश्नर ने 1931 में सवाल उठाया था कि मुसलमान 40 से 52 प्रतिशत कैसे हो गए, हिन्दू 44 से 30 परसेंट कैसे रह गये और सिख 8 से 14 परसेंट कैसे हो गये ? खुद कहता है कि ब्राह्मण, राजपूत और खत्री जो खेती करने वाली बिरादरियां थीं, उनको अपने से छोटा या नीचा समझते थे ।

उदाहरणार्ण, जाट और सैनी को और जो अछूत माने जाते थे, उदाहरणार्थ, चमार और चूड़ों को, उन सब उनको नीच समझते थे, इसलिए वे सारे सिख और मुसलमान हो गये । इसलिये फर्क पड़ता गया और इस मुल्क का एक दिन बंटवारा हुआ, लेकिन हिन्दू फिर भी कोई सबक नहीं सीख सका । मेरी पीढ़ी के जितने लोग थे वे महाराणा प्रताप और शिवाजी पर गर्व करते थे, गुरु गोविन्द सिंह पर गर्व करते थे । लेकिन आज क्या हो रहा है, हर चीज को बिरादरी की दृष्टि से देखा जाता है । मेरे सम्बन्ध में जो टिप्पणी होती हैं उनमें भी बिरादरी का जिक्र आता है, जबकि मेरे लिए वह अर्थहीन है और उसका कोई जवाब भी मेरे पास नहीं है क्योंकि हिन्दू होने के नाते किसी न किसी बिरादरी में पैदा होना था, इसलिए मैं भी एक बिरादरी में पैदा हुआ । इसका कोई इलाज नहीं है । विन्सेन्ट स्मिथ ने लिखा है कि—

Punjab is the home of Jats.

अपने विद्यार्थी जीवन में जब मैंने यह शब्द पढ़े तो मेरी समझ में नहीं आये । बाद में मालूम हुआ कि पंजाब में जाट सबसे बड़ी बिरादरी थी और जाटों में से ही अधिकतर सिख बने थे । मेरे भाई बूटा सिंह जी, मुझे मालूम नहीं है, वह कौन से सिख हैं, जाट सिख हैं या कोई और सिख हैं । शायद स्पैरो साहब भी जाट सिख होंगे । कहने का मतलब यह है कि आज भी 50 से 60 परसेन्ट सिख जाट हैं और वे सिख क्यों हुए, मजहब में कोई फर्क नहीं है, वह अटल जी की मेहरबानी थी···

(व्यवधान)

अब भुगतो इसको ।

मैं यह अर्ज कर रहा था कि यह मसला हमारी गलती से, हमारे पुरखों की गलती से पैदा हुआ है । हमारा समाज सबसे बदतर है, दुनिया में कहीं भी सोशल सिस्टम इतना खराब नहीं है । 1941 में मेरे एक साथी थे, जो मुजफ्फरनगर के थे और मेरठ जेल में हमारे साथ कैद थे, हम दोनों एक ही बैरक में थे । उनके पास एक किताब थी—"एक्सपैन्सन आफ इंग्लैंड ।" यह सर जेम्स सीली की लिखी हुई थी । उसमें एक अध्याय में उसने कहा था—1883 में उसने कैम्ब्रिज में व्याख्यान दिया जिसमें वह कहता है—हाऊ वी कान्कर्ड इण्डिया । अर्थात हमने हिन्दुस्तान को कैसे पराजित किया । उसमें उसने यह कहा है—हम जिस वक्त हिन्दुस्तान की विजय कर रहे थे, उस

वक्त हम कैनाडा में हार रहे थे, अमरीका में हार रहे थे। उस वक्त सिर्फ 1 लाख 20 हजार थल सेना हमारे पास थी। उस वक्त जो लड़ाई हो रही थी उसमें हमने यूरोपियन महाद्वीप में उसमें हमने अपने मित्रों को सेना की मदद नहीं दी, क्योंकि हमारे पास कुल 1 लाख 20 हजार फौज थी, केवल नौ सेना की सहायता दी। वह कहता है—क्या वजह है कि हमने इतना बड़ा देश जैसे भारतवर्ष जिसका इतना बड़ा क्षेत्रफल, इतनी प्राचीन संस्कृति, के देश को, इतनी बड़ी आबादी के देश को आसानी से जीत लिया? 1773 में ईस्ट इण्डिया कम्पनी के पास कुल 54 हजार फौज थी, जिसमें 9 हजार अंग्रेज थे और 45 हजार हिन्दुस्तानी थे। 1808 में ईस्ट इण्डिया कम्पनी के पास 1 लाख 60 हजार सैनिकों की फौज थी जिसमें 25 हजार अंग्रेज थे और पांच गुना से ज्यादा हिन्दुस्तानी सैनिक थे, यानी 1 लाख 35 हजार हिन्दुस्तानी थे। 1857 में दो लाख 80 हजार की फौज थी जिसमें केवल 45 हजार अंग्रेज थे और 2 लाख 35 हजार हिन्दुस्तानी थे। 84 परसेन्ट फौजी ईस्ट इण्डिया कम्पनी की फौज में हिन्दुस्तानी थे जो उन विदेशियों की तरफ से अपने भाइयों से लड़े। उस वक्त जो लड़ाई हुई अपने भाइयों की फौज अपने भाइयों से लड़ी। हिन्दुस्तानियों ने हिन्दुस्तानियों से लड़कर इस मुल्क को गुलाम बनाया।

आपकी इजाजत हो तो एक बात बूटासिंह जी से कहता हूं। वह कहते हैं—हम बड़े बहादुर हैं।

मैं तसलीम किये लेता हूं लेकिन अगर हिस्ट्री की दो-चार बातें बतला दूं तो शायद दूसरे आदमियों की राय बदलने लगे। 1852 में ईस्ट इण्डिया कम्पनी पंजाब को जीत लेती है। महाराजा रणजीत सिंह के बाद जो हमारी संस्कृति है, वह सामने आई—और भाई-भाई आपस में लड़े। 1847 में लड़ाई शुरु हुई और 1852 में उसका फैसला हुआ। अब 1857 में अंग्रेज कम्पनी का हिन्दुस्तानी सेना विद्रोह करती है तो मैं ऐसा समझता हूं कि अगर उस वक्त सिख सेनानी उसकी मदद करते, तो देश शायद उसी वक्त आजाद हो जाता। लेकिन हमारे पुरखे सिख सिपाही इलाहाबाद में जाकर अंग्रेजों की मदद करते हैं अपने भाइयों के खिलाफ। मैं इसके लिए सिखों को दोष नहीं दे रहा हूं क्योंकि अंग्रेजों की फौज में 84 प्रतिशत चले आ रहे हिन्दुस्तानी थे और उनमें सिख भी शामिल थे। लिहाजा यह जो धारणा है कि हमारे सिख भाइयों में कोई विशेष बहादुरी है इनमें विशेष ब्रेवरी है और वह कोई देश के विशेष रक्षक रहे हैं, यह गलत है और मैं इसको मानने के लिए तैयार नहीं हूं। यह एक मुगालता है और इधर कुछ राजनैतिक नेतागण सिख भाईयों को प्रसन्न करने के लिए इस तरह के भाषण का प्रयोग करते हैं।

the bravest people etc. If they are defenders of the country, we are also defenders of the country. The other people also are as brave as Buta Singhji and Sparraw Saheb.

इन शब्दों के साथ अध्यक्ष महोदय, मैं आपके जरिये होम मिनिस्टर साहब से कहना चाहता हूं, अगर वे उनकी अपनी कठिनाइयां हैं, उनकी अपनी मजबूरियां है यह मैं समझता हूं, कि वे इस मसले को जल्दी हल करें लेकिन इसके साथ ही साथ मैं सदन के सब सदस्यों से कहना चाहता हूं कि हमको तो यह लग रहा है कि हमारी बहन जी इसको जारी रखेंगी, उस समय तक जब तक कि अगला इलेक्शन न हो जाए क्योंकि उनका मंशा राजकुमार को गद्दी पर बैठाने का है। केवल यह चीज इसमें आ जाती है (**व्यवधान**) अब ऐसा जमाना आ गया है कि यह काम होने वाला नहीं हैं और वंश-विशेष का राज, डाइनेस्टी रूल चलने वाला नहीं है।

···(**व्यवधान**)···

इन शब्दों के साथ मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं और ऐसी उम्मीद करता हूं कि इस मसले को देश के इन्ट्रैस्ट को देखकर हल किया जाएगा

और देश के इन्ट्रेस्ट को अपने इन्ट्रेस्ट से ऊपर रखा जाएगा और डाइनेस्टी रूल वाली बात नहीं होने वाली है।···(**व्यवधान**)···

श्री एम० राम गोपाल रेड्डी (निजामाबाद): चौधरी साहब का भाषण खत्म हो गया है लेकिन मैं चौधरी साहब से यह कहना चाहता हूं कि आप तो बड़े आदमी हैं, आप ऐसी छोटी बातें क्यों करते हैं।

MR. SPEAKER : Mr. Bhatia.

SHRI BUTA SINGH : Since Choudhuri Charan Singh mentioned me by name, I would like to clarify a few points on the history which he had traversed.

SHRI R.L. BHATIA (Amritsar): I would reply to that. Don't worry.

श्री चरण सिंह : मैं आपके घर आ जाऊंगा, तब बतला दीजिए।···(**व्यवधान**)···

श्री कमालुद्दीन अहमद (बारंगल) : चौधरी साहब की बातें सुनने के बाद, मैं उनको एक चीज सुनाना चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदय : बाद में सुना दीजिए।

श्री कमालुद्दीन अहमद : मैं चौधरी साहब को सुनाना चाहता हूं :

कमर तसवीह पढ़ते आ रहे हैं, सुबे मयखाना
कोई देखे तो समझे ये बड़े अल्लाह वाले हैं।

इनकी बुरी स्पीच को इक्सपंज कर दिया जाए।···(**व्यवधान**)···

SHRI G.M. BANATWALLA (Ponnani) : In the interest of the integrity of the country, his speech should be expunged.

SHRI BUTA SINGH : I would very humbly request Choudhuri Charan Singh himelf to think a hundred times over what he has said about the Sikh community ; if he thinks fit, he may reconsider it and come to you with corrections.

SHRI G.M. BANATWALLA : Better expunge it in the interest of the integrity of the country.

···(**व्यवधान**)···

अध्यक्ष महोदय : मेरे ख्याल में कोई ऐसा लफ्ज नहीं है···(**व्यवधान**)···आप आपस में मत बोलिए। मैं यह कह रहा था कि कोई ऐसा शब्द स्पीच में नहीं है जो कि किसी जाति के लिए कहा गया हो।···(**व्यवधान**)···

आपस में मत बोलिए।

Nothing of what they say is to be recorded.

मैं इतना कहना चाहता हूं कि कोई बात जाति विशेष या सम्प्रदाय विशेष के खिलाफ नहीं बोली गई है। मेरे ख्याल में उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा है। उन्होंने तो यह कहा है कि हम एक हैं, हमारा रिश्ता एक है, हमारा खून एक है। अगर और कोई बात होगी तो वह देख ली जाएगी। श्री भाटिया।

श्री रघुनन्दन लाल भाटिया (अमृतसर) : स्पीकर साहब, पेश्तर इसके कि मैं चौधरी साहब की बातों का जवाब दूं, मैं एक दरख्वास्त इस रूवान के मेम्बरों से करना चाहता हूं। वह यह है कि पंजाब का मसला एक बड़ा गंभीर मसला है। इसके हल के लिए पंजाब के लोग आपकी तरफ ध्यान लगाये बैठे हैं कि यह जो देश का सबसे बड़ा फोरम है इसमें इस बात का जिक्र होगा और इस पर बहस होगी और यहां इसके लिए सुझाव आयेंगे। इसलिए मेरी दरख्वास्त देश के लीडरों से यह है—चाहे इधर के लीडर बैठे हों, चाहे उधर बैठे हों—कि इस मसले को पोलिटिकलाइज्ड न करके, इस मसले को हल करने की तरफ ले जाएं।

मैं आपसे रिक्वेस्ट करूंगा कि आप इसका कोई हल निकालें ताकि पंजाब के लोग यह महसूस करें कि वाकई देश के लीडर पंजाब के मसले को सही मायनों में हल करना चाहते हैं।

चौधरी साहब ने बहुत सी बातें कहीं। 1948 से लेकर, भविष्य में गद्दी पर कौन बैठेगा उस तक का जिक्र किया लेकिन काम की बातें उन्होंने नहीं कही। बल्कि दो बातें उन्होंने ऐसी कहीं जिनका जवाब देना जरूरी है। एक तो उन्होंने भिण्डरावाले के रोल और कांग्रेस के कनेक्शन का जिक्र किया। दूसरे उन्होंने यह कहा कि इस सारी बात की जिम्मेदारी सरकार पर आती है। तीसरी बात उन्होंने 1857 में सिख फौजों के अंग्रेजी फौजों की मदद करने की कही। उसका भी मैं जिक्र करना चाहूंगा।

जहां तक सरकार के रोल का ताल्लुक है उसका तो जवाब मैं बाद में दूंगा आया कि इसकी सरकार पर जिम्मेदारी पड़ती है या नहीं। जहां तक भिण्डरावाले का ताल्लुक है, उसके बारे में मैं यह बात साफ कर देना चाहता हूं कि वह एक फण्डामेंटलिस्ट है और अपने मजहब पर अमल करना चाहता है, सिखिज्म का प्रचार करना चाहता है। इसलिए वह निरंकारियों के खिलाफ है क्योंकि निरंकारियों ने अपने ग्रंथ में कुछ ऐसी बातें लिखी हैं जिनसे कि सिख इख्तिलाफ करते हैं। दूसरे निरंकारी अपने गुरु को अवतार समझते हैं। सिख इसका खण्डन करते हैं। उन्होंने बहुत बार उनको समझाया और उन दोनों में आपस में झगड़े भी हुए।

निरंकारियों और इन लोगों के बीच में पहला झगड़ा 1970 में हुआ जबकि पंजाब में अकालियों का शासन था। दूसरी बार 1978 में झगड़ा हुआ। उस वक्त भी पंजाब में अकालियों की हुकूमत थी। जब अकालियों की सरकार पंजाब में थी तो उस वक्त भिण्डरावालां की उन्होंने कोई मदद नहीं की जिस पर भिण्डरावालां की अकालियों से नाराजगी थी कि उनकी सरकार के होते हुए भी निरंकारियों से उनका झगड़ा होता है और सरकार उनकी कोई मदद नहीं करती है। इसलिए भिण्डरावालां ने अकालियों से नाराज होकर 1980 के इलेक्शन में अकालियों के खिलाफ अपने केन्डीडेट खड़े किए ताकि वह इस बात का उनसे बदला ले सके कि वे उसकी मदद नहीं करते हैं। बस यही बात है जिससे कि आपको यह ख्याल पैदा हो जाता है कि चूंकि भिण्डरावालां ने 1980 में अकालियों की मुखाल्फत की थी और उसका फायदा कांग्रेसियों को पहुंचा था तो इसलिए वह कांग्रेस के साथ कनेक्शन रखता है। (व्यवधान) कांग्रेस को उससे इनडायरेक्टली फायदा पहुंचा था, डायरेक्टली कांग्रेस का उसके साथ कोई कनेक्शन नहीं है। न यह पहले था न आज है। मैं यह बात साफ कह देना चाहता हूं कि चूंकि वह उस वक्त अकालियों के खिलाफ था इसलिए यह बात की जाती है। आज वह अकालियों के साथ है।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि पंजाब के मसले को बहुत से लोग सही नहीं समझते हैं। बहस करते हैं। अखबारों में बढ़-चढ़ कर बातें निकलती हैं। मैं उनको जरा साफ करना चाहता हूं।

पंजाब का मसला यह है कि अकालियों ने यह मांग रखी कि हमको पंजाबी सूबा मिलना चाहिए। 1966 में उनको लिंग्विस्टिक प्राविंस मिल गया। 1967 में पहली बार यह पार्टी पावर में आई। फिर 1969 में और 1977 में पावर में आई, लेकिन तीनों बार जब वह पावर में आई तो उसने ऐसी पालिसी अख्तियार की कि लोग उनसे हटना शुरू हो गए। मैं बताना चाहता हूं कि अकाली पार्टी कम्युनल है और बड़े जमींदारों को रिप्रजेंट करती है। न तो शहरी लोगों और न हरिजनों से जुड़ी है। सिर्फ जाटों से जुड़ी है।

श्री मनीराम बागड़ी : जाटों को क्यों बदनाम कर रहे हैं।

श्री रघुनन्दन लाल भाटिया : मेरा मतलब

बड़े जमींदारों से है। मैं बड़े जमींदार कह देता हूं। कम्युनल होने की वजह से लोग हटते गए। वाजपेयी जी ने 1967 में, 1969 और 1977 में उनको गवर्नमेंट बनाने में मदद की थी। इनकी वजह से ही वे लोग पावर में आए थे। कभी इन्होंने उनको छोड़ दिया और कभी उनकी मदद की। उसके बाद सूरतेहाल यह हुई कि उन्होंने यह समझ लिया कि एक एरिया हमको मिल गया है जहां सदा हम पावर में आएंगे। जब वे पावर में नहीं आए तो फ्रस्टेशन हुआ। 1980 में 117 विधानसभा सीटों में केवल 37 सीटें और पार्लियामेंट की 13 सीटों में से केवल एक सीट उनको मिली। इससे फ्रस्टेशन हुआ कि हमने एक एरिया कार्वआउट किया और वहां भी पावर में नहीं आ सके। दूसरी बात यह हुई कि 1971 की सेंसस में सिक्ख 58 परसेंट थे जो 1981 में 52 परसेंट रह गए। इसका कारण यह है कि पंजाबी मोबाइल हैं। ये लोग बाहर काम के लिए जाते रहे और पंजाबियों की तादाद कम होती गई। जहां तक हिन्दुओं का ताल्लुक है तो पंजाबी लेबर कम होने की वजह से यू. पी. और बिहार से लेबर आती गई। इस तरह से हिन्दुओं की संख्या बढ़ी और सिक्खों की कम हो गई। क्योंकि सिक्ख बाहर जाते रहे। अब इसके साथ एक और प्राब्लम आ गई कि पंजाब में सी. पी. आई., सी. पी. एम और बी. जे. पी. ने उनका साथ दिया। इस वजह से भी लोग उनसे अलग हट गए। तो जहां फ्रस्टेशन और आइसोलेशन आ गया तो एक्स्ट्रीमिज्म पैदा हो गई। अब सवाल यह पैदा होता है कि एक्सट्रीमिज्म का तरीका अख्तियार करके ताकत और बल के जरिए ये पावर में आना चाहते हैं। वे 1967 में, 1969 में और 1977 में पावर में रहे, उस वक्त कभी भी इन्होंने रावी-व्यास का जिक्र नहीं किया।

15.43 hrs.

[DR. RAJENDRA KUMARI BAJPAI *in the Chair*]

कभी चण्डीगढ़ का जिक्र नहीं किया। कभी पंजाबी स्पीकिंग एरियाज का जिक्र नहीं किया और न कोई और डिमांड रखी। लेकिन जब-जब वे पावर में नहीं रहे तब तक ये सवालात उठाए गए।

अब सवाल यह है कि ये जो मांगें हैं ये दो तरह की हैं। एक तो रेलिजियस और दूसरी पोलीटिकल। जहां तक रेलिजियस मांगों का ताल्लुक है वे केवल अकाली पार्टी की डिमांड्स हैं और बाकी हम सब पंजाबियों की सम्मिलित हैं। हम समझते हैं कि उनका हल निकलना चाहिए। चार जो रिलिजस डिमांड्ज थीं उनको लेकर सवाल यह पैदा हुआ कि ये सारी इकट्ठी मानी जाएं या अलग-अलग। तब फैसला हुआ कि पैकेज डील हो ताकि बार बार डिमांड्ज को बढ़ाते न जाएं, पलटते न जाएं। इस वास्ते पैकेज डील होना चाहिये। पंजाब के एमपीज ने मिलकर प्राइम मिनिस्टर साहिबा से कहा कि आपको इनकी रिलिजस डिमांड्ज फौरन मान लेनी चाहिये। वे मान ली गई। अब इसका क्या रिएक्शन होता है? जब हमने उनकी रिलिजस डिमांड्ज मान लीं तो उनको खुश होना चाहिये था, अगर अकाली डिमाड्ज पर सिरीयस होते तो उनको खुश होना चाहिये था लेकिन लोंगवाल साहब ने गोल्डन टेम्पल में स्पीच दी जिसमें उन्होंने यह कहा :

It is a big fraud.

यह उनका रिएक्शन था। मतलब साफ है। इन डिमांड्ज के साथ उनका कोई सम्बन्ध नहीं था। वह तो पावर चाहते हैं। डिमांड्ज मान भी लेंगे तो भी पावर वे मांगते रहेंगे।

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : Why don't you implement the demands ?

श्री रघुनन्दन लाल भाटिया : हम तैयार हैं। रेडियो वाले ही हमने भेजे। बात एक घंटे की तय हुई। अब वे कहते हैं कि तीन घंटे चाहिये। कल को मुस्लिम लीग के भाई बैठे हैं, ये भी कह सकते हैं कि हम भी नमाज पढ़ते हैं, हमको भी तीन चार घंटे दीजिये, हरिजन भाई भी हैं और अगर इस तरह से बढ़ाते चले गए तो रेडियो तो सारा

दिन यही काम करता रहेगा। दूसरी बात पैमेंट की भी है। लेकिन वे पैमेंट नहीं दे रहे हैं।

hon. Members of the Opposition are fully aware of this fact that the decision was given in 1970 regarding territorial matters that Chandigarh would go to Punjab and Abohar and Fasilka to Haryana. The decision regarding River Beas Water was given in 1976. Has this been implemented ? The last agreement was signed on 31st December, 1981 by Sardar Darbara Singh as Chief Minister of Punjab, by Mr. Bhajan Lal, as Chief Minister of Haryana and by Shri Mathur, C.M. Rajasthan. This was further attested by the then Irrigation Minister. This was further confirmed in the presence of our Prime Minister. Now by their own conduct they are estopped under Sec. 115 of the Evidence Act, from taking the plea that this should be reopened.

Where is the guarantee that after another decision is taken, the Akalis will be ready and willing to abide by it and that they would implement that decision ? Where is the guarantee that they would honour this decision if it is taken unilaterally ? Does it not show the magnanimity, the broadmindness and largeheartedness of the Government of India and, particularly, of the Prime Minister and the Home Minister that in spite of the rigid stand taken by the Akalis, they are requesting them time and again to come for a discussion ? All this has been an exercise in futility. Is the Government to blame for it ? Is the Congress Party to blame ? No !

Madam, you must have also read in the papers that on the 17th of last month, there was a *rail rokho* agitation in Punjab. The Government of India took a wise decision not to run the trains because the Akalis wanted to create mischief. This decision of the Government of India was adversely commented upon by certain leaders. It was said that this decision of the Government not to run the trains showed its weakness. The decision taken by the Government not to run the trains that day was a very important decision. This also showed that Government was open to conviction. Government is ready and is willing to talk. But, because of the support given by Shri Vajpayee Ji, because of the support given by the Janata Party and other Opposition leaders, the Akalis have been inspired to take this rigid stand not to have talks with the Government. This is a political exploitation of the situation. Regarding the conduct and the attitude of the Opposition Parties, I would say, Madam, that so long as Smt. Indira Gandhi is there to guide the destiny of this nation as the head of its Government, not an inch of land from India will be allowed to get away. This is the secessionist approach of the Akalis hached by Opposition Parties which is encouraging them to believe in this sort of separation. This is nothing but a hue and cry for Khalistan in miniature. All Akalis are not extremists. There are 12 M.Ps. belonging to the Congress Party. May I ask a question as to why these Congress M.Ps. are not taken into confidence by them ? Don't they represent India ? Why the Sikh Congress men and why the Hindus from Punjab are not being taken into confidence in the matter of discussion regarding the Ravi-Beas and Chandigarh issues ?

17.00 hrs.

Why Akalis alone ? Why this undue importance is being given to Akalis ? I would say that these dreams of the Opposition will not materialise even if heavens fall.

अपोजीशन तो दूर, ज़मीन की ताकत तो क्या समुद्र के तूफान और आसमान को बिजलियां भी इंदिरा जी के रास्ते में हायल नहीं हो सकती। देश के टुकड़े-टुकड़े नहीं होने दिए जायेंगे।

इन्हीं चन्द अल्फाज के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

17.01 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

···(व्यवधान)···

श्री जॉर्ज फर्नांडीज (मुजफ्फरपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं स्थगन प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। इस पर चाहे जो भी फैसला हो, मगर एक बात बहुत ही साफ हो चुकी है, दो सदस्यों के भाषणों को सुनने के बाद और इस

सदन के बाहर इस सदन के ही एक सदस्य ने, जो अन्य सदस्यों से कुछ विशेष जानकारी रखते हैं। उनके अपने बाहर के बयान से कि पंजाब की समस्या का हल इस सरकार से होना नहीं है। सरकार का जो मानस है, यहां पर दो माननीय सदस्यों के जरिए व्यक्त हुआ है, उससे पहले ही हमें अन्देशा मिल चुका था। 16 जुलाई के ट्रिब्यून में यह रोहतक की खबर मैं आपके सामने रखना चाहता हूं :

> "Mr. Rajiv Gandhi, one of the AICC General Secretaries today came down heavily on the Akali Dal, the National Conference and other Opposition parties. He said the Akalis had been caught in thier own game and the time was not far when their own men would beat them. Speaking at the fourth NSUI training camp here Mr. Gandhi said the Akali demands could not be accepted. Their demands would never end and they would keep on raising new ones for their political survival."

एक और खबर हिन्दुस्तान टाइम्स में पी०टी० आई० की खबर है, इसी भाषण के तीन रोज पहले 13 जुलाई को अमृतसर में यही महानुभाव कहते हैं :

> "Mr. Gandhi said the Akali agitation had been launched with a view to 'grabbing political power' and not for fulfilment of 'certain demands'.

सरकार की जो भावना है, वह इस बारे में बहुत ही साफ और स्पष्ट है। इस बात से परेशान होने की स्थिति कम से कम मेरे लिए नहीं है, क्योंकि हम इस बात को पहले ही जानते थे कि कम से कम अगले चुनाव समाप्त होने तक इस मसले का फैसला इस सरकार से अपेक्षा करने की बात गलत है। क्योंकि सरकार को यह मसला जिन्दा रखना है।

इसका कारण बहुत ही साफ है। एक तो यह सत्र शुरू होने वाला था, उसके एक दिन पहले प्रधान मंत्री का जो भाषण हुआ और जिसमें उन्होंने कहा—विरोधी कैसे देश को विघटित करने के काम में लगे है, विरोधियों को मारना है। इनके पास और कोई चीज बची नहीं है, सरकार चला नहीं पा रहे हैं, समस्याओं का हल नहीं कर पा रहे हैं, काम करने वाली सरकार क्या काम कर रही है—यह सब दुनिया को दिखाई दे रहा है। अब एक ही चीज़ बच गई है—हम तो निकम्मे हैं, लेकिन ये लोग जो देश को विघटित करने का काम कर रहे हैं, इनके साथ हमारा निकम्मापन ठीक चलेगा। अब यह तर्क आगे के साल-डेढ़ साल तक चलेगा। क्यों चलेगा—इसके पीछे दो मुख्य कारण हैं—एक तो जैसा मैंने कहा—कोई भी आर्थिक, कोई भी राजनीतिक, कोई भी सामाजिक समस्या को हल करने का काम आपके हाथ से अब होना नहीं है। दूसरा कारण—पिछले साल के मई महीने की 15 तारीख से हिन्दुस्तान के दस राज्यों में चुनाव हुए—जम्मू-काश्मीर, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तरांचल के इलाके, पूर्वांचल के इलाके, पश्चिमी बंगाल, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड, उसके बाद दक्षिण में केरल, आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक—इस तरह से 10 राज्यों में इनका सफाया हो गया। इन लोगों का जो मज़बूत गढ़ माना जाता था—कर्णाटक और आंध्र—इनके हाथों से निकल गए, इनकी नेता का अपना क्षेत्र भी नहीं बचा···

···(व्यवधान)···

कुछ सुन लीजिए और अपने नेता को जाकर बतलाइये। सिर्फ ताली बजायेंगे तो फिर कल यहां आने का मौका नहीं मिलेगा। अपने नेता को समझा दीजिए। अच्छे नेताओं का काम होता है दूसरों की बात सुनना और अपने नेता को समझाना।

इसलिए जब 10 राज्यों में सफाया हो गया और वहां से भी सफाया हो गया जहां से ये बहुत उम्मीद रखते थे, तो अब बचा क्या—सिर्फ हिन्दी इलाके···

श्री गिरधारी लाल व्यास (भीलवाड़ा) : आप ने अपने लिए कौन सी जगह इस बार तय की है ?

श्री जार्ज फर्नान्डीस : आप तो यूथ कांग्रेस के बड़े नेता हैं। आपकी हम बहुत इज्जत करते हैं।

ऐसी स्थिति में इन्होंने तय किया कि उत्तर हिन्दुस्तान में ऐसी स्थिति का निर्माण करो जिसमें सिखों को बदनाम किया जाय। इन्होंने कहना शुरू कर दिया—कि इन लोगों के जरिये देश में तबाह होने की स्थिति निर्माण हो रही है। असम में भी यही प्रयास किया गया था, लेकिन वहां का प्रयास फंस गया। वहां इन्होंने प्रयास किया कि असम के विद्यार्थियों का जो संगठन था उसको तोड़ो और अल्पसंख्यक मुसलमानों के भरोसे चुनाव लड़ो, वहां पर सरकार बनाने का काम करो। नतीजा क्या हुआ हजारों लोगों की हत्यायें हुयीं, हजारों लोग मारे गये, मामला और ज्यादा बिगड़ गया, क्योंकि जो मारे गए, उन्होंने कहा—हमें बली का बकरा बनाकर तुम ने गद्दी पाली, लेकिन हम तो मारे गए। जब बात वहां फंस गई तो यहां इस चीज़ को जिन्दा रखकर खड़े हैं। बात बिलकुल सीधी है, हम लोगों की बनाई हुई नहीं है, आपके सामने है। इसको राजनीतिक बनाये बगैर अब इन लोगों के पास कोई चारा नहीं बचा है और इसके लिए इन्होंने झूठ को चलाया है। कितना झूठ चलाया है—बोलते है कि सिखों की तरफ से यह बात आ रही है कि वे अलग राष्ट्र बनाना चाहते हैं—खालिस्तान। हम यह नाम इन लोगों के प्रचार माध्यमों से सुन-सुन कर हैरान हो गये हैं। खालिस्तान की चर्चा करने वाले लोग हैं, मैं यह नहीं कह रहा हूं कि नहीं हैं, हिन्दुस्तान के भीतर भी हैं और हिन्दुस्तान के बाहर भी हैं, लेकिन वे अकाली नहीं हैं। शिरोमणी अकाली दल नहीं है जो खालिस्तान की चर्चा करता है।

खालिस्तान की चर्चा श्री भिंडरावाला जरूर करते हैं। गृह मंत्री जी उनको अच्छे ढंग से पहचानते हैं और अगर न पहचानते हों, तो कम से कम आपसे पहले जो गृह मंत्री यहां आ कर बैठ गए, उनसे जानकारी हासिल कीजिए कि वे उनको कितने अच्छे ढंग से जानते हैं। क्या यह बात सही नहीं है कि श्री भिंडरावाला ने जब दल खालसा बनाया, तो उसका पहला पत्रकार परिषद आपके दल के चंडीगढ़ कार्यालय में हुआ था। यह सीधा सा सवाल है और इसका सीधा सा जवाब दीजिए। अगर आपको पता नहीं है तो भूतपूर्व गृह मंत्री जी से पूछकर जवाब दीजिए और 1980 के बारे में तो भाटिया साहब ने कबूल ही किया है और इसके लिए हम उनको धन्यवाद देते हैं। उन्होंने कबूल किया है कि जब मैं अकालियों के खिलाफ लड़ा, तो हम लोगों को उनसे मदद मिली।···(**व्यवधान**)···

श्री गिरधारी लाल व्यास (भीलवाड़ा) : उन्होंने यह नहीं कहा था।···(**व्यवधान**)···

श्री जार्ज फर्नान्डीस : आप रिकार्ड उठाकर कल देख लीजिए। वे यह बोले हैं। वे बोले तो हैं लेकिन जो उन्होंने बोला वह बहुत कम बोला।

SHRI GIRDHARI LAL VYAS : He is making a wrong interpretation.

MR. DEPUTY-SPEAKER : You can speak when you get your chance.

श्री जार्ज फर्नान्डीस : उपाध्यक्ष जी, असल में जो गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के चुनाव हुए थे, तो मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या यह बात सही नहीं है कि उनमें इन्होंने भिंडरावाला जी की मदद ली थी और क्या उनकी मदद से वहां पर इन्होंने अकालियों को हराने की कोशिश नहीं की। मैं यह कहना चाहता हूं कि खालिस्तान की मांग उनकी तरफ से होगी लेकिन अकालियों की यह मांग नहीं है। अगर कोई शब्द लोंगोवाल कह जाएं और 'कौम' शब्द का इस्तेमाल वे कर जाएं, तो इसका मतलब नेशन से ले लिया जाये, यह मैं समझता हूं ठीक नहीं है। पिछले सत्र के आखिरी दिन जब इस विषय पर चर्चा हुई थी, तो उस समय मैं मौजूद नहीं था लेकिन जो चर्चा हुई थी, उसको मैं देख रहा था और मंत्री जी ने क्या कहा, उसको भी मैंने

देखा है। उस चर्चा में श्रीमती गुरबिन्दरकौर ब्रार ने जो भाषण दिया, उसको मैंने पढ़ा है। उसमें उन्होंने कहा था कि मैं भी सिख कौम के लिए उतनी ही प्राउड हूं। जितनी कुर्बानियां सिख कौम ने दी हैं, मेरे ख्याल में किसी ने नहीं दी हैं और आगे भी वे देती रहेगी। उन्होंने जो उस वक्त बोला था, वह ठीक बोला था और मैं उसकी तारीफ करता हूं लेकिन अगर कोई उसके लिए यह कहे कि श्रीमती गुरविन्दर कौर ने अलग राष्ट्र की चर्चा इस सदन में की है, तो कितना जुल्म उन पर होगा। 'कौम' शब्द का इस्तेमाल राष्ट्र के लिए नहीं किया गया।

MR. DEPUTY-SPEAKER : She is going to be the next speaker.

SHRI GEORGE FERNANDES : Please don't disturb me.

MR. DEPUTY-SPEAKER : I am not disturbing.

श्री जार्ज फर्नान्डीस : 'कौम' शब्द का इस्तेमाल अनेक जगहों पर इस देश में लोग हमेशा किया करते हैं। इसका इस्तेमाल वे राष्ट्र के लिए नहीं बल्कि जाति, बिरादरी आदि के लिए वे करते हैं। अब अकालियों को मारना है और क्योंकि देश के लोगों को गुमराह करना है, तो इसको एक प्रचार का माध्यम आपने बना लिया है और आप के हाथ में रेडियो, टेलीविजन और अखबार हैं। जैसा चाहा और जिस ढंग से चाहा, आप उनको अपनी बात कहने के लिए और बोलने के लिए मजबूर करते हैं ताकि देश में अकालियों के खिलाफ और सिखों के खिलाफ एक माहौल इस तरह का पैदा हो। तो एक यह झूठ है, जिसके बारे में मैंने आपको बताया है।

श्री गिरधारी लाल व्यास (भीलवाड़ा) : झूठ शब्द कहना अनपार्लियामेंटरी है।

श्री जार्ज फर्नान्डीस : यह आप क्या कह रहे हैं। दूसरा झूठ सिखों की राष्ट्रीयता के बारे में हैं···(**व्यवधान**)···यूथ कांग्रेस के होते हुए आप यह सब क्यों कहते हैं। आप तो इसके बारे में जानते हो।

अभी चौधरी चरण सिंह यहां पर भाषण दे रहे थे और उन्होंने जब यह कहा···

श्री अजीत सिंह दाभी (कैरा) : लोंगोवाल साहब जब पाकिस्तान में जाते हैं तो उनसे यह कहा जाता है।···(**व्यवधान**)···

SHRI GEORGE FERNANDES : I am not yielding.

MR. DEPUTY-SPEAKER : He is not yielding. Only when he yields you can say something.

(*Interruptions*)

श्री जार्ज फर्नान्डीस : यह तुम्हारा सबजेक्ट नहीं है।

SHRI AJITSINGH DABHI : What he has been saying is incorrect.

MR. DEPUTY-SPEAKER : He is not yielding, Mr. Dabhi and whatever you ask he will not reply. You can ask your other speakers to reply to that.

श्री जार्ज फर्नान्डीस : जब चौधरी चरण सिंह साहब बोल रहे थे, तो हमारे कुछ मित्र उनके किसी वाकये को लेकर एतराज करने लगे और बाद में मेरे बहुत लायक दोस्त जब भाटिया साहब बोलने के लिए खड़े हुए तो उन्होंने सिखों के पेटरियोटिज्म के बारे में राष्ट्रभक्ति और देशभक्ति जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया।

और वे शब्द इस्तेमाल करते हुए उन्होंने चौधरी साहब के किन्हीं वाक्यों पर आक्षेप करने का प्रयत्न किया। अब चौधरी साहब परेशान हो गये। हमने उनसे कहा कि इसमें कोई गलत बात नहीं है। उस पर हल्ला भी हुआ।

भाटिया साहब ने चौधरी साहब का जिक्र किया है। उनकी अपनी ही एक बात थी जो कि उन्होंने इसी सदन में जब पंजाब के मसले पर आखिरी बार बहस 9 मई, 1983 को हुई थी उस समय कही थी। मैं भाटिया साहब के दो-तीन वाक्य पढ़कर सुनाता हूं—

"हकीकत यह है कि 1980 में चुनाव हुए, उनमें 13 एम०पीज० जो जीत कर आए उनमें 12 कांग्रेस आई के थे और केवल एक अकाली दल का था।"

फिर उन्होंने इस बात को यहां पर दोहराया। "जो 12 कांग्रेस आई के जीत कर आए थे उनमें 10 सिख भाई थे जो कि देश भक्त थे, जिनको···"

आप इस बात को सुनिए, यह बहुत गंभीर मामला है। चूंकि सिखों की देशभक्ति पर बहस की जा रही है इसलिए भाटिया साहब की बात को सुन लीजिए। भाटिया साहब कहते हैं—

"12 कांग्रेस आई के जीत कर आये, उनमें 10 सिख भाई थे, जो देशभक्त थे।" उनको उन्होंने देश-भक्त माना—"जिनको देशभक्त लोगों ने चुनकर भेजा।" दूसरी तरफ असेम्बली में 117 सीटों में से अकालियों को सिर्फ 37 सीटें मिलीं, मैजोरिटी कांग्रेस आई को मिली। मेजोरिटी में हमारे देशभक्त जीत कर आये।" पंजाब में इस पर हल्ला हो रहा है। कांग्रेसी देशभक्त, कांग्रेस को वोट देने वाले देशभक्त, कांग्रेस के नाम पर जीत कर आने वाले देशभक्त। कांग्रेस के विरोध में वोट देने वाले, कांग्रेस के विरोध में जीत कर आने वाले लोगों की देशभक्ति पर आक्षेप किया जा रहा है। आज इस सदन में इसका खुलासा होना चाहिए। चौधरी साहब जब बात कर रहे थे और उस वक्त इस झूठ को चलाने की बात की जा रही थी।

MR. DEPUTY-SPEAKER : Mr. Fernandes...

SHRI GEORGE FERNANDES : I have just started, Sir. I am speaking in this House after six months.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Why can't you listen to me ? There are many speakers. Please listen to me, Mr. George. (*Interruptions*) Your Party has been allotted certain time. There are many more speakers from different parties. Your Party has been allotted 14 minutes ; you have already taken 18 minutes. You must decide yourself. How much time do you require now ?

SHRI GEORGE FERNANDES : I won't take all the time. Don't interrupt me. The other speaker spoke for half an hour.

MR. DEPUTY-SPEAKER : You started at 5 p.m. It is now 5.20. Now be brief and conclude. Every other leader must speak.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : He will take 15 more minutes.

MR. DEPUTY-SPEAKER : You sit down. He is the Member concerned. I have got so many leaders to cell. They cannot wait for a long time. We have fixed the time. You cannot take all the time of the House. Therefore, be brief and conclude.

श्री जार्ज फर्नान्डीस : अब तीसरा झूठ है जिसके बारे में मैं कहना चाहता हूं। हम तो उम्मीद कर रहे थे कि स्टीफन साहब बोलने वाले हैं। वे शायद बाद में बोलेंगे। अभी वे कुछ दिखा रहे थे और दिखाते हुए मदारी के खेल की तरह बार-बार कह रहे थे कि "इसको देखो, इसको देखो !

अब मेरे पास प्रकाश सिंह बादल, जिनका नाम अनेक बार यहां लिया गया है, उनका जवाब है। यह पत्र उन्होंने तमाम संसद सदस्यों को भेजा था। 3 अगस्त 1982 का पत्र है जिसको अब एक साल होने जा रहा है। पता नहीं कितने लोगों ने उनके पत्र को पढ़ा है।

Leader of the Opposition of the Punjab. This letter is dated 3rd August, 1982. It says as follows :

"I feel that the time has come when the position and demands of the Akali Dal should be clarified once again. It is unfortunate that despite the fact that the Shiromani Akali Dal has been explicit and clear about these demands yet there has been confusion created by interested quarters that Akali Dal demands are communal in content and will disturb the communal harmony of State, strengthen the hands of extremists and encourage separatist tendencies. It is in this context that I feel it necessary to write to you in the midst of Akali Dal's struggle for the attainment of its objectives.

Salient and more important demands of the Akali Dal are as under :—

Political demands

1. To restore Punjabi speaking areas, including Chandigarh to Punjab.

2. To get due share of the river waters on the principle of law, equity and justice.

3. More autonomy and powers for the States throughout the country in accordance with the real Federal set-up.

4. Introducing Punjabi as a second language in Delhi, Haryana, Himachal Pradesh, Ganga Nagar area in Rajasthan, etc. in view of large Punjabi speaking population of these areas.

5. Stoppage of ejectment of Punjabi settlers in Terai area of U.P. and from Haryana.

6. Release of innocent persons arrested so far and stoppage of police repression in Punjab.

Religious demands

1. Enactment of All India Gurdwaras Act.

2. Setting up of Broadcasting facilities for Gurbani Kirtan from Golden Temple.

3. Grant of holy city status to the city of Amritsar and banning the sale of liquor, tobacco and meat within the walled city of Amritsar.

4. Non-interference in the religious affairs of the Sikhs by the Govt. and its henchmen.

"The above demands no where spell out any communalism or parochialism. These demands are for the general interest of the Punjabis as such and are in the national interest for the welfare of the entire country.

The religious demands are such that relate to the Sikhs only and in on way encroach on the rights of others or hurt their feelings."

मैंने उनको जवाब दिया। वे जेल में बंद थे। उन्होंने जेल से अपने हाथ से चिट्ठी लिखकर भेजी। 18 अगस्त की चिट्ठी है जिसका एक वाक्य मैं पढ़कर सुनाना चाहता हूं—

This letter is dated 18th August, 1982. It reads as follows :

"I may add that the Press is not giving true picture about the demands of Akali Dal. I assure you once again that none of our demands is against any religion or against our beloved country, for which we are always ready to make any sacrifice."

23 अगस्त को सन्त लोंगोवाल ने मुझे पत्र लिखा है। जो पत्र मैंने श्री बादल को लिखा था वह उन्होंने लोंगोवाल को भेजा। उनका जवाब पढ़ूंगा—

"I would like to emphasise that the Akali agitation is in no manner connected with extremism or any separatism. We stand for the unity and integration of the country. Our tradition and record has always been to give lead for patriotic sentiments. Our faith in democracy is deeprooted.

"Our demands are divided into four parts : (A) Religious (B) Territorial (C) Political and (D) Economic. Part A is connected with Sikh people only where we seek religious freedom and non-interference by the Government in religious affairs of the Sikhs. The second demand is connected with the Punjab as a whole. On the economic sides our major issue apart from other things is to provide justice on the distribution of river waters to the State of Punjab. We want this to be referred to the Supreme Court for final decision."

This is for your information, Mr. Stephen, because you talked about it just now. Then it reads further as follows :

(D) Finally we want a real federal system of Constitution with more autonomy to the States.

इन लोगों को ऐसा बदनाम किया है। "चेंज देयर पोजीशन" कौन पोजीशन चेंज करता है। पोजीशन आप चेंज करते हैं, आपकी पार्टी और आपकी सरकार चेंज करती है। 14 जुलाई का गृह मंत्री जी का भाषण है—

Then there is another letter from the Press Information Bureau, Government of India, dated 14th July, 1983. It reads as follows :

"The Union Home Minister, Shri P.C. Sethi has reiterated that the Government has been keeping the doors open for negotiations with the Akalis regarding their demands."

It further reads as follows :

"The Government are making earnest efforts to amicably settle the remaining two demands regarding the sharing of Ravi-Beas waters and territorial disputes."

आपके महामंत्री, जिनके बगैर आपका दल चल नहीं पाता, जिनको बनाने के लिए आप सब लोग क्या-क्या कर रहे हैं। भोपाल से, रोहतक से खबरें आती हैं। वे क्या कहते हैं—

UNI adds—dated 13th July—Mr. Gandhi said, "Akali agitation had been launched with a view to grabbing political power and not for fulfilment of certain demands."

"...Akali demands could not be accepted."

Who is changing the position ? Shiromani Gurdwara Prabandhak Committee or your Party and your Government ? Are you speaking with one voice ? Have you ever been able to speak with one voice ?

शर्मा जी बोल रहे थे। तब दोस्तों ने उनसे सवाल पूछा था कि आप क्यों पंजाब में एक जबान बोलते हैं और हरियाणा में दूसरी। उनको आप छोड़ें। यहां इस सदन में आपका जो हाइएस्ट लवेल और पौलिटिकल आथोरिटी है और पार्टी आटोरिटी है वह दो जबान बोल रहे हैं और बदनाम कर रही है अकालियों को। कुछ तो सीमा होनी चाहिये। यह बताया जा रहा है कि सी० आई० ए० का हाथ है। यह शुरू हो गया है कब ?

At the highest level of your political authority and your Party, you changed.

कांग्रेस पार्टी के महामंत्री रूस में थे। लौट आते हैं। अमरीका से शुरू हो जाता है कि विदेशी हाथ है। भोपाल पहुंच जाते हैं और कहते हैं सी० आई० ए० का हाथ है।

एक और आपके महामंत्री हैं। वह कहते हैं :

On the 3rd of July, Mr. Home Minister, on the 3rd of July, Mr. Deputy-Speaker, *Pravada* the official journal of the Soviet Union or whatever it is called, came out with the story that the C.I.A. is interfering along with Pakistan in the internal affairs of India in Punjab. There was a headline, "U.S. charged with de-stabilising India".

एक अखबार है नैशनल हैराल्ड जहां लोगों को तनख्वाह नहीं दी जाती है। उसको मैं पढ़ता नहीं हूं। लेकिन उसकी कल एक सिलपिंग मैंने उठा ली।

"The AICC (I) General Secretary, Mr. Chandulal Chandrakar"—Do I see him

around ?—"today charged the United States with destabilising India by creating trouble in India. He said, the reason for creating trouble in Punjab was"—This is the most original reason you have discovered, Mr. Chandrakar ; I thought it should go as a humour column of some journal. "He said, the reason for creating trouble in Punjab was that the green revolution had come in the State." You need some grey matter ; not green matter. And, I quote him :

> "The United States is at a loss to understand where it should sell its surplus wheat which it has been selling to India."

यह बयान इनका है। यह पुराने उस्ताद हैं, इसलिए अपने को बचा कर कहते हैं। लेकिन जिन को ये चढ़ाना चाहते हैं वह बेचारे नए लड़के हैं। उनको कुछ जमता नहीं है। वह जाते हैं रोहतक और क्या कहते हैं ?

> "In his 45-minute speech he expressed satisfaction over the peace in Haryana and appealed to the people to remain vigilant. He said the super powers were bent upon weakening the country and asked the students to fight the challenge."

वहां पर पढ़ा देते हैं लेकिन अमृतसर पहुंचते पहुंचते भूल गए। क्या करेंगे ? उन्होंने तो पहले कहा है कि मैंने इतिहास पढ़ा नहीं है,..... पढ़ना है। लेकिन उनको तो इतिहास करना है और कर रहे हैं बेचारे।

"Super Powers !". There are only two super powers. Mr. Deputy-Speaker, I am sure you are aware of this.

MR. DEPUTY-SPEAKER : If you are aware of it, I am also aware of it. Please conclude now. Half-an-hour is over. Some more speakers are also there.

SHRI GEORGE FERNANDES : I will not take more than ten minutes. Do not worry.

SHRI K.P. UNNIKRISHNAN : He is not referring to ADMK and DMK.

SHRI GEORGE FERNANDES : There are only two super powers. One is called the United States of America and the other is called the Union of Soviet Socialist Republics. And now we are told by the son of the Prime Minister, the General Secretary of AICC (I), the senior pal of all of you, that the two super powers are interested in destabilising the country.

This is not a laughing matter.

Mr. George Shultz was here in this country, the Foreign Secretary of the United States.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE : Was this matter taken up with him ?

SHRI GEORGE FERNANDES : Was this matter taken up with him ? He was here on the 30th of June. The Prime Minister had sixty minutes, alone with him, in the first instance, and thirty minutes along with the aides. Then, in an unprecedented gesture, according to the national Press, the Prime Minister invited him to a Private Tea next day where her son also was present. And, Mr. George Shultz and his wife and the Prime Minister and her son had a private tete-a-tete with them.

What happened during those second 60 minutes, first 60 minutes and 30 minutes apart from the meeting of the India-United States Joint Commission, which was presided over by the co-Chairmen, Mr. P.V. Narasimha Rao and Mr. George Shultz, Secretary of the United States of America ?

क्या यह सवाल छेड़ा गया, उनसे पूछा गया, क्या उनको बताया गया कि हम लोगों को यह खबर मिली है रूस से या कहीं और से, या आई० बी० से या गृह मंत्रालय से कि आप लोगों का हाथ है पंजाब के मामले में ? नहीं। उनकी इतनी तारीफ होती है अखबारों में कि वह कहने लगते हैं कि हमारा तो यहां आना अपेक्षा से ज्यादा कामयाब हो गया। और अपने जाइन्ट स्टेटमेंट में कहा :

> "Both the Minister of External Affairs of India, Shri P.V. Narasimha Rao and the Secretary of State of

the United States of America, Mr. George Shultz expressed their satisfaction with the mutual benefits accruing from the expansion and strengthening of contacts between the United States of America and India and the contributions such contacts make to Indo-US relations."

This is of 30th June. Here is your record. And then you speak with another mouth, Mr. Chandrakar and that non-history reading and only history making Joint Secretary of yours gets into a hysteria. He goes round the country and says CIA and Pakistan...(*Interruptions*)

SHRI C.M. STEPHEN : Why are you angry about CIA ? (*Interruptions*)

SHRI GEORGE FERNANDES : Mr. Stephen, we know your capacity. The point is that if your Government and that is the Government of India believes that the visit of Mr. George Shultz was the most nicest thing that had happened... (*Interruptions*) I am not yielding. If Mr. George Shultz's visit was the most nicest thing and you say it under your joint signatures, then after 7 days you go on telling the world that CIA is having roots in this country. I would like to know : is the Government of India... (*Interruptions*)

SHRI C.M. STEPHEN : When he has drawn my attention and mentioned my name I have the right to reply. (*Interruptions*) He has to yield because he has mentioned my name. (*Interruptions*).

MR. DEPUTY-SPEAKER : I will allow you to clarify the position after he finishes his speech, because your name has been mentioned here.

श्री जार्ज फर्नान्डीस: यह जो सी०आई०ए० का मामला हुआ, इसके पहले इन लोगों ने लीबिया पर आरोप लगाया था, लन्दन से खबरें भेजी थीं कि लीबिया इसमें इनवाल्वड है। बाद में गदाफी ने एक दम दिया कि हमारा नाम लिया तो खबरदार, तो डरके मारे फिर उनका नाम नहीं लिया। बदनाम करेंगे अकालियों को, सिखों को, आन्दोलन को और विरोधियों को, सी०आई०ए० पाकिस्तान, लीबिया को। पता नहीं अब और किसका नाम खोज रहे हैं।

इसलिए मुझे इस सरकार से कोई अपेक्षा नहीं है, न थी, और न आज है। लेकिन जो सवाल है पंजाब का इसका हल होना जरूरी है, और जो 3 मुद्दे हैं अखिल भारतीय गुरुद्वारा कानून के बारे में जो 7 गुरुद्वारों की तरफ से आपको प्रस्ताव आया है उसको कीजिए, देर न कीजिए। कानून के मामले में जो विरोधियों ने 16 दलों की मीटिंग बना दी उसको स्वीकार कीजिए, जमीन के मामले में, जो भी सिद्धांत को बनाकर उस मसले को हल करना है उसको कीजिए। विलेज, कंटिगुइटी, या भाषा का आधार हो उसको स्वीकार कर लीजिए और इन तीनों समस्याओं को हल करते हुए हरियाणा की जो समस्या है पानी की, जमीन की और राजधानी की···

हरियाणा के मामले को भी हल करने का काम आपको करना होगा।

(व्यवधान)

मेरा आपके और आपकी सरकार के ऊपर रत्ती भर विश्वास न होते हुए भी, मैं इसलिए अपेक्षा करता हूं कि आप कुछ अक्ल दिखाकर कुछ राष्ट्रीयता दिखाकर, कुछ देश के हित को दिखाकर मसले को हल करोगे।

कुछ इतिहास बहुत पुराना नहीं, नजदीक का इतिहास मुझे याद आ रहा है। मैं चाहूंगा कि एक किताब आप पढ़ें गृह-मंत्री जी। किताब का नाम है, "लिबरेशन वार", इसके लेखक हैं सरकारी अफसर श्री के० सुब्रह्मण्यम, जो आपकी इंस्टीट्यूट आफ डिफेंस स्टडीज के डायरेक्टर हैं। बंगला देश के आजाद होने के बाद लिखी हुई यह किताब है, लम्बी किताब है और इसके को-आथर हैं मोहम्मद अयूब, जो जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर हैं, स्कालर हैं। मेरी प्रार्थना है कि आप

इसको पढ़िये। यह दूर का इतिहास नहीं है, आजादी के समय का इतिहास नहीं है कि क्या हुआ था उत्तर प्रदेश में, पंजाब में और कहां-कहां ? क्या हुआ था लीग और कांग्रेस के रिश्ते में और क्या वायदे हुए थे ? क्या लखनऊ पैक्ट हुआ था क्या तोड़ा गया था, वह इसमें नहीं है, बल्कि ताजा इतिहास है क्योंकि वह इतिहास बंगला देश का है।

आज देश के सामने जो खतरा है, उसमें ये परेशानियां मुझे नजर आ रही हैं। मैं इसको पूरा नहीं पढ़ूंगा, संभव भी नहीं है, मगर मैं चाहूंगा कि आप इसको पढ़ें। मैं सिर्फ दो वाक्य इसमें से पढ़कर अपनी बात खत्म कर रहा हूं।

यह जो एक्सट्रीमिस्ट और माडरेट की वहम आप चला रहे हैं, मैं शेख मुजीबुर्रहमान को बरसों से जानता था।

Shri Mujib-ur-Rehman was a moderate, he was not an extremist. Prof. Ranga you would be knowing it.

मुजीबुर्रहमान की मांग बंगला देश बनने के पहले बंटवारे की नहीं थी, आजाद देश की नहीं थी। मुजीबुर्रहमान ने मांग की थी आर्थिक, भाषा, की, मामूली मांग विकेन्द्रीकरण की, देश के विघटन की नहीं। उनका मैनिफैस्टो, उनके सिक्स-प्वाइन्ट प्रोग्राम, उनका पूरा इतिहास पाकिस्तान की राष्ट्रीयता का था।

इसमें लिखा है कि जब भुट्टो बम्बई कालेज में पढ़ता था, याहिया खां एक मामूली कर्नल था हिन्दुस्तान की सेना में, तब शेख मुजीबुर्रहमान मुस्लिम लीग का एक महान नेता, बहुत बड़ा नहीं तो साधारण नेता, के रूप में ऊपर आ चुका था।

MR. DEPUTY-SPEAKER : Don't forget to read those those two sentences...

(*Interruptions*)

I have only reminded him to read the two sentences. He took the book but he did not read.

SHRI GEORGE FERNANDES : Sir, your are a man with no memory at all.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Thank you. you opened the book and said you will read two sentences but you are going abroad. Therefore, I have reminded you...(*Interruptions*)

SHRI GEORGE FERNANDES : Sir, whatever may be our other views ; we respect you...(*Interruptions*).

MR. DEPUTY-SPEAKER : You read those sentences, that is what I am saying. There are so many other speakers also. You have already taken 40 minutes.

SHRI GEORGE FERNANDES : I will read those. This book is written by Mr. Subramaniam, a man who advises your Government on defence matters, a man who advises your Government on subcontinental matters. He says :

> "If the army and the People's Party leader Zulfikar Ali Bhutto had permitted the political developments to take their normal course, Sheikh Mujib-ur-Rehman would have saved the unity of Pakistan."

मगर उससे ज्यादा खतरनाक जुमला जो उन्होंने लिखा है, वह सुनिये—

I quote Mr. Subramaniam, an Adviser to this Government on defence and external matters :

> "Various minorities in Asian countries who feel aggrieved that their cultural identities are not being adequately safeguarded and that they are not being offered adequate opportunities for participation in the decision-making at the national level and who are victims of economic injustice and feel that they are discriminated against, are all likely to derive inspiration from the emergence of Bangladesh and the Indian political model."

तो बात तो साफ है, इसको समझ लीजिए। यह मत बोलिए कि बहुत फर्क है।

यह मत बोलिए कि पूर्व पाकिस्तान जो था और पंजाब का जो मसला है दोनों में बहुत फर्क है। इतिहास और क्रांति विचार को चौखट में बिठाकर नहीं होती है, भावनाओं से जो बातें उमड़ आती हैं उससे उनका निर्माण होता है। इसलिए समय अभी भी है, गृह मंत्री जी, हालांकि मैं चाहता हूं कि आप की सरकार आज ही चली जाए। लेकिन मुझे मालूम है कि बहुत लोग इस्तीफा नहीं देंगे, शायद आंध्र के लोग दें, लेकिन बहुत लोग नहीं देंगे इसलिए आपकी सरकार रहेगी··· (**व्यवधान**)···आचार्य जी, आप भी रहेंगे; जब तक वह बोलेगी, आप लोग रहेंगे, लेकिन जब तक समय है तब तक इस मसले को हल कीजिए।

एक बात और कहकर मैं समाप्त करता हूं William Penn, a very distinguished citizen of the world,

उन्होंने लिखा था :

> "Democracy dies in the hearts of the democrats before it dies at the hands of the dictator."

...(**व्यवधान**)...

कहीं आने वाली हम लोगों की पीढ़ी ऐसी बात न कहे कि हिन्दुस्तान में इस देश की एकात्मता पर जिन लोगों को विश्वास था उन लोगों के ही दिल में इस देश की एकात्मता पहले खत्म हो गई और उसके बाद उसको खत्म करने में वह लोग आ गए जिनको कि एकात्मता पर कभी भी विश्वास नहीं था।

इन शब्दों के साथ मैं इस उम्मीद के साथ अपनी बात समाप्त करूंगा कि इन तीनों मसलों पर गृह मंत्री जी फैसला करने में अब विलम्ब नहीं करेंगे। गुरुद्वारों में कौन बैठा है, वहां आग किस ने लगायी ये सब बातें गौण हैं इस बहस के लिए। पहले समस्याओं को हल करना बहुत जरूरी है। समस्या को हल करिए। हम लोगों का सहयोग है आपके बावजूद, आपकी प्रधान मंत्री के बावजूद हम लोगों का सहयोग रहेगा इस मसले को हल करने में।

श्री चन्दू लाल चन्द्राकर (दुर्ग) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे पूर्व वक्ता ने मेरे सम्बन्ध में दो-तीन बातें बहुत स्पष्ट कही हैं इसलिए मुझे खुशी है कि मुझे कुछ कहने का मौका मिला। इसमें तो कोई शक नहीं है, वैसे संसद की कार्यवाही को गैलरी से 1947 से मैं देखता रहा हूं और सभी काफी दिनों से यहां से देख रहा हूं। इसलिए मैं अच्छी तरह से जानता हूं···(**व्यवधान**)···

1967 से तो बहुत अच्छी तरह से देखा है और इसमें तो कोई शक नहीं, यह मैं अच्छी तरह से कह सकता हूं कि जार्ज फर्नान्डीस बहुत अच्छे नाटककार हैं। अपने नाटक को पेश करने में बहुत माहिर हैं और बहुत अच्छे तरीके से अपनी बात रख सकते हैं। एक अच्छे वक्ता हैं। अच्छे वक्ता होकर के लोगों को गुमराह भी करते हैं। अच्छे वक्ता होना एक बात है, गुमराह होना और गुमराह करना और बात है। अच्छे वक्ता होने के साथ साथ दूरदर्शिता भी होना···(**व्यवधान**)··· उन्होंने मेरा नाम लिया है, आप याद रखिए··· (**व्यवधान**)···

MR. DEPUTY-SPEAKER : Please listen to him. Why can't you listen to him ? When he has listened to you, why can't you listen to him ? I have given him an opportunity to reply. This is only a discussion. Why are you worried ? If there is anything unparliamentary, we will remove it. He is replying to the points raised. You cannot object to it. I have given him an opportunity, because his name has been mentioned.

श्री चन्दू लाल चन्द्राकर : आप को संसदीय प्रणाली पर विश्वास है तो आपको मालूम होना चाहिए, जब वह बोल रहे थे तो मैंने हस्तक्षेप नहीं

किया और उसके बाद मैंने उत्तर देना उचित समझा।···(**व्यवधान**)···

मैं यह कह रहा था कि इसमें कोई शक नहीं है कि वह अच्छे नाटककार हैं और कितने किस्म के नाटक उन्होंने किए हैं यह सबको मालूम है। कितनी दफा पार्टी बदली यह सभी जानते हैं। उन्होंने साथ-साथ यह भी कहा हमारे उपाध्यक्ष महोदय के लिए कि उनकी स्मरण शक्ति अच्छी नहीं है। उनकी स्मरण शक्ति जितनी तेज है यह वह देखें। उन्होंने कहा कि यहां ग्रीन रेवोल्यूशन आया है, ग्रीन रेवोल्यूशन की उन्होंने चर्चा की··· (**व्यवधान**)

श्री जार्ज फर्नान्डीस : हमने नहीं कहा, इस पत्र में छपा है।

श्री चन्दूलाल चन्द्राकर : पत्र में छपा है उस का उल्लेख आपने किया या नहीं ?

श्री जार्ज फर्नान्डीस : नेशनल हैरेल्ड में छपा है।

श्री चन्दू लाल चन्द्राकर : नेशनल हैरल्ड पत्र नहीं है आपकी दृष्टि में ? आप बता दें आप पत्र किसको कहते हैं ? आपने नेशनल हैरल्ड से उद्धृत किया, जो भी कहिए, जिस भी भाषा में कहिए, नेशनल हैरल्ड में छपा है यह कहा।

आपने कहा कि उसमें ग्रीन रेवोल्यूशन की बात कही गई है। ग्रीन रेवोल्यूशन की बात आपने कही है या नहीं ? (**व्यवधान**)

SHRI GEORGE FERNANDES : I have only quoted.

श्री चन्दू लाल चन्द्राकर : ये कह दें कि ग्रीन रेवोल्यूशन की चर्चा नहीं की है तो मैं बैठ जाता हूं। एक संसदसदस्य के लिए मैं यह तो नहीं कह सकता कि आप झूठ बोलते हैं लेकिन सत्य से परे है। (**व्यवधान**) ग्रीन रेवोल्यूशन की बात जो कही है···(**व्यवधान**)

SHRI GEORGE FERNANDES : It is said that the reason for creating troubles in Punjab over the Green Revolution...

(*Interruptions*).

श्री चन्दू लाल चन्द्राकर : इसमें कोई सन्देह नहीं है कि देश ने तरक्की की है जिससे ये घबरा गए हैं।···(**व्यवधान**)···

MR. DEPUTY-SPEAKER : It is all right, Mr. Chandrarkar. Please complete it. There will be no end. Please clarify your position. That is all. Don't make a speech. There are other people to speak.

(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER : It is all right. George will manage. Why do you worry ?

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : Sir, I am on a point of order. You have allowed the hon. Member to speak because...

MR. DEPUTY-SPEAKER : No, I have not. Mr. Fernandes mentioned his name. So he wanted to give some clarification and I had allowed him. That is all right. Now, Mrs. Gurbinder Kaur Brar may speak.

(*Interruptions*)

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : Sir, you have not settled the thing. Once the hon. Member is denying the statement...

(*Interruptions*).

श्रीमती गुरबिंदर कौर ब्रार (फरीदकोट) : डिप्टी स्पीकर साहब, आज हम फिर पंजाब के ऊपर बहस कर रहे हैं। पहले भी कई दफा इसके बारे में चर्चा पार्लियामेंट में हुई है लेकिन उस वक्त से आज तक कई चेंजेज हो चुकी हैं।

एक बात तो मैं आपसे यह कहना चाहती हूं कि अप्रैल, 1978 में अमृतसर में अकालियों

(अकाली भी वे जो पुरानी सोच में थे) और निरंकारियों के दरम्यान झगड़ा हुआ। यह 1978 की बात है जबकि अकाली रेजीम पंजाब में था। उसमें 13 सिख मरे थे। तो एक्सट्रिमिज्म की बुनियाद उस वक्त रखी गई जिसको अब आप देख रहे हैं। उसके बाद पंजाब और हरियाणा में पानी का झगड़ा, टेरिटोरियल एरियाज का झगड़ा और बाकी चीजों के झगड़े हुए। प्राइम मिनिस्टर साहिबा कपूरी में गईं और एस० वी० एल०, जिसका जिक्र श्री चिरंजीलाल जी कर रहे थे, उसको खोदने का काम शुरू किया गया। तो उस वक्त जो हमारे अकाली भाई थे जिन्होंने 1977 से 1980 तक कोई बात नहीं करी थी, उन्होंने कहा कि हम कपूरी में मोर्चा शुरू करेंगे। आपको याद होगा उससे पहले श्री जगदेव सिंह तलवंडी ने आनन्दपुर रोजोल्यूशन के बारे में यहां दिल्ली में अपना मोर्चा शुरू किया हुआ था। तो यह जो कपूरी में मोर्चा चला यह कामयाब नहीं हुआ। कुछ लोग कैद हुए लेकिन लोगों से ज्यादा वहां पर पुलिस थी। यह कपूरी का मोर्चा एक किस्म से फेल हो गया।

इधर तलबन्डी रोज सैशन चला रहे थे और अकाली भाई अरैस्ट हो रहे थे। जैसा कि मैंने आपको बताया कि निरंकारियों और अकालियों के दरम्यान जो झगड़ा हुआ था, उसमे 13 सिख मारे गए। उसके बाद आपको याद होगा, जो एक्सट्रीमिस्ट लोग थे, उन्होंने जनरलिस्ट लाला जगतनारायण को मारा और निरंकारियों के गुरु बाबा गुरबचन सिंह को मारा और अभी चौधरी जी कोई मेहता की बात कर रहे थे। इस बात पर भिण्डरावाला के चार आदमियों को अरैस्ट कर लिया गया। जब अरैस्ट किया गया तो भिंडरावाला ने यह नारा लगाया कि मैं अमृतसर से मोर्चा लगाऊंगा। इस मौके का फायदा उठाकर जब अकाली दल ने देखा कि मोर्चा लग रहा है, तो वह भी अमृतसर में आकर ज्वाइन कर गए और जगदेवसिंह तलवन्डी, जो राज्य सभा के मैम्बर भी हैं, उन्होंने भी अपना मोर्चा अमृतसर मे जाकर इकट्ठा कर दिया। ये तीन मोर्चे एक मोर्चे में आ गए। यह है बुनियाद, जो इन्होंने इस किस्म का मोर्चा शुरू किया। एक लाख 50 हजार आदमी अरैस्ट भी कराए। पहले इनको जेलों में रखा और फिर इनको रिलीज किया। इन लोगों ने इकट्ठे होकर 46 डिमांड्स रखी हैं। जैसाकि भाटिया जी ने बताया कि इसमें कुछ रिलीजियस डिमांड्स भी हैं, जोकि प्रधान मंत्री ने स्वीकार कर ली हैं। इसके बाद लोंगोवाल ने एक चिट्ठी सभी संसद सदस्यों को भेजी है। मैं ज्यादा समय न लेते हुए, पढ़ना नहीं चाहती हूं, क्योंकि सभी माननीय सदस्यों ने उसको पढ़ लिया होगा। अब उनकी 12 डिमांड्स रह जाती हैं। जो पहली डिमांड उन्होंने रखी है, वह यह है कि :—

Autonomous status for the State.

Restoration of Chandigarh and the left out Punjabi speaking areas to Punjab.

जैसा कि चिरंजी लाल जी ने भी कहा है :

Application of internationally and even nationally recognised riparian principle for the distribution of Punjab.

इन सब बातों से आप वाकिफ हैं। सेठी साहब ने भी एक पत्र जारी किया वाटर के सिलसिले में। वे कहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट के पास होना चाहिए या सुप्रीम कोर्ट का जज होना चाहिए। यह मसला भी कोई बहुत बड़ा मसला नहीं है।

श्री मनीराम बागड़ी : आप इसके बारे में क्या कहती हैं ?

श्रीमती गुरबिंदर कौर ब्रार : जस्टिस होना चाहिए। न उधर के लोग सफर करें और न हम लोग सफ़र करें। हमने भी पानी लेकर खेती करनी है। अनाज पैदा करके सारे मुल्क को देना है। हरियाणा और पंजाब को 50 प्रतिशत अनाज पैदा करके दे रहा है। मैं यह नहीं कहती कि आप सारा पानी उनका लेकर हमें दे दो। इकानोमिकली सफर करता है पंजाब। यह सारे पंजाब की डिमांड

है। मैं एक बार फिर कहूंगी कि यह अकेले अकालियों की डिमांड नहीं है। हम लोग जो सारे पंजाब में रहने वाले हैं, हिन्दू और सिख, यह उन सबकी डिमांड है।

उन्होंने एक और बात लिखी है, जो मेरे समझ में नहीं आई है :

Granting second language status to Punjabi in the adjoining States of Punjab as provided in the Nehru formula.

आपको क्या तकलीफ है, यदि राजस्थान और हरियाणा में लोग पंजाबी पढ़ने लगें। इसमें कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए।

End to the forcible eviction of Sikh peasants from the States of U.P., Haryana and Rajasthan as is being done in utter disregard of Article 19 of the Constitution of India.

ऐसी कोई बात नहीं हुई ?

किसी को एवैक्यूएट नहीं किया गया—न यू० पी० से किया है और न किसी और जगह से किया है। यह उनकी अपने मन की शंका है, पता नहीं क्यों उन्होंने इसको इन मांगों में रख दिया है।

जहां तक रिक्रूटमेंट का सवाल है—1974 में बाबू जगजीवन राम ने इसको शुरू किया था। उन्होंने कहा कि मार्शल रेस कुछ नहीं है, इसको पापुलेशन बेस पर करो, सब आदमी इसमें आ सकते हैं। इस बात की चर्चा संत लोंगोवाल ने की है और मैं चाहती हूं कि आप इस पर गौर करें।

जहां तक —

Enactment of All India Gurudwara Act on the lines of Sikh Gurudwara Act, 1925—की बात है—इसमें गृह मंत्री जी से मेरी एक रिक्वेस्ट है। दूसरे मंदिरों और मस्जिदों के लिए ऐसा कोई एक्ट नहीं है तो फिर गुरुद्वारों के लिए ऐसा एक्ट क्यों लगाया हुआ है। इसे आपको देखना है, क्यों किसी की रिलीजस बातों में इन्टरफीअर करते हैं।

जहां तक अमृतसर के होली-सिटी स्टेट्स का सवाल है—इसको तो हम सभी मानते हैं। दुर्गयाना मन्दिर के चारों तरफ, हरमन्दिर साहब के दो सौ मीटर में अगर ये चीजें न लायें तो इससे कौन सा फर्क पड़ जाएगा। हरिद्वार में भी ऐसा नहीं होता है।

जहां तक गोल्डन टैम्पल से ब्राडकास्ट का सवाल है—इन्दिरा जी ने इसको मान लिया था, लेकिन सवाल टाइम का पैदा हो गया। वह कहते हैं कि ज्यादा टाइम दो। मेरे ख्याल में अगर इस तरह से एक-एक को टाइम देने लगे तो मुश्किल हो जाएगा। इसलिए उनकी बात हमने पहले ही मानी हुई है।

किरपाण की बात का जहां तक ताल्लुक है—जैसा भाटिया जी ने कहा—6 इंच की किरपाण की बात तो मानी हुई है, लेकिन अब वह कहते हैं कि जिस किस्म की और जिस मर्जी साइज की इजाजत होनी चाहिए। इस डिमाण्ड के बारे में मैं यह कहना चाहती हूं कि मुल्क की इन्टीग्रिटी और यूनिटी का ख्याल रखते हुए अगर इसका कोई साल्यूशन हो जाय तो यह समस्या हल हो सकती है और मेरे ख्याल में वह मुल्क के लिए और पंजाब के लिए सबसे बढ़िया बात होगी। बातचीत से मामले को सुलझाने में कुछ देना भी पड़ता है। अगर हम देना न चाहें और लेते चले जांय तो इससे बात नहीं बनेगी। अपोजीशन के भाई भी अगर इस काम के लिए तैयार हैं तो वे भी हमारी मदद करें···

श्री जार्ज फर्नान्डीस : गाली देने के बाद बात कैसे होगी ?

श्रीमती गुरविंदर कौर ब्रार : हम गाली नहीं दे सकते हैं।

जहां तक सेन्टर-स्टेट रिलेशन की बात है, सरकारिया कमीशन बना दिया गया है। हमारे गृह मंत्री जी ने अकालियों को नेगोसियेशन टेबिल पर आने के लिए कहा है, लेकिन मेरी समझ में नहीं आ रहा है कि अब वे इसको क्यों रिजेक्ट कर रहे हैं।

एक बात मैं आपको और बतलाना चाहती हूं—अमृतसर में, दरबार साहिब में जब से अटवाल साहब का मर्डर हुआ है, देखने में यह आया है कि सुबह और शाम जितने लोग वहां जाया करते थे, अब उनकी तादाद में कमी आई है, वहां पर जो चढ़ावा चढ़ता था उसमें भी कमी हुई है। हमारे यहां जो सिख कौम लफ्ज का इस्तेमाल होता है, इसका मतलब कम्यूनिटी से है, नेशन से नहीं है।

It does not mean that it is a nation.

एक छोटी सी बात और बतलाती हूं—गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज ने कुछ खत लिखे थे—मुगल बादशाह औरंगजेब को। जब गुरु गोविन्द सिंह जी दक्कन गये तो वहां पर बरार उनके साथ थे। ज़फरनामे में इस बात का जिक्र है—बरार कौम बहादुर है, मेरे पीछे है, इसलिए मैं कैसे हारूंगा। इसका मतलब यह नहीं था कि वह कोई अलग नेशन बनाना चाहते थे।

18.00 hrs.

I quote :

> "Mr. Ganga Singh Dhillon from the USA visited Pakistan in 1978 and was received by President Zia. He was again in Pakistan in April, 1980 and March, 1981 (soon after he had propounded his "Sikhs are a nation" theory at a Sikh Educational Conference in Chandigarh) in November, 1981 and May, 1982."

यह इसमें लिखा हुआ है। मैं जार्ज फर्नान्डीस साहब को एक बात कहना चाहती हूं :

It is not Mr. Bhindranwala who said that they want Khalistan. It was Mr. Ganga Singh Dhillon who said :

यह एक नेशन है और इसका खालिस्तान बनना चाहिए। नेशन की थ्यौरी उसने इन्ट्रोड्युस की है। इस तरह की बात जगजीत सिंह चौहान कहते हैं। अब इसमें आगे यह लिखा हुआ है। यह मैं पढ़कर सुनाना चाहती हूं :

> "Giani Bakhshish Singh, a former postal employee in Britain advocated unity of action between protagonists of Khalistan and Naxalites and also unity among various Sikh groups following different political ideologies for the limited purpose of achieving a "Sikh homeland."
>
> Some supporters of Giani Bakhshish Singh in Britain said in 1974 that Bangladesh had been formed with India's help and that there was no reason why "Khalistan" should not be formed with Pakistan's help."

इसमें ये दोनों चीजें दी हुई हैं।

जब आपने देखा होगा कि टाइम्स आफ इन्डिया में चार सीरीज निकली हैं और श्री जे० डी० सिंह उनको लिखने वाले हैं। उन्होंने संत लोंगोवाल का इन्टरव्यू लिया है। मैं इसमें से कोट कर रही हूं :

> "Sant Longowal affirms that the Akali demand for autonomy is no different from that made by the C.P.M. Government in West Bengal. Defence, External Affairs, Currency and Communications (Railways and Posts and Telegraphs) should remain with the Centre and other matters should be under the jurisdiction of the State Governments."
>
> About the controversy whether the Sikhs are a separate nation, he says, he has been wrongly reported. He used the word "quom" which had been used in official records since pre-partition days. "Quom" does not mean a nation-State but a community. India has several "quoms."

यह जे०डी सिंह के आर्टीकिल में है। कहने का मतलब यह है कि जो अकाली हैं वे यह नहीं कहते कि खालिस्ता बनना चाहिए लेकिन वे इस चीज को तो कन्डम कर सकते हैं और उनको स्ट्रोंग अल्फाज में इसको कन्डम करना चाहिए ताकि यह जो बीज है, यह बिल्कुल खत्म हो जाए और मुल्क की यूनीटी और इन्टेगरिटीक ायम रहे।

एक दो बातें मैं और कहना चाहती हूं। अमृतसर में जो बिजनैसमैन हैं वे इस चीज़ से परेशान हैं। अमृतसर से व्होलसेल में चीजें बाहर जाती हैं और बाहर से ऐसे ही उनके पास पैसा आता है। अब जब बाहर इस तरह का प्रोपेगेन्डा लोग सुनते हैं, तो उनको घबड़ाहट होती है। इस तरह से अमृतसर में वहां की बिजनैस कम्युनिटी को काफी नुकसान पहुंचता है।

एक बात मैं यह कहना चाहता हूं कि इस मुल्क में ऐसे बहुत से शरारती लोग हैं, जो हिन्दुओं और सिखों मे तफ़रका डालना चाहते है और इस तफरके का रिजल्ट यह हुआ है कि जालन्धर में, अमृतसर में मलरकोटला में और पटियाला में थोड़े झगड़े हुए और वहां पर कुछ लोग गिरफ्तार भी हुए लेकिन फिर भी मैं यह कहना चाहती हूं कि पंजाब के जो लोग हैं इन्होंने बहुत ही सेंसीबिल तरीके से अपना काम किया है और इतने प्रोवोकेशन के बाद भी वहां अमनचैन और शांति है। मैं यह नहीं कहती कि वहां कुछ हुआ ही नहीं। वहां पर कुछ केस होते हैं, बम गिराए जाते हैं और कुछ लोगों को घरों से, दुकानों से बाहर लाकर मारा जाता है।

और पुलिस में इतनी डिमारेलाइजेशन है कि सेक्रेटेरियेट में निरकारी को शूट करके वे आराम से पांच सौ कदम गए। उनके पीछे कोई नहीं भागा। आजकल वे आसानी से भागकर जा सकते हैं। पहले तो यह जमाना था कि ऐसी हालत में सारे के सारे आदमी उसके पीछे भाग लेते थे जिससे आदमी कुछ नहीं कर पाता था। इसलिए बात यह है कि गवर्नमेंट और पुलिस को स्ट्रोंग हेण्ड्स के साथ इन एक्स्ट्रीमिस्ट्स लोगों के साथ डील करना चाहिए जिससे कि पंजाब के लोगों को विश्वास पैदा हो जाए कि सरकार हमें पूरी जिम्मेदारी के साथ बचाएगी। इसके बाद वहां काम नहीं चलने वाला है। ऐसा वहां सारे लोग सोचते हैं।

हमारे पंजाब में एक तरफ पाकिस्तान का इन्टरनेशनल बार्डर है। पाकिस्तान के साथ दूसरी तरफ अफगानिस्तान का बार्डर लगता है। इसलिए वहां पूरी स्टेब्लिटी होनी चाहिए। पंजाबी औरत और मर्द बहुत बहादुर कौम है। जब पाकिस्तान के साथ हमारी 1965 में और 1971 में वार हुई थी तो हमारे यहां से थोड़ी दूर पर टेंक वगैरह: थे। वहां पर बम्बार्डमेंट होता रहता था। लेकिन पंजाब की औरतें इतनी बहादुर हैं कि जैसे ही बम्बार्डमेंट खत्म होता, वे उस इलाके में अमेरिकन कपास चुनने के लिए चली जातीं। इतनी हौसले वाली वे औरतें हैं। ऐसे ही वहां के आदमी हैं। लेकिन उनको सारे मुल्क की हमदर्दी और सपोर्ट चाहिए। हिन्दु हो, मुसलमान हो, सिख हो सबकी मदद पंजाब को चाहिए ताकि पंजाब के लोगों के होसले बने रहें।

यह जो पंजाब का सूबा है और हरियाणा का सूबा है, ये दोनों एक ही हैं। मैं तो दोनों को बराबर मानती हूं। पहले तो पंजाब पेशावर तक था, अब छोटा-सा रह गया है। लेकिन हम सब लोगों की कल्चर तो एक ही है। हम सबकी कल्चरल हेरीटेज एक ही है। इसलिए वहां के लिए जितनी मदद हो सके वह मदद वहां दी जानी चाहिए। मैं यहां सभी भाइयों से कहना चाहती हूं कि अगर किसी हिस्से में कोई चीज हो जाती है तो उससे दूसरे हिस्से भी परेशान होते हैं।

They want to solve this problem with earnest desire.

इसलिए हर प्रोब्लम को साल्व किया जाना चाहिए। अगर किसी भी हिस्से में कोई नुक्स हो तो वह बाकी के हिस्से को भी नुकसान पहुंचाता है।

मैं पूरे इत्मीनान के साथ कहती हूं कि हमारी जो सेन्टर की सरकार है वह पूरे तरीके से इस मसले को देख रही है और आपको पता भी होगा कि कुछ एक्स्ट्रीमिस्ट्स पकड़े भी गए हैं। पंजाब में पीस कमेटियाँ बनाई गई हैं। वहां पर सब जगह के लोग पदयात्राएं कर रहे हैं। फिर भी बीच में कुछ सरटेन चीजें आ जाती हैं, सरटेन लोग आ जाते हैं जिनसे कुछ रुकावट आती है।

चौधरी चरण सिंह जी यहां पर नहीं हैं। मैं चाहती थी कि वे यहां पर होते। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण लोग और खत्री लोग जाटों को पसन्द नहीं करते थे इसलिए बहुत सारे जाट मुसलमान हो गए। मैं बताना चाहती हूं कि यह बात नहीं थी। जिस वक्त वहां पर उन पर जुल्म हो रहे थे तो उस वक्त गुरु गोविन्द सिंह जिनका नाम गोविन्द राय था ने एक ऐसी कौम पैदा की जिसका चेहरा किसी से छिप नहीं सके। उस वक्त लोग जंगलों में रहते थे और हौसले के साथ रहते थे। उनको देखते ही यह पता लग जाता था कि यह सिख है। उन लोगों को यह पता ही नहीं था राज्य क्या होता है, आराम क्या होता है। वे बड़े हिम्मत वाले लोग थे।

दूसरी बात चौधरी चरण सिंह ने सरदार बूटा सिंह के बारे में कही। वे तो सिख हैं। उनके मुँह पर दाढ़ी है, उनके सिर पर पगड़ी है। यह तो साफ नजर आ रहा है कि वे सिख हैं।

यह बात मेरी समझ में नहीं आई। पता नहीं उनके दिमाग में क्या था। वे क्या चाहते थे। अब हैं नहीं वरना मैं उनसे पूछती कि वे आखिर चाहते क्या थे। सच्ची बात तो यह है कि मुझे इस बात का दुख हुआ कि बातों को तोड़-मरोड़कर रखना अच्छी बात नहीं होती। उसके बाद उन्होंने कुछ नहीं पूछा और 1857 के गदर की याद करने लगे। चन्द लोगों ने किया होगा। मैं यह नहीं कहती कि मैं सबकी जिम्मेदारी लेती हूं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सारे ही ऐसे हैं। (**व्यवधान**)

हम प्राउड फील करते हैं।

We feel proud. We are Indians and we will remain as Indians and we will defend India.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Before I call upon Mr. Vajpayee, I would say that there are about 15 hon. Members to speak. Now the time is 6.10 p.m I would, therefore, appeal to the hon. Members to be as brief as possible so that I can accommodate all the Members wanting to speak and the Minister also can reply. The House also must be full. Therefore, I leave it to you...

SHRI GEORGE FERNANDES (Muzaffarpur) : When the question as to how many hours are to be allotted for this debate was taken up this morning, there was no time limit fixed. So, the Members will speak as long as they want.

MR. DEPUTY-SPEAKER : I think, you were not in the House...

SHRI GEORGE FERNANDES : You were not here. I was very much here.

MR. DEPUTY-SPEAKER : The Speaker had announced that the Motion would be put to vote at 8 O'Clock. It is there on record.

Now, Mr. Vajpayee. I would appeal to the hon. Members to be as brief as possible. There are 15 Members to speak. I must do justice to all. Nobody should be left out.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (नई दिल्ली) : उपाध्यक्ष महोदय, इस काम रोको प्रस्ताव का उद्देश्य पंजाब की गंभीर समस्या को हल करने में सरकार की विफलता के लिए उसकी निन्दा करना है। प्रस्ताव का उद्देश्य पंजाब में कानून और व्यवस्था की निरंतर बिगड़ती हुई स्थिति के लिए राज्य सरकार को भी आड़े हाथों लेना है। आखिर समस्या को हल करने की जिम्मेदारी किसके ऊपर है ?

प्रतिपक्ष ने समस्या के समाधान में सहयोग दिया है। क्या गृह मंत्री महोदय इस बात से इन्कार कर सकते हैं ? कुछ दिनों से प्रधानमंत्री के भाषण

इस ढंग के हो रहे हैं जिनसे लगता है जैसे सारी स्थिति के बिगाड़ के लिए प्रतिपक्ष दोषी है। मुझे याद है कि 4 मार्च को गृह मंत्री महोदय ने इसी सदन में कहा था, मैं उद्धृत करना चाहता हूं--

> "I must express my thanks to the leaders of the Opposition in Parliament for their participation and their valuable contribution to the tripartite talks. We will continue to seek solution in that spirit and we will continue to solicit the help and support of the opposition leaders and parties to find out an amicable solution."

लेकिन इन दिनों प्रतिपक्ष के खिलाफ बाकायदा एक अभियान चालू कर दिया गया है। प्रधानमंत्री कहती हैं कि प्रतिपक्ष के नेता जब उनसे मिलते हैं तो कुछ कहते हैं और जब अकालियों से मिलते हैं तो कुछ और कहते हैं। क्या मतलब है इस आरोप का? वे किसी नेता का नाम लेकर बताएं। किस तरह उस नेता ने दोहरी बात कही है, यह स्पष्ट करें। अगर प्रतिपक्ष की ईमानदारी पर शक है तो फिर सहयोग नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री ने किस तरह के उत्तर दिए हैं? मैं समाचार पत्र से उद्धृत कर रहा हूं :

"Lucknow, 18th May

> To the suggestion of the Janwadi Party leader Chandrajit Yadav that the Akali Dal demands which have not so far been accepted by the Government soould be referred to a Supreme Court Judge, Mrs. Gandhi retorted : how would it look if the entire government was handed over to the court ?"

अभी कांग्रेस के सदस्य कह रहे थे कि वे अदालत के फैसले से बंधने के लिए तैयार हैं।

SHRI BUTA SINGH : Political problems will have to be solved by political parties.

SHRI CHANDRAJIT YADAV (Azamgarh) : Now the Punjab Governor also says that it should go to the Supreme Court —both the water and territorial issues.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : आरोप लगाया जा रहा है--विरोधी दलों पर कि वे अलग अलग भाषाओं में बोल रहे हैं। गृह मंत्री विरोधी दलों को धन्यवाद देते हैं सहयोग के लिए। लेकिन प्रधानमंत्री विरोधी दलों की निन्दा कर रही हैं। असहयोग के लिए जब अकाली दल और कांग्रेस सरकार की वार्ता विफल हो गई तो प्रतिपक्ष को उसमें शामिल करने के लिए बुलाया गया। लेकिन जब कांग्रेस सरकार और अकाली दल के बीच पहले वार्ता आरम्भ हुई तो उस वार्ता में प्रतिपक्ष को शामिल नहीं किया गया तो हमारे कांग्रेस के मित्र समझते थे कि यह उनका और अकाली दल का घरेलू मामला है, हम इसको निपटा लेंगे, पंजाब की और पार्टियों को विश्वास में लेने की जरूरत नहीं है, राष्ट्रीय स्तर पर बात करने की आवश्यकता नहीं है, मामला हल हो जाएगा। लेकिन जब मामला हल नहीं हुआ तब प्रतिपक्ष के नेताओं को बुलाया गया। मेरे मित्र इंद्रजीत गुप्त जी यहां बैठे हुए हैं और वह यह जानते हैं कि जब यह तय हुआ कि त्रिपक्षीय वार्ता हो तो मैं तैयार नहीं था, मेरे मन में रिजर्वेशन था, मैं असम के अनुभव से सीखा हुआ था। जब बातचीत विफल होने लगती है या जब सरकार अपना मन बना लेती है कि समझौता नहीं करना है तो विरोधी दलों पर दोषारोपण किया जाता है।

क्या यह सच नहीं है कि त्रिपक्षीय वार्ता के परिणामस्वरूप मतभेद कम हुए थे, अकालियों ने यह मान लिया था कि केन्द्र और राज्यों के सम्बन्धों पर विचार करने के लिए जो कमीशन बनेगा उसके निर्माण में आनन्दपुर साहिब के प्रस्ताव का हवाला देने की जरूरत नहीं है? क्या यह सच नहीं है कि अकालियों ने यह मान लिया था कि हिमाचल पर, हरियाणा के बहुत बड़े हिस्से पर, राजस्थान के गंगानगर पर वे अपना दावा छोड़ते हैं? क्या यह सच नहीं है कि उन्होंने मान लिया था कि जहां तक जल के बंटवारे का सवाल

है राजस्थान के साथ जो समझौता हुआ था उसको हाथ न लगाया जाए ? क्या यह प्रगति नहीं है ? सेठी साहब ने स्वयं अपने स्टेटमेंट में कहा था कि कुछ मामलों में प्रगति हुई है और आगे मामलों पर बातचीत करेंगे ।

> "As you know, the Government has been having a series of discussions on the demands of the Shiromani Akali Dal in which some progress has already been made, but some need to be discussed further."

श्री रघुनन्दन लाल भाटिया : आज वे कायम हैं इस बात पर ? अकाली कायम है ?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : यही सवाल मैं सेठी साहब से कर रहा हूं ।

सेठी साहब ने अकालियों को वार्ता के लिए पुनः निमंत्रण दिया तो विरोधी दलों को क्यों छोड़ा गया ? आपने संत लोंगोवाल को यह लिखा—मैं उद्धृत करना चाहता हूं :

> "It would be appropriate to resume the talks directly. I, therefore, invite you to meet me in Delhi."

उस समय विरोधी दलों को विश्वास में लेने की जरूरत क्यों नहीं रही ? अगर आप सीधे बातचीत के जरिये मामला हल कर लें तो हमें बड़ी खुशी होगी । लेकिन अगर आप मामला हल नहीं कर पाते तो अपनी विफलता का दोष हमारे मत्थे क्यों मढ़ रहे हैं ?

आज पंजाब में हालत क्या है ? क्या पंजाब में कोई हकूमत है ? क्या पंजाब में जान और माल की हिफाजत है ? आए दिन लोग मारे जा रहे हैं । हिन्दू—सिख संघर्ष का दुर्भाग्यपूर्ण, भयावह खतरा पैदा हो गया है । पटियाला की चिंगारी किसने लगाई ? हिन्दू सुरक्षा समिति की ओर से पंजाब बन्द का आह्वान करने वाले कौन थे ? हरियाणा में हिन्दू रक्षा समिति क्यों बनाई गई है ? अगर हरियाणा और पंजाब में विवाद हो और हरियाणा की रक्षा के लिए, हरियाणा की बात कहने के लिए कोई समिति बने तो मैं इस बात को समझ सकता हूं । लेकिन हरियाणा के हिन्दू को क्या खतरा है ?

एक माननीय सदस्य : बी० जे० पी० का ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : गलत बात है, झूठी बात है । यह खिलवाड़ न करो देश की तकदीर के साथ । एकता, अखंडता कौन नहीं चाहता है ? क्या अकाली दल ने अपने को खालिस्तान की मांग से अलग नहीं किया है ? मुट्ठी भर सिखों को छोड़ कर कोई खालिस्तान नहीं चाहता । सिख देशभक्त हैं । मैंने इंग्लैंड में बातचीत की, यूरोप के कई देशों में, अमरीका में बातचीत की । जो खालिस्तान के समर्थक हैं वह न्यूयार्क में गुरुद्वारे में नहीं जा सकते हैं । लन्दन में गुरुद्वारे में नहीं जा सकते । हर जगह मेरी सभाओं में बड़ी संख्या में सिख आए । मैंने कहा खालिस्तान नहीं बनेगा । उन्होंने कहा कौन मांग रहा है ? हम खालिस्तान नहीं मांग रहे हैं । मगर आज हम हर सिख को शक की नजर से देख रहे हैं । क्या यह उन्हें चुभता नहीं है ? विदेशों में मुझ से सिखों ने कहा हम भारत से प्यार करते हैं, लेकिन जब हम भारत जाते हैं, तो हवाई अड्डे पर हमें शक की नजर से देखा जाता है । पुलिस और कस्टम्स वाले हमें अलग खड़ा कर देते हैं, हमें रोक कर रखा जाता है, हमारे पासपोर्ट की अतिरिक्त जांच होती है । अगर किसी सिख ने कनेडियन पासपोर्ट ले लिया तो क्या हुआ ? पासपोर्ट के रंग से खून का और दिल का रंग नहीं बदल सकता । आज हम क्या कर रहे हैं ? हम जबरदस्ती खालिस्तान की बात कर रहे हैं । मैं दोहराना चाहता हूं खालिस्तान के सवाल पर कोई समझौता नहीं होगा, देश को दुबारा बंटने नहीं दिया जाएगा । मगर कौन बंटवारा मांग रहा है ? हमने एक हौवा खड़ा कर दिया है, और उसका लाभ उठाने की कोशिश की जाएगी अगले चुनाव में । यह देश हित का तकाजा नहीं है । मैं पूछना चाहता हूं पंजाब में आप स्थिति सामान्य क्यों नहीं कर सकते हैं ? यह ठीक है कि

अकालियों को हिंसा की, हत्या की, आतंकवाद की और कड़ी निन्दा करनी चाहिये। वह निन्दा कर रहे हैं। यह भी ठीक है कि गुरुद्वारों में अपराधियों को शरण नहीं मिलनी चाहिए। मगर मैं पूछना चाहता हूं कि पंजाब की पुलिस और वहां का प्रशासन क्या कर रहा है? लोग मारे जा रहे हैं, पुलिस वाले मारे जा रहे हैं। अटवाल को किसने मारा। उसकी सी० बी० आई० जांच कर रही है। उसका परिणाम क्या है? वह ब्रिगेडियर कौन था? वह आई० पी० एस० अफसर कौन था? जब पंजाब में समझौता होने लगता है तब कोई न कोई ऐसी हत्या कर दी जाती है। कौन है इसके पीछे? पटियाना में जो कुछ हुआ वह जालंधर में दोहराया गया। सोडल मन्दिर पुराना विवाद का स्थान है। मामला अदालत में है। अदालत ने अपने फैसले को रोक दिया है कि वहां कोई नया निर्माण नहीं होगा। वहां 24 घंटे पुलिस का पहरा है। फिर 23 जून की रात में निर्माण कैसे हो गया? बड़ा भारी चबूतरा बन गया, 125 फुट ऊंचा निशान साहब लग गया। पुलिस क्या कर रही थी? क्या पुलिस पंजाब सरकार के काबू में है? क्या पंजाब का प्रशासन मुख्य मंत्री के काबू में है? सरदार दरबारा सिंह राष्ट्रवादी सिख हैं, मगर प्रशासक नहीं हैं। पंजाब की सरकार जानमाल की रक्षा के प्राथमिक कर्त्तव्य में विफल रही है। "प्रताप" के दफ्तर में बम से भरा पार्सल भेज दिया गया। किसी भी डाकखाने में जांच क्यों नहीं हुई पार्सल की?

'प्रताप' के दफ्तर को पहले भी धमकियां मिल चुकी हैं। वह पार्सल कर्मचारियों के हाथ में सीधा चला गया। पार्लियामेंट हाउस में मेटिल डिटेक्टर लग रहे हैं। पंजाब में प्रबन्ध नही है। कर्मचारियों ने पार्सल खोल लिया। दो लोग मर गए, जिससे तनाव बढ़ गया। पंजाब की पुलिस ने शोक करने वालों पर गोली चलायी। निहंगों को खुली छूट दे दी। पंजाब में सरकार बदलिए। पंजाब के प्रशासन की सफाई करने की जरूरत है। सरकार के फैसले अपराधियों को पहले पता लग जाते हैं। ऐसे लोग पंजाब के प्रशासन में घुसे हुए हैं जो देश के प्रति वफादार नहीं हैं। उनकी छानबीन कीजिए। पंजाब में कानून और व्यवस्था का जहां तक सवाल है, वह कायम कीजिए, इसमें विरोधी दल क्या करेंगे?

SHRI C.M. STEPHEN : Infiltrators from where ?

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE : Mr. Stephen, you did not follow me as to what I had said.

SHRI C.M. STEPHEN : I have perfectly followed.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE : Not from Bangladesh.

SHRI C.M. STEPHEN : From inside, I know.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मैं मांग करता हूं कि अगर आवश्यक हो तो पंजाब में राष्ट्रपति राज्य लागू कर दिया जाये। खालिस्तान अमेरिका में नहीं है, अगर खालिस्तान की थोड़ी बहुत भावना है तो आपकी विफलता के कारण पंजाब में है। कड़ाई से निबटिये, फिर जो राजनीतिक सवाल हैं, उनको हल करने के लिए बातचीत जारी रखिए। मगर बातचीत जारी रखने का यह तरीका नहीं है जो प्रधान मंत्री अपना रही हैं।

प्रधान मंत्री कहती हैं कि मैं कौन हूं जो हरियाणा की जमीन दे दूं? वे पूछती हैं कि क्या यह मेरी जमीन है? जब चंडीगढ़ पंजाब को दिया था तो किसका था? जब अवार्ड दिया तो क्यों दिया? यह क्यों नहीं कहा कि अदालत फैसला करेगी। बेरूबारी दिया, तीस बीघा दिया तब वह जमीन किसकी थी?

कौन कहता है कि हरियाणा की जमीन पंजाब को दे दो? मैं समझता था कि सारी जमीन हिन्दुस्तान की है। मैंने पंजाब में भी कहा, हरियाणा में भी कहा कि जब तक चंडीगढ़ हिन्दुस्तान में है, मुझे कोई चिन्ता नहीं है। क्या

कोई ऐसा रास्ता नहीं हो सकता कि जो थोड़े-बहुत मतभेद अभी बचे हैं, उन्हें हल कर लिया जाए ? मगर अब सरकार अगर त्रिपक्षीय वार्ता बुलाएगी तो उसमें शामिल होने के पहले मुझे 2 बार सोचना पड़ेगा। हम गालियां खाने के लिए नहीं हैं, हमने ईमानदारी से बातचीत सफल बनाने की कोशिश की है। आज हमारी इन्टैग्रिटी पर आरोप किए जा रहे हैं। मुझे भी संदेह है कि सरकार पंजाब की समस्या को अगले चुनाव तक हल नहीं करना चाहती। सरकार सहयोग नहीं चाहती, संघर्ष चाहती है, सद्भाव नहीं चाहती, तनाव चाहती है। सरकार की नजर राष्ट्रीय एकता पर नहीं है, आने वाले चुनाव पर है। यह सत्ता का खेल कब तक चलेगा ?

मैं अकाली दल से भी एक बात कहना चाहता हूं। उन्होंने 15 अगस्त तक अपनी कार्यवाही करने का फैसला किया है। मैं उसका स्वागत करता हूं, मगर मैं एक कदम आगे जाना चाहता हूं। पंजाब में जो परिस्थिति पैदा हो गई है, उसको ध्यान में रखते हुए उन्हें अपने आंदोलन को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर देना चाहिए। हिन्दू और सिखों की लड़ाई इस देश के जीवन में बड़ी दुर्भाग्य की बात होगी।

कब पंजाब में आग लग जायेगी, कोई नहीं कह सकता। यह तो पंजाब के लोग देशभक्त हैं, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता संयम से काम ले रहे हैं, लेकिन बात बिगड़ सकती है। 3 जगह दंगे हो चुके हैं। अकाली दल से मैं अपील करना चाहता हूं, सरकार तो नहीं सुनेगी, इन्हें तो कुर्सी चाहिए, आंदोलन स्थगित करने के बाद हिन्दू और सिख एकता के लिए पंजाब में अभियान शुरू किया जाये।

मैं अकाली दल से कहना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री से कुछ मत मांगो, जो कुछ मांगना है हरियाणा से मांगो। देश से मांगो। हरियाणा में सद्भाव पैदा करो। प्रधान मंत्री कहती हैं कि 1977 में अकाली क्यों चुप थे ? केवल इसलिए चुप नहीं थे कि उन्हें गद्दी में हिस्सा मिल गया था, गद्दी में हिस्सा तो आप भी देने के लिए तैयार हैं। आप तो स० प्रकाश सिंह बादल को मुख्यमंत्री बनाने को तैयार हैं।

(व्यवधान)

लेकिन अकाली दल ने इस प्रस्ताव को नहीं माना। अकाली दल ने कहा कि कोई भी सरकार का परिवर्तन होगा तो उससे पहले 6 महीने के लिए असेम्बली को सस्पेंड करना जरूरी है। आप उसके लिए तैयार नहीं हुए।

आप कहते हैं कि आप गठ-बन्धन नहीं चाहते, आप सरकार में हिस्सा नहीं देना चाहते, आप कहते हैं तो मैं मान लेता हूं मगर हमारा कहना है कि हमारे लिए पंजाब का सवाल केवल सत्ता में बंटवारे का सवाल नहीं है।

1977 में अकाली संतुष्ट थे, आज उनमें विश्वास का संकट पैदा हो गया है। यह विश्वास का संकट पैदा हुआ था 1980 के बाद। केन्द्र जिस तरह से चला है, केन्द्र का गृह-मंत्रालय जिस तरह से चलाया गया है, गुरुद्वारों के चुनाव में जिस तरह से कांग्रेस का दखल हुआ, और दिल्ली के गुरुद्वारों के चुनाव में जिस तरह से अकालियों की काट करने के लिए भिंडरावाले को बढ़ावा दिया गया उससे अकालियों के मन में एक सन्देह पैदा हो गया है।

संसदीय कार्य, खेल तथा निर्माण और आवास मंत्री (श्री बूटा सिंह) : आपके राज में गुरुद्वारों के चुनाव हुए थे।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : हमारे राज में हुए थे तब गड़बड़ नहीं हुई थी।

श्री बूटा सिंह : वाजपेयी जी, आप अच्छी तरह से जानते हैं कि पूरी पंजाब सरकार ने आकर

चुनाव अभियान किया था। मुख्य मंत्री आए थे और उनके सभी मंत्री आए थे।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : दिल्ली के ले० गवर्नर ने कालेजों के प्रिंसिपलों को बुला बुलाकर कहा था कि किन उम्मीदवारों के लिए वोट देना। जब मैंने यह आरोप पार्लियामेंट में लगाया था तो ज्ञानी जी ने कहा कि ले० गवर्नर भी एक सिख हैं, भले ही मोना सिख होंगे। (**व्यवधान**)

प्रधान मंत्री ने स्वयं उत्तर दे दिया कि केन्द्र हमारे पास था तो समस्यायें नहीं थीं। अगर केन्द्र में आज समस्यायें हैं तो यह आपकी विफलता है। उस समय गैर जनता सरकारें थीं, कहीं टकराव नहीं था और आज प्रधान मंत्री कहती हैं कि गैर कांग्रेसी सरकारें, गैर कांग्रेसी राज्य केन्द्र से टकराव करने पर तुले हुए हैं। (**व्यवधान**)

क्या राज्यों के लिए अधिक अधिकार मांगना केन्द्र से टकराव करना है? हम भी चाहते हैं राज्यों को आर्थिक मामलों में अधिक अधिकार दिए जायें। अगर यह देश टूटेगा तो क्षेत्रीय दलों के उभार के कारण नहीं टूटेगा, देश अगर टूटेगा तो केन्द्र में जो जरूरत से ज्यादा सत्ता इकट्ठी हो गई है उसके कारण देश की एकता कमजोर होगी।

मैं अकाली दल से एक बात कहने वाला था कि वे सिखों के लिए अलग कौम शब्द का प्रयोग करते हैं। कौम शब्द के प्रयोग पर मुझे कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि कौम का अर्थ है कम्युनिटि, उसका अर्थ है जाति। लेकिन वे अंग्रेजी में नेशन लिखते हैं। इससे भ्रम पैदा होता है। आज भी संत लोंगोवाल की जो किताब मुझे मिली है उसमें नेशन शब्द का प्रयोग किया गया है। हमने दो राष्ट्रों के सिद्धांत को नहीं माना है, हम बहुराष्ट्र के सिद्धांत को नहीं मानेंगे। मजहब के आधार पर राष्ट्रीयता नहीं चल सकती। मजहब के आधार पर जो पाकिस्तान बना था वह बंट गया, बंगला देश अलग हो गया। ईरान ईराक आपस में लड़ रहे हैं। एक राष्ट्र में अनेक मजहब मानने वाले लोग रह सकते हैं और एक मजहब मानने वाले अनेक राष्ट्र हो सकते हैं। अतः सिख नेशन मानने की बात पैदा नहीं होती है। लेकिन अब अकाली दल ने एक नया ट्विस्ट दिया है, एक नया मोड़ दिया है, उन्होंने कहा है :

> "The repeated affirmations currently being made by the Sikhs that 'They are a Nation' must be seen in this context".

संदर्भ क्या है?

उन्होंने नेहरूजी को कोट किया है। फिर आर्टिकल (25) की बात कही है। कहा है कि सिखों को हिन्दू कहा जाता है, उसके ऊपर हिन्दू पर्सनल लॉ लागू है। अब अकाली दल कह रहा है कि आर्टिकल (25) में संशोधन कर दो और सिखों को हिन्दुओं की परिभाषा में से निकाल दो और सिखों के लिए अलग पर्सनल लॉ बना दो। मैं नहीं जानता सिखों का कोई पर्सनल ला अलग है या नहीं? अभी तक तो नहीं है। अब शायद वे नया पर्सनल लॉ बनाना चाहते हैं। संविधान के डायोक्टिव प्रिंसिपल्स में लिखा हुआ है कि सारे देश के लिए एक पर्सनल ला होगा, अभी तक वह लागू नहीं हुआ है क्योंकि हम किसी पर जबर्दस्ती पर्सनल ला थोपना नहीं चाहते। लेकिन सिखों के मामले में मैं एक बात कहना चाहता हूं कि सारे समाज का ढांचा और कानून की सारी व्यवस्था इस ढंग से बनाई गई है कि सिख हमारे अभिन्न अंग हैं। अगर आज कोई हरिजन सिख पंथ को कबूल करले तो वह उन सुविधाओं से वंचित नहीं हो जाता जो सुविधाएं हरिजन होने के नाते उसको मिलती रहती हैं। अगर वह इस्लाम को कबूल कर ले या ईसाइयत को कबूल करले या बौद्ध बन जाए तो उन सुविधाओं से वंचित हो जाता है। सिख होने पर वह वंचित नहीं होता क्योंकि हम समझते हैं कि वे हमारे अपने ही हैं, हिन्दू परिवार के अंग हैं। क्या अकाली इस चीज को खत्म करना चाहते हैं?

दूसरा सवाल मैं उनसे यह पूछना चाहता हूं कि

एक ही परिवार में एक लड़का हिन्दू है और एक लड़का सिख है।

लड़की सिख परिवार से आई है, लड़का सिख परिवार में ब्याहा है। अगर परसनल ला अलग हो गया, तो क्या परिवार के अलग-अलग व्यक्तियों पर अलग-अलग लॉ लागू होंगे। क्या परिवार टूटेंगे नहीं ? अभी तो उन्हें डर है कि कहीं ऐसा न हो जाए कि लोग सिख रहना छोड़ दें। फिर कहीं दूसरा डर पैदा न हो जाए कि लोगों को जबरदस्ती सिख रहना पड़े। मेरा निवेदन है कि इसका निर्णय व्यक्ति पर छोड़ देना चाहिए, वह किस मत को मानता है और किस पन्थ को मानता है, यह उसका अपना मामला है। अलग पर्सनल लॉ की बात मुझे थोड़ा सा खटकती है। सिख एक पन्थ है, मैं, उसके सामने माथा झुकाता हूं। उसमें बलिदान की परम्परा लगी हुई है। दुनिया के इतिहास में ऐसे बलिदानों की परम्परा दिखाई नहीं देती। मगर गुरु गोविन्द सिंह जी ने कभी भी अलग होने की बात नहीं की थी। पहले सिख नानक पन्थी कहे जाते थे। गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज ने कहा था—

अखिल विश्व में खालसा पन्थ गाजे।
जगे धर्म हिन्दू सकल भण्ड भाजे॥

आज आइडेंटिटी की तलाश में अकाली कहते हैं कि वे हिन्दू नहीं है। मैं मान लूंगा, लेकिन मैं उनसे कहूंगा कि आप भारतीय तो हैं। इतना ही काफी है। अभी भी पंजाब की स्थिति को सुधारा जा सकता है, बशर्ते कांग्रेस चुनाव पर से अपनी नजर हटाकर समस्या को हल करने पर ध्यान लगाए। मगर मुझे इसकी आशा नहीं है, इसीलिए हम सरकार की निन्दा करना चाहते हैं। धन्यवाद। (इति)

SHRI C.M. STEPHEN (Gulbarga) : Mr. Deputy-Speaker, Sir, at this late hour of the day, I can promise I will be very very short.

We had earlier two occasions when we discussed the Punjab situation. At that time the entire House—the Opposition and the Government—focussed on the question of the Punjab developments. The discussion was not allowed to take diversionary lines at that time. This time the discussion has a different shape. The difference is that there are accusations and counter-accusations as between the Government and the Opposition and as between different elements in the Opposition with the result that the concentration on the Punjab situation has gone to the background.

The questions involved in the Punjab issues have been placed before you by different Members who spoke—both from Haryana and the Punjab. All the points of view—historical and others—are before us. I don't want to traverse the entire ground again.

Mr. Vajpayee pointed out that the Home Minister conceded at a stage that the Opposition was cooperating ; and that now the Prime Minister and the ruling Party are taking a view that the Opposition's conduct and stand are not helpful to the solution of the Punjab issue. He says there is a contradiction between the two. I would only say that both the positions are correct. When the Home Minister said that at the Tripartite Conference cooperation was forthcoming, he was stating a fact. Cooperation at that stage was forthcoming. But subsequently, a new attitude has been adopted by the Opposition and a new position has been taken. Now, therefore, we have come to a stage in which we are constrained to say that the attitude of the Opposition is not only not helpful, but it is creating hindrances for the solution of the problem.

What exactly is their attitude, is the question.

AN HON. MEMBER : Explain how.

SHRI C.M. STEPHEN : Mr. Vajpayee said : if only the ruling party takes its mind away from the forthcoming elections, everything will be all right. The difficulty with the Opposition is that they have only this obsession, i.e. as to how to face the elections. They being subject to that obsession, they think that everybody is labouring under

that sort of an obsession. They do not find the difference between their functioning, and how the Congress, the ruling party, is functioning. They have got their own problems, i.e. as to how to come together, how to create an alternative, how to iron out their differences, how to find a common issue on which they could hang together. So, they look at it that way. They are approaching every issue only in this manner. If only they can forget for a time that Government's approach to this matter and other matters is in terms of elections, they will be able to see the question in a proper perspective.

What exactly is the Government doing ? The first question is whether Government has been active in handling this question in a responsible manner. I have only to refer them to the resolution they passed in the Opposition conclave in Delhi. The resolution elaborately listed the steps that were taken, and the solutions that were ironed out. The resolution stated that as a result of negotiations and all that, this demand was conceded, this was settled, that demand was settled etc. ; and they came to the conclusion that the only two questions which remained were the questions about water and territorial dispute. This shows one fact, viz. that about 34 or 40 demands were put up, and then they were reduced to a smaller number. According to the Opposition conclave in which the Akali party people were present, they came to the conclusion that having settled all demands except these two—this means that they found not a Government which was not working, but a Government which was working—there was a Government which was bringing about a settlement on different issues. So, the Government was a Government which was handling these questions. Religious demands were settled—I am only quoting what they said. I am not making my statement, I am only quoting. (*Interruptions*)

SHRI A. NEELALOHITHADASAN NADAR (Trivandrum) *rose.*

MR. DEPUTY-SPEAKER : Are you yielding, Mr. Stephen ?

SHRI A. NEELALOHITHADASAN NADAR : The Opposition parties' meeting had put forward some concrete proposals. Why did Government not take action on them ?

SHRI C.M. STEPHEN : I am only handling one particular aspect of it. They should give the devil its due. That is my appeal to them. You can see how the matter was handled. The Home Minister went to Chandigarh, so also the Cabinet Committee to meet the Akali leaders, and finally our request to the Opposition parties was to come and cooperate with us in this matter.

We never stood on prestige. A tripartite conference was held. Certain grounds were covered, no doubt. But what did we came to, at the end of it ? After we found that there was a consensus on certain matters, it was felt that a settlement would not be possible, except in consultation with the Haryana Government, and the Opposition in Haryana. On that note, this tripartite conference adjourned, to call in the Haryana people—the Haryana Chief Minister and the Haryana Opposition.

They were called in ; and a second tripartite conference was held where the Government, the national Opposition and the Haryana political parties and Government were called in. A second tripartite conference was held. I recall this to emphasize the position that at the tripartite conference, the consensus was that with respect to the remaining issues, a settlement will not be possible except after consultation with the parties which was Haryana. Then it came to the question of water. We came to the conclusion that Rajasthan had also to come in. Rajasthan was also called in. Not only the Government of Rajasthan but the opposition parties also came in. Again a tripartite conference, national opposition and the Government of Rajasthan—these were the stages which we passed through. What I am saying is that upto a particular moment, government endeavoured its best to find a solution. Here is with me Mr. Longowal's statement which was distributed among the MPs. The former statements of Congress, Pandit Nehru and Mahatma Gandhi—it has been asserted again and again that those statements of policies were spelt out by the Congress from 1934 onwards. These policies have not been de-

faulted at all. The attitude to the Sikhs remain the same ; the attitude to the minorities remained the same. If the attitude to the minorities and the weaker-sections did not remain the same, the unity of the country could not have been accomplished ; the unity of the country can be had only if you give a sense of security to every segment of the population of this country, big or small. When the sense of security is gone, the unity of the country will be in danger. The sense of security was given with respect to other sections including the North-Eastern belt and, therefore, to a large extent, the unity was there. But the Sikhs' problem was a different problem. Against a historical perspective, you can see that from the days of the Guru downwards ; their perspective is slightly different. Therefore, it has to be handled in a different manner and it was handled in a different manner.

When Shri Charan Singh says, why don't you enforce law and order, why do you allow the criminals in Gurudwaras, why do you not get them out when you are in power, you must understand that this is not the way in which any emotionally explosive issue can be handled ; it has got to be handled keeping in view every perspective and what the consequences are going to be. When a mother handles the conduct of a child, it will be different from the manner in which a stranger handles the conduct of a child. A government has to handle a situation like a mother ; whether it is Shri Morarji or Shri Charan Singh or Shrimati Indira Gandhi, whoever that might be ; the government has got to handle it with a motherly attitude ; it is a difficult handling that is taking place.

We have come to the stage in which the remaining issues cannot be settled bilaterally. Government is not a party to that ; government is only a mediator ; government is only an agency to mediate and implement what can be brought about, what can be ironed out through negotiations ; the government is not interested in Chandigarh being there or here. But there are parties which are interested.

My friends, Shri Bhatia and Shri Chiranji Lal Sharma gave details of the verdict of the Shah Commission. When the Commission's verdict came, we faced another situation. Sant Fateh Singh declares that he will commit immolation. A new situation arises. We could not blind our eyes to the situation. Therefore, that was amended and a new settlement arrived at. The terms of the settlement were that Chandigarh will be for Punjab and Abohar and Fazilka will be for Haryana. Territorial and water disputes will be settled through a commission.

The question is whether the terms were accepted or not. Sant Fateh Singh on the basis of the settlement broke his fast and the whole thing was terminated. Akali Dal was in Government at that time. Akali Dal celebrated the settlement with illumination in whole of Amritsar and the whole of Punjab. So there are two parties to the question. They have got the right. It is not only Punjab but Haryana also has got the rights. We tried to settle it. It was not possible. The opposition friends tried, they failed. We tried, we failed. Tripartite tried but tripartite failed. Mr. Vajpayee says one thing here but his unit in Haryana cannot accept it. Chaudhari Charan Singh says something here but his unit in Haryana cannot accept it.

18.51 hrs.

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

Janata says something here but their unit in Haryana cannot accept it. They will not accept it. There is a situation in which the national opposition may come together and take a position which they will not be able to sell to their units in Haryana and Punjab because they have got the regional aspirations.

SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER : What about your party ? (*Interruptions*).

SHRI C.M. STEPHEN : My party at the national level is not interested whether Chandigarh must go there or Chandigarh must remain here.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE : But you want us to do that ?

SHRI C.M. STEPHEN : We want to settle it. Therefore, we have come to a conclusion that as a united settlement is not possible, the matter will have to be referred to a third commission to give a verdict as to what it should be. When the two parties cannot agree together, a reference to a third party for arbitration is the principle that we have learnt at the feet of Mahatma Gandhi. This is what we said. Then they say : You do one thing ; hand over Chandigarh and the rest of it you refer to that. This is the question that is now before us. Again about water dispute, are they very clear that they will not seek to reopen the settlement with Rajasthan ?

AN HON. MEMBER : No.

SHRI C.M. STEPHEN : No, they have not agreed to it. I may tell you that they will not make a commitment at the moment. They say that they are leaving it open. That is why they say riparian law which means that the entire question beginning from Rajasthan they are seeking to reopen. What is the attitude of the opposition with respect to that ? Settlement is possible only with the concurrence of the interested parties. What is the position of the opposition with respect to that ? These are the questions now before us. When we come to that stage, then we say that we have come to the end of the tunnel. It is clear that a bilateral negotiation is not possible Let us refer the water dispute to a tribunal constituted according to the Act and the other matter to the Commission. Let us refer both of them to find a solution. What is the attitude of the opposition to this proposition ? Would they support it or not ? Would they say : Give Chandigarh to Punjab and with the rest, you do as you choose ? Is it the position that you take ? When you take up that position, then the charge is made that the position you are taking is creating hinderance. It is not helping to solve the problem. It is nothing more than that. We have conceded that you were helpful. I reiterate that you were helpful at the time of tripartite conference. After having done that, you failed, we failed and both of us failed in this particular matter. Therefore, what can be done out of that ? A reference to the commssion is the only way. When it comes to that, you take a negative attitude nnd you go about saying so many things. What are the things that are being said here ? Shri Charan Singh asks us : Why do you not take the hardest line ; why did you create Punjabi Suba ; why did you revive the Shah Commission ; why did you give another verdict ; why did you not use the force ; why did you not force those fellows out of the Golden Temple ? This is fanning one sort of bitterness. Another is, my hon. friend, Mr. George Fernandes, lost his balance when he heard about CIA. I had my doubts as to whether CIA is really operating here. I was not prepared to concede that way. But when I saw Mr. George Fernandes warning himself and started defending CIA, then I saw that there was something in it and it was absolutely clear to me. He goes off from the subject of Punjab. He goes to CIA, KGB and US. That is the objection he is having. My friend Mr. Vajpayee took the position that the two-nation theory or three-nation theory is not acceptable. I must certainly thank him for having taken that open strong position. He has also taken certain other positions. But the question is : if that is so, why is it that they are opposing like that ? Whom are we dealing with ? We are not dealing with one individual or one party but different elements are there.

I do agree that Khalistan is something we need not bother about. But the fact is somebody is going about as Khalistan, that is number one. Number two, there is Bhindranwala. Maybe we brought him, maybe you brought him, whoever might have brought him, he is there. He remains there like a Frankenstein. With arms and all that, that man is remaining there, and he says : I do not say yes, nor do I say no to Khalistan. Bhindranwala, with all the powers that he wields, he does not say no to Khalistan and he says : I do not say yes also to Khalistan. And then there is Longowal saying : yes, we are a separate nation. We want autonomous State everywhere, no quasi-autonomous, no semi-autonomous. Then there are the extremists on whom nobody has control at all Akali Dal says we condemn their activities. The very moment they say so, people are shot down. Either they have no control on these terro-

rist's who are shooting down people or when they say that they do not agree with terrorism they cannot be taken at the face value. If they have no control, then the question is, there is the Khalistan fellow going round, there is the Bhindranwala fellow going round and there is the terrorist fellow shooting about, there is the Longowal statement coming across, there is the Talwandi statement coming across and protesting that he will go ahead, and the Akali Dal resolution asking for an autonomous State and one nation and multi-nation theory. It is this multi-entity that we have to handle there. The question is when you say the *samasya*, the Punjabi *samasya*, the Punjabi question, I am again putting the question, what is the Punjabi question ? Most of the Punjabi question has been solved. The only question that remains is a question in which two or three States are involved. Would you say disregarding the position that the Haryana Government and the Haryana political parties are taking, that we must come across and put the steam-roller across and give the whole thing ? Would any Government do that ? Would any responsible Opposition advise the Government to do that ? That is the question. When that comes, when the Akali Dal takes up that position, are we not to sit up to think as to why it is so ? We have been trying the Government, not only the Government, the national mainstream, I do not say the Congress only, the national mainstream has been trying to handle the emotions, the resistance, the aspirations, the yearning for preserving the identity of the Sikhs in a very sympathetic manner. I do not say the Congress, but the national mainstream has been handling them in that manner and to the farthest extent possible.

19.00 hrs.

It has come to a stage in which it appears either you concede a separate nation proposition, amend the Constitution, split and separate it from the Hindu culture, whatever it might be, with a separate civil law or you say 'thus far and no further'. When it becomes clear that all these contentions about the water, the territory, the kirtan, all these are put up to cover something which is behind, when it comes to that, do we not owe it to the nation to address the question direct and to try to tell them the nation is united on this, thus far and no further ?

Shri George Fernandes took up Shri Rajiv Gandhi's statement and radiculed it. Shri Rajiv Gandhi said that these demands cannot be conceded. All the earlier demands were conceded. What is the present demand ? The present demand is, by-passing the Haryana Government and opposition, by-passing everything, you do this or I kill you. When such a demand comes, we have to say 'No'. That is why Shri Rajiv Gandhi said that these demands cannot be conceded. The demands can be conceded only by mutual consent, by mutual discussion, by mutual consensus, the alternative being an award by a commission. This is what he has stated.

I am repeating the poser to the opposition : do you or do you not agree, as stated in the opposition conclave resolution, that most of these demands were conceded ? That is what you have stated, which means that the kirtan was agreed to ; it means one and a half hours in the morning and half an hour in the evening of kirtanbroadcasting was agreed to ; it means re-opening of the water dispute, not involving Rajasthan but only involving Haryana and Punjab was agreed to ; it means that the framing of Gurudwara Act with consent of congregation in the historic Gurudwara sahebs Act was agreed to. These were the things that were offered. If you accept these are settled, then would the Akali people who participated in the conclave say : we agreed to all these. Or, would you say, along with that, that the Rajasthan dispute must be re-opened, by-passing Haryana we must do this ? Would you say that the Akali Dal has got the jurisdiction to speak for the Sikhs everywhere, it means the Sikhs everywhere, I would like to know. Because, Akali is one thing, Sikhs are different ; the Sikhs are larger than the Akalis. The Akali Dal covers interests which are larger than the Sikhs also. That is the real thing which we have to understand. Punjab does not mean only the Akali Dal ; Sikh does not mean only the Akali Dal ; these interests are entirely different. The Sikhs who are in the different States throughout the country, in the respective States they and the

pride of the people of those States. They are honoured and respected and they are contributing to the welfare of the States to which they are going. They are mingling with the people of those States. They are proud of the past of the Sikh people.

When you say Sikh means a separate nation, then I would like to join issue with Shri Vajpayee and say : thus far and no further, because the time has come when we have got to say that. I would appeal to Shri Vajpayee ; I would appeal to the Akalis that they must completely suspend the stir and then proceed to discussion. The fact remains that the killings are taking place because of the cover given by the *morcha* that is going on.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE : Not because of that, but because of your incompetence.

SHRI C.M. STEPHEN : May be incompetence, according to you. The police cannot and should not enter the Golden Temple. We would, for the time being, prefer Shri Bindranwale remaining in house arrest there rather than breaking into the temple.

It is the public opinion which has to be created. Would you join with us in creating that public opinion ? Would you join with us in making the demand that criminals must not have a sanctuary in the different temples ? These are the matters on which we have to join hands and create an opinion in this country rather than bother with that thinking that we are obsessed with the elections that are coming. We know perfectly well... (*Interruptions*). Sir, in one minute I am concluding. Mr. George Fernandes said that we are afraid of the elections, our ground is slipping. Well, Sir, we are a political party. I do not want to put up bold claims and all that. Let the things come along. We know what is happening, we are not remaining blind, we know the political pulse of our people and we are very happy that the pulse is perfectly in our favour.

I do not want to enter into any controversy. But I would only say that we are watching the movement, we are feeling the pulse of the people and we find that we are absolutely safely placed and for the Congress the method of boiling up with this Sikh question is absolutely unnecessary, and that crude method I would leave to you. This is all I would say.

SHRI K. MAYATHEVAR (Dindigul) : Mr. Speaker, Sir, I am very much thankful to you for coming and presiding over this House at this time.

Sir, while the Punjab problem is burning in the west of the country, the Assam problem is burning in the east of the country, and they 'have contemplated to dismiss the Pondicherry Government'.

Sir, this House has become tired and disgusted with the repeated discussion of the same problem. This is, I think, for the third or the fourth time that we are discussing this problem.

Sir, in 1931 before he was executed, Bhagat Singh, the greatest warrior of this country who fought for the freedom and died for the freedom of our country, threw a bomb in the Central Assembly. He was taken to gallows and at that time, even when he was about to go to the gallows, he told the nation that 'I threw the bomb in the Central Assembly not with the object of killing the Britishers. I threw the bomb to make the deaf people of India to hear and fight for the freedom, to make the blind people of India to open their eyes and fight for the freedom and to make the dumb people of India to open their mouths and raise their voice to fight for the freedom.' In the same manner, these Opposition parties have brought this problem many times repeatedly before this House to make the deaf Government hear about the burning problem of this country and solve the problem, to make the blind Government open its eyes to solve the problem, to make the dumb Government to open its mouth and deliver the goods in the interests of the unity of the country.

Sir, this is the fourth time that we are dealing with this problem here. When I went to the lobby, I found so many people laughed at the Members saying : 'What,

Sir, you are going on discussing about it but no solution is found by the Government'.

There are three States ruled by the Congress (I), namely, Punjab, Haryana and Rajasthan. Of course, excepting in a few States you are in power in all the States, but your Government is unable to face the challenge of the Khalistan. I want to know whether Khalistan is in power or this Government is in power. Are they not ashamed to hear the challenge of the Khalistan leaders who appealed to the military—because many Sikh people are in the army—to revolt against the Central Government in support of their demand, as if we are against the unity of India and as if we are against the welfare of the country ?

We are for unity in diversity. We are for non-violence and not for violence. We are for peaceful settlement. We are not for fighting and eating the flesh and bones of our own brothers. We do not want bloodshed. We do not want shooting. We do not want to kill our own brothers. One Sikh gentleman has killed D.I.G. He was also his own brother. A family man has in other words killed another family man, his own man.

कुछ महीने पहले जब इस तरह की वारदातें बढ़ने लगीं, तो हमारे देश की महिलाओं ने ऐसा विचार किया कि जब इस तरह के खतरे देश पर उपस्थित हो गए हैं, तो जितनी स्वयंसेवी संस्थाएं हैं और समाजसेवी जो महिलाएं हैं, उन्होंने यह विचार किया कि वे पवित्र नगर अमृतसर जाएं और वहां जाकर जो स्वर्ण मंदिर है, वहां पर लोंगोवाल साहब से बात करें कि किस तरह से देश में भाईचारा वापस आए। जो भी स्वयंसेवी संस्थाएं और समाजसेवी महिलायें वहां गई थीं, वे राजनीति से प्रेरित होकर वहां नहीं गई थीं, बल्कि समाज सेवा से प्रेरित होकर गई थीं। उन समाजसेवी संस्थाओं में तकरीबन 100 के करीब महिलाएं वहां गई होंगीं। वहां जाने के बाद जब हम लोग स्वर्ण मंदिर में गए, तो वहां पर हमें कुछ ऐसी परिस्थितियां देखने को मिलीं, जिनको देखकर हमें बहुत आश्चर्य हुआ। जब हम लोग मंदिर में गए और लोंगोवाल साहब के सामने प्रस्ताव रखा कि देश में किस तरह से शांति और व्यवस्था कायम रहे, तो राजनीति से प्रेरित हो कर ये संस्थाएं वहां नहीं गई थीं। जब हम लोग वहां पहुंचे, तो वहां हमने देखा कि श्री सुरजीत सिंह बरनाला वहां उपस्थित थे और राजेन्द्र कौर, जो राज्यसभा की सदस्य हैं, वे भी वहां पर थीं और सबसे बड़ी बात तो हमें यह देखने को मिली कि वहां पर विदेशी पत्रकार बहुत सारे भरे थे और विदेशी पत्रकारों में

केवल पुरुष ही नहीं थे बल्कि महिलायें भी थीं। जब हमने उनको वहा देखा, तो हमने लोंगोवाल साहब से कहा कि जब हम आपके सामने कोई राजनीतिक बातें करने नहीं आए हैं, तो ये जो पत्रकार हैं, जो विदेशी पत्रकार हैं उनको यहां से क्यों नहीं हटाया जाता है। हम लोगों के अनुरोध करने पर उनको वहां से हटाया गया। उसके बाद हम लोगों ने उनसे बातें की और हमें कुछ ऐसा लगा कि उनका रुख शांति व्यवस्था की तरफ नही था और न ही वे यह चाहते थे कि किसी तरह से राष्ट्र की एकता कायम रहे। वे केवल राजनीति की बातें ही करते रहें और प्रधान मंत्री जी के ऊपर आरोप लगाते रहे।

जब हम वहां शहर में पहुंचे और उसके बाद मंदिर में गये तो हमने मंदिर के बाहर और शहर के अन्दर ऐसा वातावरण देखा जिससे ऐसा महसूस हुआ कि वहां सभी वर्ग के लोग, सभी सम्प्रदाय के लोग जो कि अर्थ सम्पन्न हैं, असुरक्षा की भावना से ग्रसित हैं और असुरक्षा की भावना को और भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इस असुरक्षा की भावना को इससे और भी बल मिल रहा है कि सिखों के धर्म के सम्बन्ध में नई व्याख्या की जा रही है। यह कहा जा रहा है कि सिख एक अलग कौम है। हिन्दुओं और सिखों के सम्बन्ध में जो यह व्याख्या की जा रही है उसमे इस प्रकार का वहां वातावरण पैदा हो रहा है। ये सारी बातें हम लोगों के देखने में आई। जब हम मंदिर के अन्दर गए तो श्रद्धा और आस्था का जो भाव मंदिर जाने वालों में होता है तो उस आस्था और श्रद्धा का अभाव हमने देखा। ऊपर से लोग बहुत शांत दिखाई पड़ते थे लेकिन ऐसा लगता था कि एक भय का वातावरण वहां विराजमान है। जब हम लोग अन्दर जा रहे थे तो हम लोगों ने हथियार वाले लोगों को भी देखा। जब हम दरबार साहिब के पास पहुंचे और उनके सामने नतमस्तक हुए तो वहां हमने औरतों को भी देखा। जब हम फेरी लगाने लगे तो लगभग 70-80 महिलाएं और भी फेरी लगा रही थीं।

सभापति महोदय : विस्तार में मत जाइये।

श्रीमती कृष्णा साही : हमने जो वहां देखा है, वही हम बता रहे हैं। वहां पर जहां कि श्रद्धा और आस्था की बात होती है वहाँ हथियार बन्द लोग भी उपस्थित थे। इन सब बातों को देखकर हम समझ नहीं पाये कि यह सब क्यों वहां हो रहा है। आज यह कहा जाता है कि यह जो सब कुछ हो रहा है उसमें विदेशी लोगों का हाथ है। अगर उनका इसमें हाथ नहीं है तो उस मन्दिर में हमें विदेशी लोग देने को कैसे मिले।

सभापति महोदया, आज एक नई बात सुनने में आती है कि सिख एक अलग राष्ट्र है। क्या हमारे देश में अनेक राष्ट्र बसते हैं? ऐसा कदापि नहीं हो सकता। मैं सभी लोगों से, विपक्ष में बैठने वाले माननीय सदस्यों से भी दरख्वास्त करूंगी कि जब इस तरह की परिस्थिति उत्पन्न हो गई है और हमारे राष्ट्र की एकता को खतरा उत्पन्न हो रहा है तो हम सब लोगों को एकसाथ मिल कर इसका सामना करना चाहिए। आजादी से पहले भी, किस तरह से भारत में मुस्लिम लीग की तरफ से दो राष्ट्रों की मांग आई थी और उसका फल हमें भोगना पड़ा। आज इस देश के कुछ मुट्ठीभर लोग ही सही, सिख राष्ट्र की बात करते हैं। ऐसी बातें हमारे राष्ट्र के टुकड़े-टुकड़े कर सकती हैं।

जैसा कि कहा जाता है कि कांग्रेस की सरकार इनसे टकराव चाहती है। कांग्रेस की सरकार ऐसा कुछ नहीं करना चाहती है। इस बात से यह चीज़ सिद्ध हो जाती है कि हमारी सरकार की यह हमेशा इच्छा रही है बातचीत के द्वारा यह मसला हल हो जाए। इसीलिए सरकार निमंत्रण देती है, लोंगोवाल को भी निमंत्रण देती है कि आकर बातें करो। लेकिन बात तो दोनों तरफ से ही हो सकती है। लेकिन उनकी तरफ से बातचीत के लिए कुछ नहीं किया जा रहा है। हमारी सरकार तो ऐसी परिस्थितियां बनाये रखना चाहती है कि जिससे यह मसला बातचीत के द्वारा हल हो जाये। अगर वे हमारी सरकार को रचनात्मक सहयोग देने को तैयार होंगे तो हमारी सरकार हमेशा ही उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए तैयार हैं।

जब अकाली दल सत्ता में था तो उन्होंने कभी इसकी मांग नहीं की, कभी मोर्चा नहीं लगाया। लेकिन हमारी प्रधान मंत्री जी जब पटियाला में कपूरी गांव में केनाल का उद्घाटन करने गयीं तो उसके बाद से यह मोर्चे का तमाशा शुरू हुआ। मैं यह कहना चाहती हूं कि वहां भी लोगों को यह कहते हुए पाया गया कि ये मुट्ठी भर लोग ही यह तमाशा कर रहे हैं और बाकी कोई आदमी यह नहीं चाहता कि देश का बंटवारा हो। वे यह भी जानते हैं कि खालिस्तान से उनको कोई सुविधा नहीं मिलने वाली है। उनको जो आर्थिक सहायता और अन्य सुविधाएं दी जाती हैं वे खालिस्तान और अलग राष्ट्र बनने से मिलने वाली नहीं है। इसलिए मैं बड़े अदब के साथ कहना चाहती हूं कि आरोप-प्रत्यारोप को छोड़कर हम सबको मिलकर राष्ट्र की एकता को बनाने के लिए, अखंडता को बनाने के लिए प्रयास करना है।

MR. CHAIRMAN : Now, Mr. Bahuguna may speak.

The time fixed for the debate was up to 8 O'clock. Now there are about 8 speakers. So would you like to extend the time ?

SHRI H.N. BAHUGUNA : We will continue tomorrow.

MR. CHAIRMAN : No, no. Today only we have to finish it. So, how long the House should sit ?

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE : Till it is disposed of.

MR. CHAIRMAN : Up to 10 O'clock. Is it all right ?

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE : How many speakers are there still ?

MR. CHAIRMAN : Eight persons.

(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Then the Motion will be put at 10 O'clock.

SHRI GEORGE FERNANDES : At 11 O'clock.

श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा : अगर 10 बजे तक हो जाए तो ठीक है नहीं तो और समय बढ़ा देना।

MR. CHAIRMAN : Yes, we will continue.

श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा (गढ़वाल) : माननीय सभापति महोदया, यह बड़े सौभाग्य की बात है कि मुझे अपने और अपने दल के विचार इस महत्वपूर्ण प्रश्न पर रखने का अवसर मिल रहा है। महत्वपूर्ण प्रश्न है इसलिए अगर सभी के विचार इस पर आ जाएं तो अच्छा रहेगा।

मुझे इस बात का बहुत खेद है कि माननीय प्रधानमंत्री जी, जब इतने महत्वपूर्ण प्रश्न पर इस सदन में बहस हो रही है—जिसके बाबत उनको चिन्ता है और उन्होंने अपनी इस चिन्ता को धरती से लेकर हिमालय की ऊंचाई तक प्रकट किया है, उनकी इस चिन्ता का सुबूत उनकी अनुपस्थिति से कुछ उल्टा ही मिल रहा है। लगता नहीं है कि उनको कुछ चिन्ता है। पहली बात तो यह है कि इतने बड़े राष्ट्रीय महत्व के प्रश्न पर सारे विपक्ष की तरफ से कुछ बातें बोली जा रही हों और वे यहां न हों, इससे क्या साबित होता है ? मुझे याद है कि एक बार अविश्वास का प्रस्ताव आया था तो उन्होंने विरोधी दल के नेताओं पर चार्ज लगाया था कि कई बार सदन में जब हरिजन की बात आती रही है वे लोग सदन में नहीं रहते। मुझे अफसोस है कि प्रधान मंत्री की अनुपस्थिति का यह कोई पहला मौका नहीं है। असम पर चर्चा हुई तब भी वे यहां नहीं थीं। पिछली मरतबा पंजाब की बात हुई तब भी वे यहां नहीं थीं और आज जब पंजाब की बात हो रही है तब भी वे यहां नहीं हैं। अब भारत की जनता समझ ले कि चिन्ता किसको ज्यादा है। 80 साल के बूढ़े चरण सिंह जी को ज्यादा है या 66 साल की प्रधानमंत्री जी को ज्यादा है। इस बात को वे लोग भी समझ लें जो यहां बैठे हुए हैं।

वे यहां होतीं तो दो फायदे होते। एक तो बहस सारगर्भित हो जाती। कोई निर्णय लेने का रास्ता निकलता और मूल बात यह है कि उनको इस समाचार पर जिन बातों का ज्ञान है उसकी जानकारी सदन और देश को होती, क्योंकि शुरू से ही सारे मामले के हर पहलू से उनकी वाकफियत रही है और उनकी जानकारी का लाभ इस सदन को मिलता। हम लोग जहां गलत होते, वह उसको ठीक करतीं और जहां वे समझतीं कि हमारी बात में कोई शक्ति है, उसको वे स्वीकार करतीं। इसलिए मुझे बहुत दुख है कि इतने रास्ट्रीय महत्व के प्रश्न की चर्चा के समय वे अनुपस्थित हैं। उनकी अनुपस्थिति हम लोगों को खटकती है और यह रवैया खटकता रहेगा। जब तक उनका यह रूख सदन के प्रति रहेगा तब तक हमें यह शिकायत उन से बराबर बनी रहेगी।

20.30 hrs.

[SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI *in the Chair*]

PROF. N.G. RANGA : There is no question of disrespect or anything. The Home Minister is there.

श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा : रंगागारू से मैं बहुत प्रभावित हूं और आज से नहीं अपने बाल्य-काल से हूं क्योंकि वह जितनी भक्ति और श्रद्धा देश के प्रश्नों में रखते हैं, विचार यहां बैठे सुनते रहते हैं, उसको देखते हुए मुझे पूर्ण भरोसा है कि वह इन विचारों को सुनने के बाद जो विचार बनाते होंगे या एक दो बुजुर्ग और हैं वे बताते होंगे वे शायद अकेले में प्रधान मंत्री जी को उनकी उप-स्थिति के बारे में भी बताते होंगे। उनकी चिन्ता और सद्भावना देश के प्रति इसकी प्रतीक है। हमारी उम्र वालों को उनसे सबक लेना चाहिए। नेरा नम्र निवेदन है कि प्रधान मंत्री को अगर वह समझा सके तो जरूर समझा दें। उनके पूज्य पिता जी श्री जवाहर लाल नेहरू जब उनको लकवा भी हो गया था उन दिनों में भी वह यहां इस सदन में मुख्य प्रश्नों के वक्त बैठे रहा करते थे। वह वहां बैठा करते थे। अगर आज वह होते तो उन्हें आज भी उस जगह से बैठा देखते। जब भारत पर चीन का आक्रमण हुआ था, तब उस प्रश्न पर जब यहां बहस हो रही थी और सरकार के खिलाफ अविश्वास का प्रस्ताव भी आया था, तब तबीयत खराब होने के बावजूद भी वहां बैठकर वह शख्स बराबर घंटों-घंटों बहस को सुनता रहा, बैठा रहा। उनके नाम पर प्रधान मंत्री को राज मिला है। परिवार के कारण राज मिला है। लेकिन पिता के रास्ते पर चलने का मन नहीं बना है। खैर यह अलग बात थी। मैं कहता नहीं। लेकिन रंगागारू ने याद दिला दिया इसलिए थोड़ा बोलने का मौका मिल गया (**इण्टरप्शंज**)।

उनको मैं लीडरों का लीडर मानता हूं। जब प्रधान मंत्री जी का जन्म राजनीति में नहीं हुआ था तो वह जेल गए थे। उसको आप छोड़ दें। मैं उनकी बहुत इज्जत करता हूं। बदकिस्मती से प्रधान मंत्री वह हैं नहीं। मैं क्या करूंगा। वह मेरा कसूर तो है नहीं।

मैं साफ कहना चाहता हूं कि हमारा जरा भी तनिक भी यह मन नहीं है कि हम यह कहें कि उधर का दोष है या इधर का दोष है। एक बात मैं याद दिलाना चाहता हूं कि देश की अखण्डता का नारा हर बार बे-मौके, या अपनी भूल छुपाने के लिए लगाना ठीक नहीं है। कहने में शर्म आ रही है मुझको लेकिन कहना पड़ रहा है क्योंकि स्वराज्य के लिए मैं भी लड़ा हूं, शैलानी जी जब बच्चे थे कि 1934 में मद्रास सरकार ने तत्कालीन अंग्रेजी राज्य के जमाने में कृष्णा के पानी को लेकर झगड़ा था। मद्रास राज्य के सामने प्रस्ताव आया कि सैक्रेटरी आफ स्टेट को मामला आर्बिट्रेशन के लिए भेज दिया जाए। तब गवर्नर इन काउन्सिल ने लिखकर भेज दिया कि हमें तुम्हारा फैसला नहीं चाहिए। हम तो फैड्रल कोर्ट के जज से फैसला लेंगे। अंग्रेज की उदारता आप देखिए, गवर्नर इन काउन्सिल का फैसला आप देखिए, सैक्रेटरी आफ स्टेट ने जरा नहीं कहा कि मेरा फैसला मानो, मैं पंच बनूंगा।

1966 में पंजाब का बंटवारा हुआ। प्रधान मंत्री को क्या मालूम नहीं था कि पानी का भी बंटवारा करना है, तब क्या पता नहीं था कि उसका जो कैपिटल है उसका भी निर्णय होना है। पानी के बंटवारे के सिलसिले में भूल जाइये कि लौंगूवाल साहब क्या कहते हैं या अकाली दल वाले क्या कहते हैं। आप याद करें कि आपने क्या किया है। 1956 में एक कानून भारत में बना—इंटर स्टेट वाटर डिसप्यूट्स एक्ट। 1969 में वर्तमान प्रधान मंत्री के नेतृत्व में इस सदन ने उसको एमेंड किया। उसमें क्या यह प्रावधान है कि अगर दो राज्यों या दो से अधिक राज्यों में पानी के बंटवारे के बारे में झगड़ा हो तो कैबिनेट फैसला करे? यह कहीं नहीं लिखा है। कैबिनेट तो कहीं उसमें आती ही नहीं है। तसवीर में वह आती ही नहीं है। उसका कोई वजूद ही नहीं है। ऐसा हो तो फैसले के लिए उसको जाना चाहिए ट्रिब्यूनल में और ट्रिब्यूनल का कम्पोजीशन भी उसी अधिनियम में दिया हुआ है। उसमें लिखा हुआ है कि केन्द्रीय सरकार चिट्ठी लिखेगी चीफ जस्टिस को और सुप्रीम कोर्ट का जज वह नियुक्त करेंगे और दो जज और होंगे जो दोनों सुप्रीम कोर्ट के भी हो सकते हैं और हाई कोर्ट के भी हो सकते हैं। मंत्री महोदय जब उत्तर दें तो तीन बातें इस सम्बन्ध में मैं उनसे जानना चाहता हूं। 1966 से अब तक इंटर स्टेट वाटर डिसप्यूट एक्ट के मातहत पंजाब और हरियाणा के पानी के विवाद को हल करने के बजाय आप गुत्थी क्यों उलझाते रहे हैं? मान्यवर, मुझे क्षमा करेंगे शासक दल के नेता इतने काबिल हैं कि "इनकी सीस्त देखिये जब सुलझ जाती है गुत्थी, तो फिर उलझा देते हैं यह" मेरा जानना है कि प्रधान मंत्री ने अपने ऊपर यह जिम्मेदारी क्यों ली? वैसे ही बहुत आप पर काम है, सेहत अच्छी नहीं है। इण्टर स्टेट वाटर डिसप्यूट एक्ट में लिखा है कि सीधे सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को लिखें। 1966 से अब तक फिर आप अपने अधीन इस मसले को क्यों उलझाए हुए हैं? आपको इण्टर स्टेट वाटर डिसप्यूट एक्ट के मातहत सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को लिखना चाहिए था कि वह ट्रिब्यूनल बनायें जिसका चैयरमैन सुप्रीम कोर्ट का जज हो और दो जज और चाहे हाई कोर्ट के या दोनों सुप्रीम कोर्ट के जज हो सकते हैं।

दूसरा सवाल यह है जब लोगों की ट्रांसफर आफ जजेज के बाद हाई कोर्ट के जजों के सम्बन्ध में तरह-तरह की मन में धारणाएं बन रही हैं, डरे हुए हैं लोग, तो उस हालत में लॉ में प्रोवीजन है कि

(व्यवधान)

तो मंत्री जी बतायें कि आज इस वाटर डिसप्यूट के लिए जो ट्राइब्यूनल वह सोच रहे हैं उसके लिए वह चीफ जस्टिस को लिखेंगे कि नहीं? चाहें तो तीनों जज सुप्रीम कोर्ट के ही रखिए, चेयरमैन भी और दो मेम्बर भी, या चेयरमैन सुप्रीम कोर्ट का जज हो और मेम्बर हाई कोर्ट के जज हों।

मैं प्रार्थना करना चाहता हूं कि ट्राइपारटाइट कमेटी में जिन बातों पर सब लोगों का मतैक्य हो गया और 30 जून की विपक्षी दलों की मीटिंग में उस दिन के प्रस्ताव में बात बैठ गई कि अब पानी का झगड़ा राजस्थान से नहीं है, हिमाचल प्रदेश से नहीं है, तो आप मान्यवर समझाइये शासक दल को कि कह कहकर वह अकालियों को जबरस्ती याद न दिलायें कि तुम्हारे और भी झगड़े हैं, कुछ और भी झगड़े करो। वह कहते हैं हमको नहीं लड़ना है। राजस्थान से 1955 वाला फैसला आखिरी मानते हैं, ट्राइपारटाइट कमेटी में बात हो गई। और अगर अकाली दल इसको नहीं मानेगा तो सदन के सभी पक्षों की राय उनके खिलाफ होगी। विरोधी दल में कोई नहीं है जो पानी के मसले पर हरियाणा और पंजाब के अलावा बात करने के पक्ष में हो। क्यों है इस पक्ष में? उसका कारण है, इसलिए नहीं कि लड़ाई है...

(व्यवधान)

एक सज्जन कह रहे थे आप तो आग में घी

डाल रहे हैं। हम तो इसलिए बोल रहे हैं क्योंकि माननीय चिरंजीलाल शर्मा मेरे मित्र हैं, मैं नहीं देख रहा हूं उन्हें यहां अभी, पानी का झगड़ा इसलिए बोलते हैं, हमारी तरफ से कोई झगड़ा नहीं है, माननीय चिरंजीलाल शर्मा ने आंकड़े पढ़े तो हर बार झगड़ा हरियाणा का पानी का ही होता चला गया। या कहिये हरियाणा और पंजाब के पानी का झगड़ा अगर नहीं है तो कोई क्वान्टिटी एक ही बार में तय क्यों नहीं हो गई ?

दूसरी बात 1976 में जब इमरजेंसी लगी हुई थी तो जब सेन्ट्रल कैबिनेट ने इस मुद्दे पर फैसला किया तब तत्कालीन मुख्यमत्री, ज्ञानी जैल सिंह ने, जो आज राष्ट्रपति हैं, क्या उन्होंने पंजाब की ओर से यह नहीं कहा, चिट्ठी लिखकर, कि यह फैसला मुझको मंजूर नहीं है। उनका पत्रक प्रधान मंत्री के सचिवालय में मौजूद है और उसी के आधार पर जब जनता पार्टी का राज्य आया तो अकाली दल वालों ने कहा कि हमारा समझौता नहीं हुआ। मौरार जी भाई ने कहा तुमने आर्मिट्रेशन में दे दिया प्रधान मंत्री के। उन्होंने कहा हमारी तरफ से, पंजाब की तरफ से नहीं गया, क्योंकि ज्ञानी जैल सिंह का विरोध पत्र मौजूद है पानी का बंटवारा अन्यायपूर्ण हुआ है पजाब की दृष्टि से। हमारी समस्या यह है कि हमारे माननीय स्टीफन साहब या दूसरे जो शासक-दल वाले लोग हैं, उनको हरियाणा भी दिखता है, पंजाब भी दिखता है, हमको सिर्फ भारत दिखता है। आप सब देखते रहोगे, सब खो जाओगे, हमको चिड़िया की आंख दिखती है कि भारत रहेगा या नहीं। अगर भारत नहीं रहेगा तो कोई रहनेवाला नहीं है।

सवाल यह है कि पानी के विवाद का एकतरफा फैसला आपने एमरजेंसी में किया। वहां आपके ही मुख्यमंत्री ने कहा कि आपका फैसला गलत है। अब आप हमें गाली क्यों दे रहे हैं कि पानी का झगड़ा है ? पानी का झगड़ा है तो हल क्यों नहीं किया ? आप कानून के मुताबिक फैसला करो। सरकार कहती है कि जो मनमानी होगी करेंगे। 'रूल आफ मैन, खत्म करो, 'रूल आफ लाज़' चालू करो। विरोधी दल ने पानी के झगड़े पर कौन सी बात विवादास्पद बोली है, गलत बोली है ? विवाद की जड़ तो उस तरफ बैठी है और इस वक्त गैर-हाजिरी है।

श्री धर्मदास शास्त्री : जब भारत दिखता है तो भारत के लोग ही पानी पी रहे हैं। भारत को देखने वाले पानी को क्यों बांट रहे हैं ?

श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा : माननीय धर्मदास जी का मैं धन्यवाद करता हूं कि वह सब को पानी पिला रहे हैं। मेरा कहना यह है कि पानी के विवाद पर आपको यह उत्तर देना होगा कि मुख्य मंत्री ज्ञानी जैल सिंह ने उजरदारी की थी या नहीं ? और की थी तो उस वक्त आपने उस विवाद को सीधा सुप्रीम कोर्ट क्यों नहीं भेजा ?

श्री गिरधारी लाल व्यास : आपने क्यों नहीं फैसला किया ?

श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा : हमारे यूथ कांग्रेस (आई) के नेता, बाल कांग्रेस के नेता, हमारे मित्र जिनका मैं आदर करता हूं, वह मुझसे पूछ रहे हैं कि तुमने क्यों नहीं फैसला किया ? मैं तो इतनी ही बात जानता हूं कि उस जमाने में तत्कालीन सरकार कुछ बातों को, मान्यताओं को आधार मानकर चली और जहां मान्यता नहीं मानी उसमें थोड़ी चोट भी खा गई।

श्री गिरधारी लाल व्यास : वहां पर अकाली दल ने माना ही नहीं, इसलिए फैसला नहीं हो पाया।

श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा : आपको पता नहीं है, मत बोलिए।

उस सरकार ने कहा कि पिछली सरकार ने निर्णय किया है। जब बादल साहब चीफ मिनिस्टर हो गये तो उन्होंने अपनी मिसल में से ज्ञानी

जैल सिंह का पत्र निकाल लिया और मोरारजी भाई को कहा कि पत्र हमारे पास मौजूद है। मोरारजी भाई ने कहा कि आप सुप्रीम कोर्ट में जाओ और सुप्रीम कोर्ट में वह केस चला गया।

1980 में जब भजनलाल जी ने अपनी भजन-मण्डली के साथ इधर का परित्याग कर उधर शामिल हो गए तो उन्होंने दरबारा सिंह जी के दरबार को और अपने दरबार को मिलाकर उस निर्णय को इंदिरा जी के दरबार में ले गये और सुप्रीम कोर्ट से केस वापिस हुआ। एक निर्णय फिर हुआ और उसी निर्णय को अकाली दल ने कहा है कि हमारे साथ ज्यादती है।

श्री एम० रामगोपाल रेड्डी (निजामाबाद): उपाध्यक्ष महोदय, ये इतने बड़े नेता हैं, ये इन्दिरा जी का दरबार बोलते हैं, इन्हें शर्म आनी चाहिए। उनका आफिस होता है, दरबार नहीं होता है। दरबार तो राजा-महाराजाओं का होता। इन्हें यहाँ ऐसी बात नहीं करनी चाहिए।

श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा: राजाओं के भी बाप से बेटा और बेटे से बेटा होता है। आजकल तो हम यहां भी दरबार ही देख रहे हैं। हमारे रेड्डी साहब जिस सूबे से आए हैं, उसी सूबे के एक मुख्यमंत्री ने, इंदिरा कांग्रेस के मुख्यमंत्री ने एक टोपी बनवा ली थी निजाम की तरह की और ऐसा दरबार लगाया था जिसमें माननीय रामगोपाल रेड्डी भी शामिल हुए थे।

(व्यवधान)

बैठो, नहीं तो और बातें भी याद दिलाऊंगा।

दूसरा कहना यह है कि चण्डीगढ़ का विवाद। क्या विरोधी पक्ष ने यह विवाद पैदा किया है यदि हां, तो हम जिम्मेदार हैं। जहां तक पंजाब को बांटने का प्रश्न है उसके लिए प्रस्ताव किसने पास किए थे? क्या विरोधी दल के किस किस दल ने? सी. पी. आई., सी. पी. आई. (एम) सोशलिस्ट पार्टी, प्रजा सोशलिस्ट पार्टी ने? यह सारे का सारा मामला राजनीति से प्रेरित होकर चला और पंजाब का बंटवारा हो गया।

बंटवारा तो हुआ इस देश में कई राज्यों का, मैं अपने बंधुओं से कहूंगा, कुछ कह रहा हूं सुन लो, फिर मौका समझने का नहीं मिलेगा। (**व्यवधान**)

स्टेट्स रिआर्गेनाइजेशन कमीशन ने इस देश में कई राज्यों का विभाजन किया, भाषा के आधार पर राज्य बने। मद्रास स्टेट के दो राज्य बन गए—तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश। लेकिन उनमें राजधानी के लिए झगड़ा नहीं हुआ। नार्मल शक्ल में मद्रास उसको चला गया। इसी तरह से जब महाराष्ट्र बना तो बम्बई उसके साथ चला गया। लेकिन जब पंजाब और हरियाणा बने तो एक नई बात पैदा हो गई। राजधानी के बंटवारे का सवाल क्यों उठा दिया गया? अगर उठा ही था तो उसी दिन निर्णय कर देते और कह देते कि हरियाणा को देना है चंडीगढ़। लेकिन लोगों का सिद्धांत यह है कि, लोगों में फूट डालो और राज करो, अगर कोई झगड़ा ही नहीं रहेगा तो दिल्ली को पूछने कौन आयेगा। तो वही लोग झगड़े कायम रखते हैं। हमारा वर्तमान संविधान जो है उसमें इतनी बातें राज्य सरकारों के लिए हैं कि राज्य सरकारें अपने अपने क्षेत्र में काम करें और हस्तक्षेप दिल्ली से न हो तो दिल्ली कुछ कर नहीं सकती है लेकिन उसके लिए अपनी पार्टी के मुख्यमंत्री पर काबू रखने के लिए एक नया इंस्ट्रूमेंट रूलिंग पार्टी ने ईजाद किया है जिसको कहते हैं 'डिसीडेन्ट्स'। डिसीडेन्ट्स चीफ मिनिस्टर के पीछे लग जाते हैं जैसे कि किसी की दुम में कनस्तर बंध जाता है और वह फटफट बजता रहता है। चीफ मिनिस्टर दिल्ली आकर कहते हैं कि कनस्तज खोल दो। वरना हमारे फेडरल स्ट्रक्चर में किसी चीफ मिनिस्टर को रोज-रोज दिल्ली दरबार में आने की जरूरत नहीं है।

सभापति महोदय: समय का भी खयाल रखिए।

श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा : लोगों ने 50-50 मिनट बोला है। मैं एक भी निरर्थक बात नहीं बोलूंगा और कोई बात दोहराऊंगा नहीं। एक ज़माने में मेरी बात पर आप चलते थे। (**व्यवधान**) लेकिन उस वक्त या इस वक्त का सवाल नहीं है। चंडीगढ़ के कैपिटल के मामले पर, जब पंजाब और हरियाणा अलग हुए, उस दिन निर्णय देना था। यह निर्णय विरोध पक्ष को नहीं देना था, जम्मू कश्मीर के चीफ मिनिस्टर या उत्तर प्रदेश के चीफ मिनिस्टर को नहीं देना था, यह निर्णय भारत की सरकार को देना था जिसको केन्द्रीय सरकार बोलते है हालांकि केन्द्र (सेन्टर) का शब्द संविधान में कहीं नहीं है। वहां पर यूनियन गवर्नमेंट है। यह गलत शब्द प्रयोग में आ गया। जब आ गया तो चल भी गया। यह केन्द्र कहां का है? यह केन्द्र वह है जो विकेन्द्रित करने के लिए बिलकुल तुला हुआ है। टूट-फूट, बिखराव, विघटन करने के लिए तुला हुआ है। वाजपेयी जी बैठे हैं, मैं डरता हूं कहीं गलत शब्द प्रयोग न कर जाऊं।

तीसरा सवाल यह है, जैसा मैंने कहा कि जिस प्रदेश के नाम से राजधानी बनी और शरणार्थियों को मिलने वाले रुपयों से बहुत सारा काम बना और उसके अलावा बोली, पंजाबी भाषा के आधार पर प्रदेश बन रहा था तब चंडीगढ़ की भाषा क्या पंजाबी नहीं थी आज भी अमृतसर के सर्किट हाउस में जितने भी कर्मचारी हैं वे हिन्दू भाई हैं हालांकि सभी पंजाबी बोलते हैं। मैं जिस हिन्दू मित्र के घर में जाता हूं, भाटिया साहब यहां पर आ गए हैं उनके घर में भी आपस में जो वार्तालाप भाई-बहन, भाई-भाई और व्यापारियों में होती है वह पंजाबी में होती है। वह इसको मान रहे हैं। मेरे गढ़वाल के कई लड़के चंडीगढ़ में नौकरी कर रहे हैं, उनसे बात करी तो पंजाबी में जवाब देने लगे। मैंने पूछा आपको क्या हो गया है तो उन्होंने कहा आदत जो है, हम पंजाबी बोलते हैं। इसलिए पंजाब और हरियाणा के बीच में राजधानी का झगड़ा भी उधर की जिम्मेदारी है, इधर की नहीं है।

जहां तक आल-इण्डिया गुरुद्वारा ऐक्ट बनाने की बात है, तो उधर के माननीय सदस्य सत्ता पक्ष के कह रहे थे कि विरोधी पक्ष वाले कहते हैं कि आल इण्डिया गुरुद्वारा एक्ट बनाओ। श्री निहाल-सिंहवाला जी बोल रहे थे कि अकाली लोग बड़े गड़बड़ हैं। एक तरफ तो कहते हैं कि सरकार हस्तक्षेप न करे और दूसरी ओर कहते हैं कि हमारा आल इण्डिया कानून बना दो। इनको मालूम ही नहीं जितने हिन्दुओं के मन्दिर हैं, स्टेट गवर्नमेंट बनाती हैं। इनको मालूम ही नहीं कि कोई ऐसा नहीं है जहां हिन्दू और मुसलमानों के धर्म स्थान के सम्बन्ध में कोई न कोई कानून न बना हो और जहां नहीं बने हैं, जैसे वाराणसी शिव मन्दिर के लिए नहीं बना था तो वहां शिव जी की चोरी हो गई और सारा सोना गायब हो गया। मैं एक बात आपके जरिए उनसे कहना चाहता हूं कि अकालियों का प्रभुत्व जो कुछ भी होगा, वह पंजाब के भीतर है। उत्तर प्रदेश में अकाली पार्टी सिफर हो जाती है। पटना में और बिहार में जाकर सिफर हो जाती है। अगर पटना साहब का या किसी दूसरी जगह का प्रतिनिधि SGPC में जाएगा तो, मैं आपके जरिए श्री अटल जी से भी प्रार्थना करना चाहता हूं कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी में पंजाब का एक्स्ट्रीमिस्ट जो सोचता है, उसके सामने कुछ दूसरी समझ के लोग भी सामने हो जाएंगे। पटना से, बम्बई से और नागपुर तथा दूसरे स्थानों से जो इस प्रकार शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी में प्रतिनिधित्व होगा, वह प्रतिनिधित्व भारत के हर भाग से प्रभावित होगा और देशहित में होगी उनकी राय। यह व्यवस्था सारे देश को एक करेगी। कोई बड़ी भारी मांग वे नहीं कर रहे हैं। उनके कुछ प्रमुख गुरुद्वारे हैं। सरकार ने इस मांग और दूसरी धार्मिक मांगों को मान भी लिया है, लेकिन हैरत की बात यह है कि जिस बात को सरकार ने स्वयं मान लिया उसके लिए भी सत्ता पक्ष के कई सदस्यों ने विरोधी पक्ष को दोषी बताया और उसकी भी आज आलोचना की है।

मान्यवर, आज सिखों के सम्बन्ध में तरह-तरह की बातें कही जा रही है। मैंने कई बार उनसे वार्तालाप किया है। हमारे जार्ज फर्नाण्डीस

साहब ने बादल साहब का एक पत्र पढ़ा। मेरा कहना यह बिल्कुल भी नहीं है कि आप हिन्दुस्तान में धर्म के आधार पर कोई बंटवारा किसी भी प्रकार का स्वीकार करें। धर्म के आधार पर राष्ट्र बनते नहीं हैं। यह बात मैं यहां नहीं बोल रहा हूं। मंजी साहब दरबार में जहां जाने से निहाल-सिंहवाला डर रहे हैं और कह रहे थे मैं वहां जाने से डरता हूं, जाता नहीं हूं। वहां मान्यवर मैंने भाषण दिया है और उस जगह सारे सिख समुदाय के सामने बोला है कि धर्म के आधार पर कोई राष्ट्र नहीं बना और दुनिया में वैटिकन को छोड़-कर धर्म पर आधारित एक भी राष्ट्र नहीं है। लोगोंवाल साहब की 14 जुलाई की चिट्ठी है, उसकी एक लाइन मैं पढ़ देना चाहता हूं। कोट— अखबारों में यह खबर छपी है कि सन्त जी ने कहा है कि—

> 'Sikhs are a nation' 'There is no place for Sikhs in India'

तब मैंने उनको लिखा कि सन्त जी इस मामले में आप गलती पर हैं। यह बात सही नहीं है, धर्म के आधार पर कोई राष्ट्र बन नहीं सकते हैं और किसी दुनिया में भी ऐसा नहीं है। मैंने उनको यह जरूर कहा :—

> "May I appeal to you for counselling all those who are struggling for the just resolution of problems facing Punjab to spread the message of love, compassion and brotherhood while focussing attention on the demands most of which have found solution as indicated in the Resolution adopted on the 30th June and as incorporated in my letter to the Prime Minister a copy of which I had earlier sent to you."

इस पर हमने यह कहा था—

> "As one committed to work for the traditional peace and amity and uninterrupted brotherly relations between the two communities, may I in all humility register with you my views that such statements provide a handle to those who are not interested in bringing about normalcy and solution to the problems raised by your Party."

इसके साथ ही मैंने उनको साफ कहा था कि आपने जो दो नेशन्ज का सवाल उठाया है, यह चलने वाला नहीं है। इसी तरह से हमारा यह भी कहना है कि पंजाब के लोगों के साथ मैंने बातचीत की है, मैं गांवों के अन्दर भी गया, माननीय भाटिया जी का मुझे विश्वास है मेरा समर्थन करेंगे कि वहां आज भी कोई झगड़ा नहीं है। यह कहना कि यू० पी० और बिहार के मजदूर वोटर न हों, वे कहते जो भी हों लेकिन ऐसी बात नहीं है। वहां सभी वोटर बन गए हैं और सबने वोट डाला है। मैंने गांवों में जाकर देखा, लोगों से बात भी की, उन्होंने मुझे बतलाया कि लोगों ने वोट भी डाला है। जो मजदूर वहां परमानेन्ट रहते हैं वे वोट डालते हैं, लेकिन जो सीजनल हैं, क्रापिंग के समय आ जाते हैं और बाकी समय में नहीं होते हैं, वे नहीं डालते हैं।

श्री रघुनंदन लाल भाटिया : क्या उस पत्र का जवाब आया ?

श्री हेमवती नंदन बहुगुणा : जवाब आया। उनसे बातचीत होने के बाद मेरा दिमाग साफ है। मैं एक बात कहना चाहता हूं— धक्का देकर वर्तमान अकाली नेतृत्व को दूर दीवाल तक मत भेजो। ऐसा न हो कि बाद में पछताना पड़े। हमने बदकिस्मती से वह भी जमाना देखा है— जब नार्थ-वेस्ट फ्रांटीयर, बिलोचिस्तान, जम्मू-काश्मीर, पूरे का पूरा पंजाब का इलाका, सब जगहों पर मुस्लिम लीग हार गई थी—मुहम्मद अली जिन्नाह की मुस्लिम लीग। पर हमने वह जमाना भी देखा है—जब 1940 में पाकिस्तान का प्रस्ताव पास हो गया तो जिन्नाह साहब आराम से बैठ गए और हम लोग प्रचार में जुट गए कि पाकिस्तान नहीं बनने देंगे। लोगों ने कहा कि क्यों नहीं बनने देंगे ? तब हमने समझाया

कि यह पाकिस्तान नहीं बनने देंगे। जगह-जगह पर भाषण करने गए, बात यह फैली जिसे हम मिटाना चाहते थे। मेरी राय है कि खालिस्तान के खिलाफ लड़ो, लेकिन जब आधा फीसदी आदमी भी खालिस्तान की मांग नहीं कर रहे है तो हम अपने से उसका प्रचार क्यों करें ?

अभी स्टीफन साहब कह रहे थे कि जार्ज साहब ने कहा था — जब अमरीका वाले आये तो प्रधान मंत्री जी ने उनसे क्या कहा, क्या बात बतलाई। मैं एक बात कहना चाहता हूं—हम तो प्रधान मंत्री जी के करीब नहीं हैं, जो करीब है और गलत राय दे रहे हैं, वे जाने, लेकिन जब प्रधान मंत्री जी बाहर के देशों का दौरा करके आयीं—युगोस्लाविया और शायद आस्ट्रिया हो कर आई थीं, आते ही बजाय यह बताने के कि "नाम" के "चेअर-परसन" के रूप में "अंकटाड" में क्या करके आई हैं, उन्होंने यह कहा—"खालिस्तान आंदोलन की जड़ और बुनियाद अमरीका में है।" जब भारत की प्रधान मंत्री यह बोलती हैं तो मैं भारत की प्रधान मंत्री से जानना चाहता हूं—जिस देश में वह इस देश विरोधी आंदोलन की जड़ बतलाती हैं, उस देश के साथ इस देश का संबंध रखकर वह खालिस्तान की मदद कर रही हैं या हम मदद कर रहे हैं ? प्रधान मंत्री जी इस समय हाउस में नहीं हैं, हम जानना चाहते हैं, वे हमको बतलायें कि उन्होंने ऐसा क्यों कहा था ? हमारे माननीय इन्द्रजीत गुप्ता जी कह रहे थे कि उनके पास सबूत नहीं कि इस मसले में C I A का कितना हाथ है लेकिन हमारे पास सुबूत है। प्रधान मंत्री ने यह बयान दिया है कि अमरीका में खालिस्तान की जड़ है। प्रधान मंत्री जी से इस सदन में जवाब तलब करना चाहिए—ऐसा करने के बाद भी वह प्रेस-कम्यूनिक निकला सल्टज साहब के साथ दोस्ती वाला कौन सा झूठ है, कौन सा सच है ? इससे आशंका होती है—यह हम जानना चाहते हैं। कहीं सी०आई०ए० का नाम इसीलिए तो नहीं ले रही हैं कि देश वासियों को डराकर रखो। मैं प्रधान मंत्री जी के संबंध में यह बात किसी छेपक के रूप में नहीं, बल्कि वास्तविक रूप में कह रहा हूं। वह मेरी कांस्टीचूएन्सी में गई और सारी जगहों पर सिवाय पंजाब के कोई जिक्र नहीं किया।

21.00 hrs.

मैं पंजाब गया संत लोंगोवाल के पास, हिन्दुओं और सिखों की एकता कराने के लिए अपील करने और मैं इस समय कुछ बोलना नहीं चाहता लेकिन मैं यह कह सकता हूं कि उसका परिणाम सामने आएगा। इस तरह से आप यह देखें कि मैं पंजाब में गया देश के लिए और प्रधान मंत्री जी मेरे क्षेत्र में गयीं वोटों के लिए। यह बंटवारा उनके और हमारे काम का था और वहां जाकर उन्होंने यह कहा कि पंजाब में गड़बड़ है। वे यहां पर क्यों नहीं बोलतीं कि पंजाब में क्या-क्या गड़बड़ है। यह सदन देश की एक सोवरन बोडी है और यहां पर वे खामोश हैं और बाहर बोलती हैं। वे सड़कों पर बोलेंगी और यहां नहीं बोलतीं, जो सदन में गूंगा बन जाए ऐसा गूंगा प्रधान मंत्री हम को नहीं चाहिए, नहीं चाहिए।

MR. CHAIRMAN : Mr. Unnikrishnan.

SHRI A.T. PATIL : I am on a point of order under Rule 362.

MR. CHAIRMAN : That is a closure motion. I think you were not present then. The time has been extended.

Shri Unnikrishnan.

SHRI A.T. PATIL : Sir, I move :

"That the question be put".

MR. CHAIRMAN : Mr. Patil, there is no point of order.

Shri Unnikrishnan.

SHRI K.P. UNNIKRISHNAN (Badagara) : Mr. Chairman, Sir, for the last six hours or so, we have been debating this motion for an adjournment. It concerns a very vital national issue—an issue of great national significance—for our future and for

the unity and cohesion of this country. But, Sir, as usual, it is our misfortune that while we have been debating this issue of great significance as admitted even by the Prime Minister—the Leader of the House as she is—she is unable to be present in this House to hear our points of view and to rebut them if necessary or challenge us if necessary and to explain to us the points raised. While we welcome the opportunity provided, I know we are going against the stone wall. That is the problem in this country. This is a refusal to accept certain democratic norms and certain facts of life. That is what we see. Deliberate disinformation campaign is going on in this country. The question raised here is in regard to certain demands of the Akalis, in a section of the people in Punjab (*Interruptions*).

Listening to my friends from the other side, with the exception of Shri R.L. Bhatia and Shrimati Brar, I found that there was a woeful lack of understanding ; the kind of their involvement and partisanship can prove that they will be dan aging this country and its future. This is the campaign of disinformation which has been indulged in by the leadership, by no less a person than the leader of the ruling party, the Prime Minister. That is the gravaman of my charge to-day.

I speak with great and deep concern and anxiety about the turn of events in which the Prime Minister and various other anonymous voices behind her have been playing, particularly after the Vijayawada meeting about the elections in Jammu and Kashmir. It was said that it was the Opposition who has been playing a double game with regard to events in Punjab. They have been saying different things on different occasions. (*Interruptions*) Please listen to me for a change. They have been saying different things on different occasions and playing a double game. Few weeks ago, certain Members from that side made that charge. While I do not want to speak on behalf of the Opposition, I want to pose one question with all seriousness. What are the facts concerning the objective situation in Punjab today ? Would the Prime Minister and her spokesmen answer ? Is the situation in Punjab result of a conspiracy between certain people who are making a demand and the national Opposition forces ? If so what is the contribution made by the people who have been talking like this to diffuse the situation and again what has been the role of Hindu and Sikh extremists and the communal organisations of these communities and individuals and media in escalating the crisis in Punjab ? If you say that some people have not been helpful then some people must have been working against the interests in escalating these crisis. Who are these people ? Have you identified them ? Can you name them ?

Mr. Chairman, you will forgive me if I make a point. What has been the result and impact of infighting that has been going on. You say there is a serious situation in Punjab. Is your own party in that State united on this issue ? Unfortunately, one of your leaders, an M.P. and a former Maharaja who is not present here today what has been his role and that of his friends in fanning the flames of dis-content in that State. Has the Prime Minister been able to diffuse her own inner-party crisis in that State leave alone the problem left behind ?

Sir, it is being deliberately encouraged as communal elements are being encouraged to spread and instil poison in the system. There is some method in this madness and I repeat are the Opposition parties responsible for the situation and for this an answer has to come. That is what I call deliberate disinformation.

Sir, before we go to the background of this issue even at this late hour there was an Akali memorandum to the Central Government in 1982 or so and in January, 1983 the Prime Minister called the Leaders of the Opposition to discuss these demands. According to them at that very time there were two sets of demands—one religious and the other political, territorial and so on. Now, I am happy that at least the Minister of Home Affairs, my friend Shri Sethi is here. Even at that time many of us had said that these demands be separated. Even at that time many of us specifically suggested that all political parties in Punjab and not only Akali Dal be called to discuss what are the demands of Punjab as distinct from the

religious demands of a section of Sikh community. I hope, Sethiji, will remember that some of us had warned that blanket acceptance of these demands is likely to have dangerous consequences. For example, about the demand for relay of devotional music from the Golden temple through Jullundhur AIR, I am totally opposed to this demand. If the people in this country demand then you can have a commercial transmitter. Those who want to pay—whether Sikhs or Hindus—you can make arrangements but to allow the use or misuse of this media I am totally opposed to it and I even raised in this House the point about singing of Hindu scriptures in the morning on the AIR. If you accept such a demand then certain consequences will flow from it.

Sir, before we could discuss some of these details we were told that religious demands have been settled or are being settled. We did not realise that this was a petty manoeuvre to keep the other parties divided. Then came the tripartite talks. We do not want to raise these issues at the tripartite talks. If you want to settle something, all right. We do not want to pour oil into the situation. But then it is wrong to say that we are saying one thing there and something else outside. All these parties here have asked for clear-cut definite points of view on religious demands, on territorial demands and nobody has hidden these demands. Our response to these demands when discussed publicly or during the tripartite talks was to try to help. Mr. Bahuguna and others pointed out a little while ago, when we discussed the question of Chandigarh and the River waters, we had made it very clear that we would have to discuss this question with everyone. We tried to evolve a formula after discussions. Even on the question of Akali Dal demand for river waters, all of us opposed their demand to reopen the question of Rajasthan waters. I am sure it would be borne out by those distinguished Ministers who are present here. Then, what is that we are being accused of double game ? Would they tell us ? Is this the method of solving this problem ? Did we change the stand ? Let us be honest about it.

Sir, we discussed for hours and we are discussing this question even with the Chief Ministers and the representatives of the Opposition and I dare say it was on the verge of arriving at a solution. Now, the truth is, I regret to say, that they do not want a solution. That is very crystal clear now and you want to continue with your petty politicking. But the question I want to pose today is : how long can you carry on and mislead the people with Khalistan bogey ? These kinds of tactics are bound to bounce upon you. You cannot continue the bogey of Khalistan and mislead the people for all the time. I am not for a second to justify this small microscopic section of this country supported by certain elements outside who are making this demand. But are you serious enough and can say that the majority of Sikhs, even those who are with the Akali Party, are supporting this demand for Khalistan ? And that is what I mean by this information. Is it not that the bogey that they have raised is for certain ulterior ends ?

Who patronised the hijackers, murderers and anti-social criminals ? I know them and those who continue this activity even now. I know the Congressmen from Punjab. They will tell you if ask them who have been patronising them. Are you prepared for an enquiry ? That is why I want a White Paper. I would demand from the Home Minister to come out with a White Paper on the activities of these extremists, on Dal Khalsa, on those who are advocating for Khalistan and place it on the Table of this House. The House is entitled to know and the conntry is entitled to know these things. We should know who are the people why have been operating and supporting them. That is why I demand a White Paper on this.

My friend, Mr. Indrajit Gupta said that these are the questions of importance which arise and which can turn the entire position, which can make a deep impact on the future course of event. That is why, with great regret, he referred to the problem that many Sikh gentlemen on the roads of Haryana on the eve of the Asiad—I have been a witness to this myself—where decent and honest Sikh gentlemen, had been stopped on the roads by the Haryana Police

and asked them even to remove their 'turbans', the humiliation the Sikhs had to suffer from. You go and ask Mr. Bhajanlal. The humiliation and the insult that were meted out to Sikhs, have completely altered the outlook of many people, those who are nothing to do with the Akali demand, even those who are opposed to Khalistan demand.

Now, who is helping the Hindu Suraksha Samiti ? Who is encouraging them ? Who is Pandit Mohanlal to whom I have a great respect ?

Is he a BJP leader or is he a Congress(I) leader ? Who is Pawan Sharma ? I want my friends from the Congress(I) to please ponder over this very seriously that the lines of demarcation between Hindu communalists and certain sections of Congressmen in Punjab are fast disappearing and there is again a method of madness. In this madness there is a dangerous and devious attempt to improve the sagging electoral fortunes of this ruling Party. That is the new thrust. You can play this game. You can win an election. You can get some votes. That is why, Sir, the President of the Vishwa Hindu Parishad and Mr. Vajpayee's friend, Maharana of Udaipur, has come out with a statement that Shrimati Indira Gandhi alone can fight the anti-national elements. He said this soon after the Meerut riots. Now, he has repeated this again. Who are these anti-national elements ? The anti-national elements, according to the President of the Vishwa Hindu Parishad are the people who refuse to be Hindus who refuse to accept the big protective umbrella of Hinduism. So, he is a serious man and I know he means it seriously. That is why he says the approach behind this is—I regret to say—Hindu-Hindi-Hindustan. This is a concept which Congress had never accepted and opposed. The Nationalist Movement had opposed it, Mahatma Gandhi had opposed it, Jawaharlal Nehru had opposed it and all progressive people in the country and democratic forces in the country had opposed it. But that is exactly the electoral thrust that is being given to the strategy now.

Before I conclude, Sir, I want to say if there is deep-seated fear amongst the sections of minorities—whether they be Muslims or the Sikhs—even if it be wrong, it is the duty of those secular leadership, the national leadership, to see that they do not suffer from these infirmities.

SHRI MANI RAM BAGRI : In Punjab Hindu is in minority.

SHRI K.P. UNNIKRISHNAN : There is a genuine feeling among the section of Sikhs, whether it is right or wrong, that their distinctiveness and character may be threatened and overwhelmed. It may be wrong, but the feeling is more important.

MR. CHAIRMAN : Kindly conclude.

SHRI K.P. UNNIKRISHNAN : Therefore, we have to solve the question of deep-seated fear. Similar is the question of language and script. These are important. If some people refuse to say—as Indrajit Gupta accepted the fact—that their mother tongue is Punjabi they are only contributing to the communal factions in the State.

MR. CHAIRMAN : Kindly conclude.

SHRI K.P. UNNIKRISHNAN : Please don't disturb.

Similarly, about the question of the All India Gurudwara Act. Here I don't agree with Shri Bahuguna. Sir, Pratap Singh Kairon, the greatest leader Punjab had produced in the 20th century, the great statesman that he was, he had once made a suggestion—Mr. Buta Singh may remember—regarding the S.G.P.C. He said clearly that all political activists, whether they belong to Congress or Akali Party or any other Party, be debarred from holding any post in SGPC. The whole system of regulating the Gurudwaras under the Act of 1925 is a kind of anomaly in the context of our nation being a secular State. And to add more and take on more responsibilities can only mean getting involved in more future complications. Sir, I wish to say it was a tragic misunderstanding on the part of the States Reorganisation Commission not to have solved these questions then. And since, as somebody pointed out now, you even refused to accept or that

you have forgotten the Sacchar formula which can solve many of these questions. We have continued and we continue to be loaded with other territorial questions.

There is no question ; I regret to see how the Prime Minister could think even for a moment of dividing Chandigarh which is, above all, an internationally-accepted architectural concept to destroy which, for the sake of some kind of a political demand is a disastrous thing.

21.20 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

I would again appeal to the Home Minister. I was happy to read what he said yesterday in the Rajya Sabha. I want to repeat what I said earlier : the events in Punjab have reached a point when there is a perilous drift to the precipice. It can fracture our national cohesion, and endanger our national unity and national security. I only hope that small political considerations will not come in the way of making another serious attempt to solve this problem once and for all.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Now Mr. Sultanpuri.

श्री कृष्ण दत्त सुल्तानपुरी (शिमला) : उपाध्यक्ष महोदय, आज जब हम पंजाब पर बहस कर रहे हैं तो सोचना पड़ेगा कि यह मसला क्यों शुरू हुआ। पंजाब से ही हरियाणा निकला, हिमाचल का कुछ हिस्सा पंजाब में से निकलकर मिला, लेकिन कभी भी ऐसी नौबत नहीं आई कि हिन्दू और सिख कभी लड़े हों। लेकिन बदकिस्मती यह है कि कुछ लोग इसको उकसाते हैं राजनीतिक फायदा उठाने के लिए। प्रधान मन्त्री को बदनाम करना तो इनका काम रहा ही है, लेकिन अब तो होनहार नेता, श्री राजीव गांधी को भी बदनाम कर रहे हैं। इस तरह की बेबुनियाद बातें करना इनको शोभा नहीं देता।

जहां तक देश की हालत को बेहतर करने का सवाल है अगर पंजाब में कोई गड़बड़ होती है तो उसकी सारी जिम्मेदारी सरकार पर तो आती है, लेकिन आपका भी फर्ज होता है कि वहां के लोगों को बहकाएं या उकसाएं नहीं। आप अपने नेताओं से कहिए कि इसको बन्द करें। हमारे पंजाब के अन्दर हिन्दू और सिख कभी नहीं लड़ते थे। लेकिन आज जो हालत खराब हो रही है वह चिन्ता का विषय है। यह उग्रवादी कहां से पैदा हो रहे हैं। यह 1970 के बाद पैदा हुए। पटियाला और ईस्ट पंजाब एक स्टेट थी और उसमें आठ रियासतें शामिल की गई थीं और शिमला से लाहौलस्पीति तक सारा पंजाब में था। सन्त फतेह सिंह ने अपनी आहुती देने की बात कही एक करार रखकर, लेकिन कामरेड राम किशन की सरकार ने और कैरों साहब ने यह नहीं होने दिया। माननीय सेठी जी आप होशियार हो जाइए, यह सारे देश का मसला है और इसके लिए सख्ती से भी पेश आना पड़ा तो झिझकना नहीं चाहिए। आपको कामयाबी तब तक नहीं मिलेगी जब तक सख्त कदम नहीं उठाएंगे। सभी उग्रवादी लोगों को खत्म किया जाए चाहे वह किसी दल के हों। इसमें हमारी सुरक्षा है। कोई आदमी नहीं पकड़ा जाता है, सब गुरुद्वारों में चले जाते हैं। 3 आदमी मोटर साइकिल पर चढ़ कर निकल जाते हैं और पकड़े नहीं जाते हैं। जो पकड़े जा रहे हैं, वे सबके सब गुरुद्वारे में बैठे हैं। ऐसे धार्मिक स्थान हमको नहीं चाहिए जिसमें क्रिमिनल रहते हों, कत्ल करने वाले रहते हों। यह कोई ढंग नहीं है कि इस तरह के आदमियों को टौलरेट किया जाए। मैं सरकार से अपील करूंगा कि जहां और बातें हैं, वहां उनको भी समझना है लेकिन जो दुश्मन ताकतें हैं जो गुरुद्वारों में छिपने की कोशिश करती है और उनको बदनाम करती हैं सारे संसार में, उनसे आपको निबटना पड़ेगा, यह आपका काम है। जो बयान सरकार ने दिया वह काबिले-तारीफ है और प्रधान मंत्री जी भी इस बात के लिए चिंतित हैं कि किस तरह से इसे हल किया जाये।

आप अप्पू जयसिंह के पीछे पड़े रहे, कि वह आयेंगे तो मसला हल करेंगे। इनका अपना परिवार ठीक नहीं है। 18, 18 कुनबे का परिवार है।

जब मैं युगोस्लाविया में था तो लन्दन से वाजपेयी जी का बयान आया कि हम साउथ इंडियन को प्रधान मंत्री बनाना चाहते हैं। मैं नहीं समझता कि इन्होंने बयान दिया होगा या अखबार वालों ने अपनी मर्जी से दिया मगर अखबार वाले इनके हैं। इसलिए जो यह कहते हैं वह वे छापते हैं। मैं यह समझता हूं कि जब वे साउथ इंडियन को बनाना चाहते हैं तो कहीं कुछ करना चाहते हैं और कहीं कुछ प्रचार करते हैं और इससे इस तरह का वातावरण देश में पैदा करना चाहते हैं। इस बात को इन्हें ध्यान में रखना चाहिए कि अगर देश को आगे ले जाना है तो एकता के साथ।

हमारी सरकार ठीक कदम उठा रही है। इनको 20-सूत्री प्रोग्राम भी अच्छा नहीं लगता, प्रधान मंत्री और एम०पी० भी अच्छे नहीं लगते। ये समझते हैं कि जो काबलियत इनमें है और किसी में नहीं है। आज हमारे देश के लोग इस हाउस से यह आशा रखते हैं कि यहां से इन्साफ मिलेगा, पार्लियामेंट को सबसे बड़ी ताकत समझा जाता है।

